CMYK

अधिकतम :36°C
न्यूनतम: 20°C
सेंसेक्स 80,116.49
निफ्टी 24,328.95
सोना 98,820
चांदी 1,01,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है


# शाह टाइम्स

मेरठ, गुरुवार 24 अप्रैल 2025 मेरठ संस्करण: वर्ष 18 अंक 328 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com बैसाख कृष्ण पक्ष 12 विक्रमी सम्वत् 2082 25 शव्वाल 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**आतंकवाद के समूल नाश को लेकर सऊदी अरब ने जताई प्रतिबद्धता**

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



**केएल राहुल ने आईपीएल में हासिल की बड़ी उपलब्धि**

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

## पाकिस्तान पर डिप्लोमेटिक स्ट्राइक: सिंधु जल समझौता रद्द

# पहलगाम के बाद तीनों सेनाएं हाई अलर्ट पर

**पहलगाम हमले के बाद भारत ने लिए पांच सख्त फैसले**

- पाकिस्तान में भारतीय दूतावास बंद, पाक नागरिकों का वीजा रद्द, 48 घंटे में भारत छोड़ने के आदेश
- पाकिस्तान हाई कमीशन से पांच सपोर्ट स्टाफ हटाए गए, भारत में पाक उच्चायोग को बंद करने का निर्देश
- सुरक्षा मामलों की कैबिनेट बैठक के बाद अटारी-बाघा बॉर्डर चेक पोस्ट को बंद कर दिया गया
- हमले में पाकिस्तान का हाथ बताया, पाकिस्तान में भारतीय उच्चायोग के कर्मचारी वापस बुलाए
- पाक नागरिकों को अगले फैसले तक भारतीय वीजा नहीं मिलेगा सर्वदलीय बैठक आज बुलाई

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पहलगाम हमले के बाद भारत ने सख्त कदम उठाए हैं। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मोर्चा संभाल चुके हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में सुरक्षा मामलों की कैबिनेट (सीसीएस) की मीटिंग में 5 बड़े फैसले लिए गए हैं।

पीएम आवास पर मोदी की अध्यक्षता में सीसीएस की बैठक ढाई घंटे चली। इसमें रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, गृहमंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस. जयशंकर, एनएस अजित डोभाल समेत कई अफसर मौजूद रहे। सुरक्षा मामलों की कैबिनेट की बैठक के बाद विदेश सचिव ने कहा कि पाकिस्तान में भारतीय दूतावास को बंद करने का फैसला किया गया है। इसके अलावा भारत में मौजूद पाकिस्तानी नागरिकों को 48 घंटे में देश छोड़ने का निर्देश दिया गया है। अटारी-बाघा बॉर्डर चेक पोस्ट



को बंद कर दिया गया है। पाकिस्तान से सिंधु जल समझौता भी खत्म कर दिया गया है। पाकिस्तान हाई कमीशन से 5 सपोर्ट स्टाफ हटाए गए। भारत में पाकिस्तान उच्चायोग को बंद करने का निर्देश दे दिया गया है। तीनों सेनाएं हाई अलर्ट पर हैं। हमले में पाकिस्तान का हाथ है। पाकिस्तान में भारतीय उच्चायोग के कर्मचारी वापस बुलाए गए। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि पहलगाम आतंकी हमले में कुल 26 लोगों की मौत हुई है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि हमले में सीमा पार का हाथ है। भारत में भी पाकिस्तानी दूतावास बंद करने का फैसला लिया गया है। कहा गया है कि सात दिन में देश छोड़ें पाकिस्तानी राजनयिक। किसी भी पाकिस्तानी नागरिक को अगले फैसले तक भारतीय वीजा नहीं मिलेगा। सरकार ने गुरुवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई है। उधर, पहलगाम के बैसरन में आतंकी हमले के दूसरे दिन बुधवार को श्रीनगर से दिल्ली तक बैठकों का दौर चला। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कैबिनेट कमेटी ऑन सिक्योरिटी (सीसीएस) की बैठक की अध्यक्षता की। बैठक खत्म होने के बाद पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट कर इस बात की जानकारी दी। उन्होंने लिखा कि इस आतंकी हमले के मद्देनज़र सुरक्षा व्यवस्था, जवाबी कार्रवाई और आगे की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई।

## हमले में तीन पाक आतंकियों समेत दो लोकल भी शामिल



**नई दिल्ली।** सुरक्षा और इंटेलिजेंस एजेंसियों ने पहलगाम अटैक के संदिग्ध आतंकियों के स्केच जारी किए हैं। इनके नाम आसिफ फौजी, सुलेमान शाह और अबु तल्हा बताए गए हैं। इंटेलिजेंस सूत्रों ने बताया कि हमले का मास्टर माइंड लश्कर-ए तैयबा का डिप्टी चीफ सैफुल्लाह खालिद है, जो पाकिस्तान में मौजूद है।

शुरुआती जांच में पता चला है कि हमले में 5 आतंकी शामिल थे। इनमें से दो लोकल और 3 पाकिस्तानी आतंकी थे। हमले की जिम्मेदारी लश्कर-ए-तैयबा के प्रोक्सी विंग द रजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने ली है। पाकिस्तान के डिफेंस मिनिस्टर ख्वाजा आसिफ ने कहा कि इस हमले में हमारा कोई हाथ नहीं है। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने पूछताछ के लिए सैकड़ों लोगों को हिरासत में लिया है। नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) भी जांच के लिए पहलगाम पहुंच गई है। सोशल मीडिया पर एक तस्वीर वायरल हो रही है। बताया जा रहा है कि यह पहलगाम में हमला करने वाले 4 आतंकवादियों की तस्वीर है। हालांकि, अभी सेना या सुरक्षा एजेंसियों की तरफ से तस्वीर नहीं जारी की गई है सिर्फ संदिग्ध आतंकियों के स्केच जारी किए गए हैं। इंटेलिजेंस एजेंसियों के सूत्रों ने बताया कि 2 आतंकी पाकिस्तान के थे। 4 आतंकियों की वायरल

- **इंटेलिजेंस एजेंसियों ने पहलगाम हमले के संदिग्ध आतंकियों के स्केच जारी किए, सुरक्षा बलों ने कई लोगों को हिरासत में लिया**
- **मास्टरमाइंड लश्कर का डिप्टी चीफ सैफुल्लाह खालिद, हमले की जिम्मेदारी लश्कर-ए-तैयबा के प्राक्सी विंग द रजिस्टेंस फ्रंट ने ली**

फोटो में से एक पाकिस्तानी आतंकी बताया जा रहा है। यह द रेजिस्टेंस फ्रंट के एफटी मूसा कैडर का आतंकी है। सुरक्षा एजेंसियों ने पहलगाम हमले के संदिग्ध आतंकियों के स्केच जारी किए हैं। एजेंसियों ने हमले के चश्मदीदों की मदद से ये स्केच बनाए हैं। एजेंसियों के सूत्रों ने बताया कि इस हमले में आसिफ फौजी, सुलेमान शाह और अबु तल्हा शामिल थे। हालांकि, कौन सी तस्वीर किसकी है, यह साफ नहीं हो पाया है।

### हमले के विरोध में कश्मीर रहा बंद

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में हाल के वर्षों में नागरिकों पर हुए सबसे घातक आतंकवादी हमले के विरोध में बुधवार को पूरे कश्मीर में पूर्ण बंद रखा गया है। यह हमला अनंतनाग जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल पहलगाम के पास एक घास के मैदान में हुआ, जिसमें 26 पर्यटकों की जान चली गई। हुर्रियत नेता और मुताहिदा मजलिस-ए-उलेमा (एमएमयू) के प्रमुख मीरवाइज उमर फारूक ने भीषण हत्याओं के विरोध में बंद का आह्वान किया था। प्रमुख व्यापार निकायों, परिवहन संघों और नागरिक समाज समूहों ने भी हड़ताल का आह्वान किया था। एनसी और पीडीपी सहित मुख्यधारा के राजनीतिक दलों ने बंद को अपना समर्थन दिया।

### पर्यटकों की वापसी के लिए विशेष ट्रेन का संचालन

**नई दिल्ली।** उत्तर रेलवे ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद सैलानियों की बड़ी संख्या में वापसी के मद्देनजर श्री माता वैष्णो देवी कटरा से नई दिल्ली के लिए एक विशेष आरक्षित ट्रेन चलाने की घोषणा की है। उत्तर रेलवे ने बुधवार को यहां एक विज्ञप्ति में बताया कि रेलयात्रियों की सुविधा के लिए बुधवार को एक विशेष रेलगाड़ी का संचालन किया जा रहा है। उत्तर रेलवे के एक प्रवक्ता ने कहा कि ट्रेन सं- 04612 श्री माता वैष्णो देवी कटरा-नई दिल्ली विशेष आरक्षित रेलगाड़ी आज रात को नौ बज कर 20 मिनट पर रवाना होगी तथा मार्ग में उधमपुर, जम्मू, पठानकोट छावनी, जालंधर छावनी, ढंडारी कलां, अंबाला छावनी, कुरुक्षेत्र और पानीपत ठहरते हुए गुरुवार को सुबह साढ़े नौ बजे नई दिल्ली स्टेशन पहुंचेगी।

### एलओसी पर घुसपैठ की कोशिश नाकाम दो घुसपैठिए ढेर

**श्रीनगर।** उत्तरी कश्मीर के बारामूला जिले के उरी सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर बुधवार को घुसपैठ की कोशिश नाकाम कर दी गई। सेना ने दो आतंकवादियों को मार गिराया। यह कोशिश जम्मू-कश्मीर में नागरिकों पर सबसे घातक आतंकवादी हमले के एक दिन बाद नाकाम की गई, जिसमें अनंतनाग जिले के पहलगाम के प्रसिद्ध रिसॉर्ट के पास एक घास के मैदान में 25 पर्यटक और एक स्थानीय व्यक्ति मारे गए थे। सेना के श्रीनगर स्थित चिनार कोर ने कहा कि दो से तीन अज्ञात आतंकवादियों ने उरी नाला के पास सरजीवन के सामान्य क्षेत्र से घुसपैठ की कोशिश की। एलओसी की सुरक्षा में तैनात सतर्क सैनिकों ने इस प्रयास का पता लगाया और उसे रोक दिया, जिसके बाद गोलीबारी हुई।

### लश्कर-ए-तैयबा की तारीफ में किया था पोस्ट, युवक अरेस्ट

**बोकारो।** झारखंड के बोकारो जिले में एक शख्स को बुधवार को गिरफ्तार किया गया है। उस पर आरोप है कि उसने पहलगाम आतंकी हमले को लेकर सोशल मीडिया पर एक विवादित पोस्ट डाली थी। पुलिस के अनुसार, आरोपी की पहचान मो. नौशाद के रूप में हुई है। उस पर आरोप है कि उसने एक्स पर एक पोस्ट में पाकिस्तान और आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा की तारीफ की थी। बलीदिह थाना प्रभारी नवीन कुमार ने बताया कि उसे मिल्लत नगर से गिरफ्तार किया गया है।

### पीएम मोदी का कानपुर दौरा निरस्त

**कानपुर।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले की जघन्य घटना के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 24 अप्रैल को कानपुर का प्रस्तावित कार्यक्रम निरस्त कर दिया गया है। श्री मोदी गुरुवार को यहां 20 हजार करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास कार्यक्रम में आने वाले थे। उप्र विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने श्री मोदी के दौरे के निरस्त होने की पुष्टि करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का गुरुवार का दौरा निरस्त कर दिया गया है।

### हमलावरों के साथ-साथ साजिश रचने वालों को भी जल्द दिया जाएगा मुंहतोड़ जवाब: राजनाथ

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने पहलगाम की कायराना हरकत के खिलाफ देश को एकजुट बताते हुए पाकिस्तान का नाम लिए बिना कहा है कि न केवल यह हमला करने वालों बल्कि पर्दे के पीछे से भारत की धरती पर इस तरह की नापाक हरकत करने की साजिश रचने वालों को जल्द ही उचित जवाब दिया जाएगा। श्री सिंह ने बुधवार को यहां वायुसेना के मार्शल अर्जन सिंह की स्मृति में एक व्याख्यान देते हुए आतंकवाद को कतई न बर्दाश्त करने के भारत के दृढ़ संकल्प को दोहराया और कहा कि मोदी सरकार हर आवश्यक और उचित कदम उठाएगी। उन्होंने देशवासियों को भरोसा दिलाया पहलगाम में निर्दोष नागरिकों पर कायराना आतंकवादी हमले के लिए जिम्मेदार लोगों को जल्द ही भारतीय धरती पर उनके नापाक कृत्यों का मुंहतोड़ जवाब मिलेगा। रक्षा मंत्री ने कहा कि भारत एक पुरानी सभ्यता है और इतना बड़ा देश कभी भी किसी भी तरह की आतंकी गतिविधियों से भयभीत नहीं हो सकता। इस कायराना हरकत के खिलाफ हर भारतीय एकजुट है।

## आतंकी हमले के मद्देनजर सुरक्षा के लिए सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में दिल दहलाने वाले आतंकवादी हमले के मद्देनजर उच्चतम न्यायालय में एक जनहित याचिका दायर की गई है, जिसमें अधिक पर्यटकों वाले स्थानों पर सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम करने के लिए केंद्र के अलावा संबंधित राज्य सरकारों को निर्देश देने की गुहार लगाई गई है।

यह याचिका अधिवक्ता विशाल तिवारी ने मंगलवार को हुए पहलगाम में पर्यटकों पर आतंकी हमले की घटना के मद्देनजर दायर की, हमले में 26 लोगों की गोली मारकर हत्या कर दी गई। श्री तिवारी द्वारा दायर याचिका में प्रमुख पर्यटक स्थलों, खासकर



- **पर्यटक स्थलों पर सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम करने की लगाई गुहार**

पहाड़ी राज्यों और दूरदराज के स्थानों पर बड़ी संख्या में पर्यटकों के इकट्ठा होने वाले जगहों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश देने के लिए निवेदन किया गया है।

### पहलगाम के हमलावर आतंकियों को बख्शा नहीं जाएगा : अमित शाह

**श्रीनगर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पहलगाम आतंकवादी हमले के पीड़ितों के परिवारों और पूरे देश को बुधवार को आश्वासन दिया और कहा कि निर्दोष नागरिकों की हत्या के लिए जिम्मेदार आतंकवादियों को 'बख्शा' नहीं जाएगा। देश को झकझोर देने वाले आतंकवादी हमले के एक दिन बाद अमित शाह ने दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में पहलगाम के पास बैसरन घास के मैदानों का दौरा किया, जहां 25 पर्यटकों और एक स्थानीय निवासी की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा अधिकारियों ने उन्हें मौके पर चल रहे ऑपरेशन की परिस्थितियों और प्रगति के बारे में जानकारी दी। श्री शाह ने शोकाकुल परिजनों से भी मुलाकात की, जिनमें से कई दर्दनाक अनुभव साझा करते हुए रो पड़े। श्री शाह ने 'एक्स' पर लिखा, पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में अपने प्रियजनों को खोने का दर्द हर भारतीय को है। इस दुख को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। मैं इन सभी परिवारों और पूरे देश को भरोसा दिलाता हूं कि निर्दोष लोगों की हत्या करने वाले इन आतंकियों को बिल्कुल भी नहीं बख्शा जाएगा।

## उप्र सहित 14 राज्यों में हीटवेव का अलर्ट

नई दिल्ली, वार्ता

**मौसम विभाग** ने बुधवार को दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश सहित 14 राज्यों में हीटवेव की चेतावनी जारी की है।

इस दौरान कई राज्यों में तापमान 3.5 डिग्री तक बढ़ सकता है। उत्तर प्रदेश में अगले 5 दिन में अधिकतम तापमान 47 डिग्री पहुंचने का अनुमान है। राजस्थान के 4 जिलों में बुधवार को लू का येलो अलर्ट है। 14 शहरों में मंगलवार को अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस या उससे ऊपर पहुंच

- **छत्तीसगढ़ में लू से मजदूर की मौत**

गया। वहीं, मप्र के 6 जिलों में हीटवेव के आसार हैं। खजुराहो, नौगांव, पन्ना, सीधी में तापमान 45 डिग्री या इससे अधिक रह सकता है। उधर, छत्तीसगढ़ में बीजापुर-तेलंगाना बॉर्डर पर लू से एक मजदूर की मौत हो गई। वह मिर्ची तोड़ने के लिए तेलंगाना गया था। मौसम विभाग ने 3 दिनों तक सरगुजा संभाग, रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग संभाग के 11 जिलों में लू का येलो अलर्ट जारी किया है।

## बेल्जियम कोर्ट से लगा भगोड़े मेहुल चोकसी को बड़ा झटका

ब्रसेल्स (बेल्जियम), वार्ता

**बेल्जियम** की एक अदालत ने मंगलवार को भगोड़े हीरा कारोबारी मेहुल चोकसी की जमानत याचिका खारिज कर दी।

चोकसी 13,000 करोड़ रुपये के पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) धोखाधड़ी मामले में मुख्य आरोपी है। उसनके वकील ने यह जानकारी दी। चोकसी को 12 अप्रैल को बेल्जियम पुलिस ने एंटवर्प में गिरफ्तार किया था। यह गिरफ्तारी सीबीआई और ईडी के प्रत्यर्पण अनुरोध के आधार पर की



- **अदालत ने जमानत याचिका की खारिज**

गई थी। चोकसी के वकील विजय अग्रवाल ने कहा कि मंगलवार को अदालत की सुनवाई के दौरान उनके मुवक्किल की जमानत याचिका को खारिज कर दिया गया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि चोकसी अब जेल हिरासत से अपनी प्रत्यर्पण प्रक्रिया का विरोध करेंगे। चोकसी को पिछले साल बेल्जियम में पाया गया था, जहां वह नवम्बर 2023 में चिकित्सा उपचार प्राप्त करने के लिए पहुंचा था। चोकसी 2018 में भारत छोड़कर एंटिगुआ में रहने लगा और उसने कैरेबियाई देश की नागरिकता ले ली थी। हालांकि उसकी भारतीय नागरिकता वैध बताई जाती है।

## कुल 13.22 लाख टन अरहर की खरीद को मंजूरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने खरीफ मौसम 2024-25 में मूल्य समर्थन योजना के अंतर्गत आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, हरियाणा, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना और उत्तर प्रदेश राज्यों में कुल 13.22 लाख टन अरहर की खरीद को मंजूरी दी है।

इसके साथ ही केंद्रीय मंत्री ने किसानों के हित में आंध्र प्रदेश में खरीद अवधि को 90 दिनों से 30 दिन बढ़ाकर 22 मई तक करने को भी मंजूरी दी है। मंत्रालय ने बुधवार को यहां बताया कि आंध्र प्रदेश, गुजरात, कर्नाटक, महाराष्ट्र और तेलंगाना में

- **आंध्र में खरीद अवधि 22 मई तक बढ़ी**

नैफेड और एनसीसीएफ के माध्यम से एमएसपी पर खरीद जारी है और 22 अप्रैल तक इन राज्यों में कुल 3.92 लाख टन अरहर की खरीद की गई है, जिससे इन राज्यों के 2,56,517 किसान लाभान्वित हुए हैं। अरहर की खरीद नैफेड के ई.समृद्धि पोर्टल और एनसीसीएफ के ई.संयुक्ति पोर्टल पर पूर्व पंजीकृत किसानों से भी की जाती है। मंत्रालय के अनुसार सरकार किसानों से एमएसपी दर पर अरहर की शत-प्रतिशत खरीद करने के लिए प्रतिबद्ध है।


## राहुल गांधी के अमेरिका में दिए बयान से फिर जुबानी जंग तेज

### भाजपा ने राहुल पर देश की छवि धूमिल करने का लगाया आरोप, कांग्रेस ने अपने नेता के बयान को सही करार दिया

अबु बकर शिब्ली

**सहारनपुर।** राहुल गांधी गांधी द्वारा अमेरिका में भारतीय निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाए जाने से सियासी गलियारों में एक बार फिर जुबानी जंग तेज हो गई है। भाजपा ने राहुल गांधी पर देश की छवि धूमिल करने का आरोप लगाया है। जबकि कांग्रेस इस बयान को पूरी तरह सही करार दे रही है। लेकिन राहुल गांधी के इस बयान में अगर जरा भी सच्चाई है, तो ये भारत जैसे लोकतांत्रिक देश की निर्वाचन व्यवस्था के लिए गंभीर चिंता का विषय है।

दरअसल रविवार को अमेरिका के दौरे पर पहुंचे राहुल गांधी ने एक यूनिवर्सिटी में छात्रों को संबोधित करते हुए कहा था, हमारे लिए यह बहुत साफ था कि चुनाव आयोग समझौता कर चुका है। यह बहुत साफ है कि सिस्टम में बहुत कुछ गड़बड़ है। हमने इसे सार्वजनिक रूप से कहा है, मैंने इसे कई बार कहा है। राहुल गांधी का ये बयान आते ही राजनीति में फिर से भूचाल आ गया। भाजपा ने इस बयान



को सिरे से खारिज करते हुए इसे देश विरोधी बयान करार दिया है। जबकि कांग्रेस इसका पूरा समर्थन कर रही है।

राजनीति से इतर इस बयान पर अगर गौर किया जाए, तो ये देश के सबसे बड़े विपक्षी दल के वर्तमान निर्वाचन व्यवस्था के प्रति अविश्वास को दर्शाता है। जो किसी भी स्वस्थ लोकतंत्र के लिए अत्यंत घातक है। राजनीति की मजबूरियां अपनी जगह हैं। लेकिन अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश की राजव्यवस्था पर सवाल उठना वास्तव में चिंताजनक है। कुछ समीक्षकों का मानना है कि लोकतंत्र के प्रहरी के रूप में

- **राहुल गांधी के बयान में अगर जरा भी सच्चाई है, तो ये लोकतांत्रिक निर्वाचन व्यवस्था के लिए गंभीर चिंता का विषय**

स्थापित राष्ट्रीय निर्वाचन आयोग की निष्पक्षता पर विपक्ष में अविश्वास का माहौल होना हमारी शासन व्यवस्था की दुर्बलता को दर्शाता है। ऐसे में सत्ता पक्ष के साथ-साथ स्वयं निर्वाचन आयोग को इस प्रकार की शंकाओं का समाधान करना चाहिए।समीक्षक यहां तक कहते हैं कि यूं तो राहुल गांधी द्वारा महाराष्ट्र के चुनाव का उदाहरण के रूप में प्रयोग किया गया है। लेकिन गत लोकसभा चुनाव के तुरंत बाद आई एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिपब्लिक (एडीआर) की रिपोर्ट खुलासा करती है कि लोकसभा चुनाव में जितने वोट पड़े नहीं थे, उससे ज्यादा गिन लिए गए। जबकि 362 सीटों पर 5.54 लाख वोट कम गिने गए। रिपोर्ट में दावा किया गया था कि लोकसभा चुनावों में 362 संसदीय क्षेत्रों में पड़े कुल वोटों से 5,54,598 वोट कम गिने गए। वहीं 176 संसदीय निर्वाचन क्षेत्र ऐसे हैं, जहां पड़े कुल वोटों से 35,093 वोट अधिक गिने गए। हालांकि निर्वाचन आयोग ने इस रिपोर्ट को सिरे से खारिज कर दिया था। लेकिन इस प्रकार की रिपोर्ट्स वास्तव में एक बड़ी चुनौती की तरफ इशारा करती है। भले ही वोटों की गिनती में अंतर प्रशासनिक लापरवाही से आया हो। इसकी किसी को तो जिम्मेदारी लेनी होगी।हो सकता है कि राहुल गांधी के बयान में कोई सच्चाई न हो और ये पूरी तरह से राजनीति से प्रेरित हो। लेकिन इस मुद्दे पर जनता के मन में विश्वास बहाली जरूरी है। निर्वाचन आयोग सहित सरकार के प्रतिनिधियों को रचनात्मक रुख दिखाते हुए प्रयास करने चाहिए। इसके लिए नुक्कड़ नाटकों, जनसंचार के माध्यमों का प्रयोग कर स्पष्टीकरण दिया जा सकता है, ताकि देश की जनता का अपने मताधिकार के प्रति विश्वास बना रहे और देश स्वस्थ लोकतंत्र में आस्था बरकरार रख सके।

### आतंकी हमले के बाद यूपी में हाई अलर्ट

**लखनऊ।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद उत्तर प्रदेश में हाई अलर्ट जारी किया गया है। पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने उत्तर प्रदेश पुलिस के लिए हाई अलर्ट जारी करते हुए कहा है कि प्रदेश के सभी संवेदनशील जिलों, अन्य राज्यों के सीमावर्ती जिलों में आतंकी व अन्य संगठनों की गतिविधियों पर पैनी निगाह रखी जाए। इसके अलावा रेल, सड़क व हवाई यातायात पर अतिरिक्त सतर्कता बरतने, पूर्व में प्रकाश में आए असामाजिक, राष्ट्र विरोधी तत्वों पर विशेष नजर रखने, पर्यटकों की विशेष सुरक्षा सुनिश्चित करने, विदेशी पर्यटकों की सुरक्षा पर विशेष नजर रखने, नेपाल की अंतर्राष्ट्रीय सीमा से सटे इलाकों व बस-रेलवे स्टेशनों पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं।

# पहलगाम हमले में कांग्रेस ने बुलाई सीडब्ल्यूसी की आपात बैठक

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस ने जम्मू कश्मीर के पहलगांव में आतंकवादी हमले के मद्देनजर पार्टी की सर्वोच्च नीति निर्धारक संस्था कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की गुरुवार को आपात बैठक बुलाई है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने यह जानकारी देते हुए बताया पहलगाम में हुए भीषण आतंकवादी हमले के मद्देनजर कल, गुरुवार 24 अप्रैल को प्रात: 11 बजे 24, अकबर रोड पर कांग्रेस कार्यसमिति की आपातकालीन बैठक होगी।

गौरतलब है कि आतंकवादियों ने मंगलवार को पहलगाम में पर्यटकों पर भारी गोलीबारी कर हमला किया जिसमें बड़ी संख्या में पर्यटकों के साथ ही 28 लोगों की मृत्यु होने की खबर है। इस हमले के बाद दिल्ली, मुंबई सहित देश के विभिन्न हिस्सों में हाई अलर्ट जारी किया गया है। कश्मीर में इससे पहले बड़ा आतंकवादी हमला 2019 में पुलवामा में हुआ था।

## राहुल गांधी ने ली हमले पर ताजा स्थिति की जानकारी



**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने गृह मंत्री अमित शाह, जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और जम्मू-कश्मीर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष तारिक कर्रा से मंगलवार को पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले के बारे में बात कर ताजा स्थिति की जानकारी ली। गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट कर कहा कि गृह मंत्री अमित शाह, जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और जम्मू-कश्मीर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष तारिक कर्रा से पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले के बारे में बात की। स्थिति पर अपडेट प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि पीड़ितों के परिवार न्याय और हमारे पूर्ण समर्थन के हकदार हैं।

## पहलगाम आतंकी हमले में मृत शुभम के पिता से योगी ने व्यक्त की संवेदनाएं

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मृत कानपुर के शुभम द्विवेदी को श्रद्धांजलि अर्पित की है। उन्होंने इस दुखद घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर एक पोस्ट साझा किया। मुख्यमंत्री ने अपने पोस्ट में लिखा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में कायरतापूर्ण आतंकी हमले में जनपद कानपुर के शुभम द्विवेदी जी का निधन अत्यंत दुखद है। उन्होंने शुभम के पिता संजय द्विवेदी से फोन पर बात कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं और इस दुख की घड़ी में उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से परिवार को हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। योगी ने प्रदेश के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि शुभम द्विवेदी के पार्थिव शरीर को पूरे सम्मान के साथ उनके गृह जनपद कानपुर पहुंचाया जाए।

# पहलगाम हमला, देश का माहौल खराब करने की साजिश: मदनी

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ मुस्लिम धर्मगुरुओं ने हमले की निंदा की

पहलगाम में आतंकी हमले की इस्लामिक धर्म गुरुओं ने कड़ी निंदा की है और इसे देश के माहौल खराब करने की साजिश करार दिया।

जमीअत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने इस आतंकी हमले की निंदा करते हुए कहा कि वो मरने वालों के परिवारों के साथ खड़े हैं। उन्होंने यह भी कहा कि प्रशासन की विफलता के कारण शांति व्यवस्था को आग लगाने वाली ताकतें अपने नापाक इरादों में सफल हुई हैं। शिया मौलाना सैयद सैफ अब्बास नकवी ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमले की जितनी भी निंदा की जाए कम है, इस्लाम किसी की भी खून बहाने की इजाजत नहीं देता है, वो चाहे किसी भी धर्म का हो। पहलगाम में नाम और धर्म ही नहीं पूछा गया, बल्कि कलमा सुनने की बात भी कही जा रही है, उससे इस्लाम धर्म को बदनाम करने के साथ-साथ देश के मुसलमानों को नुकसान पहुंचाने का काम है। जमीअत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने कहा कि जमीअत उलमा-ए-हिंद विशेष रूप से धर्म के आधार पर आपराधिक कार्रवाई और देश की शांति व्यवस्था के लिए बर्बादी का कारण समझती है। आम कश्मीरियों को भी इस आतंकवादी हरकतों से नफरत और घृणा हो रही, तो वीं देश का मुसलमान भी इसके खिलाफ हैं। धर्म के नाम पर किसी को मारना और हिंसा करना सही नहीं है। देश की सामा. जिक तानाबाना बिगाड़ने की साजिश के तहत किया गया है। जमात-ए-इस्लामी हिंद के एजाज अहमद असलम ने कहा कि आतंकी हमले को किसी भी तरह से जायज नहीं ठहराया जा सकता, यह हमारे धर्म के खिलाफ है। इंडियन मुस्लिम फॉर प्रोग्रेसिव एंड रिफॉर्म के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमजे खान ने पहलगाम हमले की सख्त अल्फाजों में मजम्मत करते हुए कहा कि कश्मीर में पहली बार आतंकी हमले में धार्मिक एंगल सामने आया है। कश्मीर के माहौल में एक बेहतर सुधार हो रहा था और लोग तरक्की के साथ जुड़ रहे थे। ऐसे में पहलगाम का आतंकी हमला कश्मीर की आवाम के साथ-साथ देश के मुसलमानों के लिए भी चिंता का सबब है। आतंकियों ने जिस तरह धर्म और नाम के बुनियाद पर लोगों को मारा है, उसके जरिए सांप्रदायिक रंग देने और देश के माहौल को बिगाड़ने की गहरी साजिश नजर आ रही है। मौलाना अब्दुल हामिद नोमानी भी कहते हैं कि आतंकी हमले की जितनी भी निंदा की जाए कम है। आंतकियों ने जिस तरह से टारगेट करके लोगों को मारा है और धर्म एंगल का इस्तेमाल किया है, उससे इस्लाम को बदनाम करने के साथ-साथ देश के माहौल को बिगाड़ने की साजिश भी है। पहलगाम की आतंकी हमले से देश के हिंदू-मुस्लिम के बीच तनाव पैदा करने की आतंकवादियों की साजिश है।

पहलगाम हमले को लेकर कुछ लोग माहौल खराब करना चाहते हैं, ऐसे में हमें और समाज को होशियार रहने की जरूरत है। वहीं, मुस्लिम बुद्धजीवी कमाल फारुखी ने कहा कि इस्लाम किसी भी मजलूम और किसी भी मुसाफिर पर मारने की बात तो दूर, जुल्म करने की इजाजत नहीं देता। कश्मीर में जिस तरह से आतंकियों ने पर्यटकों को निशाना बनाया है, वो पूरी तरह से इस्लाम के खिलाफ है। धर्म का एंगल देकर आतंकियों ने देश के माहौल को बिगाड़ने की कोशिश की है। ऐसे में सरकार को आतंकियों को खिलाफ सख्त एक्शन लेने के साथ-साथ इस बात का भी ख्याल रखना चाहिए कि देश के वातावरण को कोई खराब न कर सके।

## संक्षिप्त समाचार

### यूपी के शहरों में पार्किंग हो जाएगी महंगी

**लखनऊ।** यूपी सरकार अब शहरी पार्किंग व्यवस्था को हाईटेक और स्मार्ट बनाने जा रही है। सीएम योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर नगर विकास विभाग ने इसके लिए एक विस्तृत योजना तैयार की है। इस योजना के तहत प्रमुख शहरों में सभी पार्किंग स्थल अब डिजिटल टेक्नोलॉजी से लैस किए जाएंगे। पार्किंग स्पेस पर फास्टैग सिस्टम, ई-वाहनों के लिए चार्जिंग प्वाइंट, स्वचालित टिकट डिस्पेंसर, सीसीटीवी कैमरे, डिजिटल संकेतक, बूम बैरियर और हैंडहेल्ड पीओएस डिवाइस लगाए जाएंगे। इससे लोगों को बिना लाइन लगे पार्किंग में प्रवेश और निकास की सुविधा मिलेगी।

### शॉर्ट सर्किट से लगी आग में बुजुर्ग दंपति की मौत

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के तेजी बाजार क्षेत्र में बुधवार सुबह बिजली के शॉर्ट सर्किट से लगी आग में एक बुजुर्ग दंपति की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार क्षेत्र के बनगवां गांव निवासी साधु गौतम (73) छप्पर में 70 वर्षीय पत्नी शोभावती के साथ लेटे हुए थे कि पड़ोसी अमृत लाल के घर से निकली आग की लपटों साधु के छप्पर को चपेट में ले लिया। छप्पर में लेटे शोभावती और साधु गौतम आग की चपेट में आने से बुरी तरह झुलस गए। ग्रामीणों को द्वारा किसी तरह आग पर काबू पाया गया, लेकिन छप्पर में वृद्ध होने की वजह से पत्नी निकल नहीं पाई, बचाने की कोशिश में साधु बुरी तरह झुलस गए, परिजन साधु को जिला अस्पताल लेकर गए जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

### सीजीएचएस में शुरू होगी नई डिजिटल प्रणाली

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार की स्वास्थ्य योजना (सीजीएचएस) में लाभार्थियों के लिए नई डिजिटल प्रणाली आरंभ हो रही है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने बुधवार को यहां बताया कि सीजीएचएस में स्वास्थ्य प्रबंधन सूचना प्रणाली के शुभारंभ के साथ एक बड़े डिजिटल परिवर्तन का साक्षी बन रही है। सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ़ एडवांस्ड कंप्यूटिंग (सी-डैक) का व्यापक डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म 28 अप्रैल से संचालित हो जाएगा। इसके लिए 26 अप्रैल को सीजीएचएस की डिजीटल प्रणाली बंद रहेगी।

## आतंकवादी चुनौती से निपटने को सर्वदलीय बैठक बुलाए सरकार: खड़गे

# पीएम मोदी जी आतंक का खात्मा कर दीजिए

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ पहलगाम हमले का बदला लेने के लिए कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे की मोदी सरकार से अपील

■ यह समय राजनीति करने का नहीं, न्याय दिलाने का है: कांग्रेस

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पहलगाम में हुई आतंकवादी हमले को कायराना कार्रवाई करार देते हुए इसकी कड़ी निंदा की और कहा कि सरकार को आतंकवाद से निपटने की रणनीति पर विचार करने के लिए सर्वदलीय बैठक बुलानी चाहिए।

कांग्रेस अध्यक्ष ने बुधवार को यहां जारी एक वक्तव्य में पहलगाम आतंकवादी हमले पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए घटना पर गहरा क्षोभ व्यक्त करते हुए कहा कि यह देश पर सीधा हमला है और इसकी जिम्मेदारी पाकिस्तानी आतंकवादी संगठन ने ली है, जिसका मुंहतोड़ जवाब दिया जाना चाहिए। खड़गे ने कहा कि सरकार से हम अपेक्षा करते हैं कि जब जरूरी कार्रवाई हो जाए और पूरी मालूमात हासिल हो गई हो तो, वह सभी राजनीतिक दलों को विश्वास में लेकर आतंकवाद की चुनौती से निपटने के बारे में चर्चा करेगी। उन्हें सर्वदलीय बैठक बुलाकर कुछ सलाह लेनी चाहिए। यह राजनीति नहीं है और हम इस स्थिति में राजनीति नहीं चाहते। कांग्रेस आतंकवाद को जड़ से समाप्त करने के लिए सरकार के साथ समन्वय, सहयोग और साझेदारी करने को प्रतिबद्ध है। हमने समय-समय पर आतंकवाद और अलगाववाद का डट कर मुकाबला किया है और इसके खिलाफ़ लड़ाई में हमारी शीर्ष नेतृत्व ने अपने जीवन की आहुति भी दी है। उन्होंने कहा कि कल दोपहर करीब 2.30 बजे, जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा निर्दोष पर्यटकों की हत्या से हमें गहरा दु:ख और सदमा पहुंचा है। कांग्रेस पार्टी कड़े से कड़े शब्दों में इस कायराना करवाई की निंदा करती है। यह हमला हमारे देश की एकता और अखंडता पर कायराना हमला है। वर्ष 2000 के छत्तीसिंह पुरा आतंकी हमले के बाद अब 25 साल बाद यह सबसे बड़ा हमला है, जो निर्दोष, निहत्थे नागरिकों को मारते हैं इंसान नहीं हो सकते। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि मैंने कल देर रात गृहमंत्री अमित शाह, जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुलाह और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष तथा अन्य वरिष्ठ नेताओ से बात की। ये समय कोई राजनीति करने का नहीं है, हमारे पर्यटक जो इस नरसंहार में मारे गए हैं, उनको न्याय दिलाने है। पहलगाम में अलग-अलग राज्यों के पर्यटक थे। कर्नाटक से भी मंजूनाथ राव अपनी पत्नी बच्चे के साथ वहां गए थे। उनकी इस घटना में मौत हो गई और भारत भूषण की भी इस दुख्खद घटना में जान चली गई। मैंने पीड़ितों की शोकग्रस्त पत्नियों से बात की और उन्हें अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। कर्नाटक कैबिनेट ने हमारे श्रम मंत्री संतोष लाड को भी नियुक्त किया है, जो जम्मू- कश्मीर में पीड़ितों से मिल रहे हैं और वे कर्नाटक से आए लगभग 200 पर्यटकों से भी मिल रहे हैं और उनके लिए वापस आने की उड़ानों की व्यवस्था भी कर रहे हैं।

### जम्मू-कश्मीर सरकार ने पहलगाम हमले के पीड़ितों के परिवारों को की सहायता राशि देने की घोषणा

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर सरकार ने बुधवार को पहलगाम आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों के परिवारों को 10-10 लाख रुपये और गंभीर रूप से घायलों को दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। अनंतनाग जिले में सुप्रसिद्ध पहलगाम रिसॉर्ट के पास एक मैदान में मंगलवार को हुए आतंकवादी हमले में कम से कम 25 पर्यटक और एक स्थानीय व्यक्ति की मौत हो गई थी, जो हाल के वर्षों में इस तरह का सबसे जघन्य हमला है। कश्मीर में शोक की लहर है, श्रीनगर के कई अखबारों ने पीड़ितों के लिए न्याय की मांग करते हुए पहले पन्ने पर संपादकीय प्रकाशित किए हैं।

### घाटी से पर्यटकों का पलायन दिल दहला देने वाला: उमर अब्दुल्ला

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को कहा कि पहलगाम में हुए घातक आतंकवादी हमले के बाद घाटी से पर्यटकों का पलायन करते देखना दिल दहला देने वाला है। गौरतलब है कि पहलगाम के पास सुंदर बैसरन घाटी में मंगलवार को हुए इस हमले में 27 लोग मारे गए हैं और कई अन्य घायल हुए हैं। इस घटना से पर्यटकों में व्यापक दहशत फैल गई है, जिनमें से कई अब जल्द से जल्द घर लौटना चाहते हैं। निकासी प्रयासों में सहायता के लिए एयर इंडिया और इंडिगो ने बाहर जाने वाली यात्राओं में वृद्धि को समायोजित करने के लिए चार अतिरिक्त उड़ानों के संचालन की घोषणा की है। उमर ने कहा कि नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) और नागरिक उड्डयन मंत्रालय अतिरिक्त उड़ानों का आयोजन करने के लिए काम कर रहे हैं, जबकि श्रीनगर और जम्मू के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग-44 को एक ही दिशा में यातायात के लिए फिर से शुरू कर दिया गया है। उमर ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि कल पहलगाम में हुए दुखद आतंकवादी हमले के बाद हमारे मेहमानों का घाटी से पलायन देखना दुखद है।

# दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो: आरएसएस

**नई दिल्ली, वार्ता**

■ पहलगाम आतंकी हमले पर बोले प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर

पहलगाम आतंकी हमले पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने कहा कि कल जम्मू-कश्मीर में हुआ हमला बेहद निंदनीय है। सभी मतभेदों को भुलाकर एक साथ आना चाहिए, क्योंकि यह देश की एकता और अखंडता का मुद्दा है। उन्होंने कहा कि हमले के दोषियों के खिलाफ उचित और ठोस कार्रवाई की जानी चाहिए और उन्हें निश्चित रूप से दंडित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि उन्हें लगता है कि इस हमले के बाद सरकार इस दिशा में कदम उठा रही है।

उन्होंने कहा कि जिस तरह से एक-एक को पहचान कर मारा गया, यह बहुत ही ज्यादा गुस्सा दिलाने वाली बात है। जिस तरह से कट्टरपंथी इस्लामिक ताकतों ने षड्यंत्र किया है, जो निसहाय और निशस्त्र यात्री थे, उनके ऊपर हमला किया गया है। इसका सभी को निंदा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अपने सारे भेदभाव भूलकर सभी को एकसाथ आना चाहिए। सरकार को भी पीड़ितों की मदद करनी चाहिए और उनको न्याय मिलना चाहिए, लेकिन सही न्याय वह होगा, जो दोषी हैं, उनके खिलाफ कार्रवाई हो।

### हमला कायरतापूर्ण और सभ्य समाज पर धब्बा: बीजेपी

**लखनऊ।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए कायराना हमले की उत्तर प्रदेश भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र चौधरी ने कड़ी निंदा करते हुए इसे सभ्य समाज के लिए अत्यंत दुखद बताया है। उन्होंने कहा कि यह पहली बार है, जब आतंकियों ने नाम और धर्म पूछकर निर्दोष लोगों की हत्या की है। यह घटना न केवल अमानवीय है, बल्कि पूरी मानवता को शर्मसार करने वाली है। भूपेंद्र चौधरी ने मारे गए लोगों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की और कहा कि केंद्र सरकार इस घटना को हल्के में नहीं ले रही है। उन्होंने आश्वस्त किया कि हमारी सरकार इस नृशंस हत्याकांड में शामिल आतंकियों के खिलाफ ऐसी कार्रवाम्र करेगी, जो एक नज़ीर बनेगी। उन्होंने कहा कि आतंकवादियों और उनके आकाओं को जहां कहीं भी छिपे होंगे, उन्हें चुन-चुनकर सजा दी जाएगी।

## अर्थ व्यापार

# चीन पर आयात शुल्क में कमी के संकेत से चढ़ा शेयर बाजार

**मुंबई, वार्ता**



■ सेंसेक्स 80,116.49 अंक पर पहुंच गया

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के चीन से होने वाले आयात पर शुल्क (टैरिफ) में कमी किए जाने के संकेत से स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफा लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार लगातार सातवें कारोबारी सत्र में लंबी छलांग लगाकर बंद हुआ।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 520.90 अंक अर्थात 0.65 प्रतिशत की तेजी के साथ करीब सत्रह सप्ताह के उच्चतम स्तर एवं 80 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 80,116.49 अंक पर पहुंच गया। इससे पहले 18 दिसंबर 2024 को यह 80,182.20 अंक पर रहा था। इसी तरह एनएसई का निफ्टी 161.70 अंक यानी 0.67 प्रतिशत की मजबूती के साथ 24328.95 अंक पर रहा। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 0.94 प्रतिशत की छलांग लगाकर 43,660.36 अंक और स्मॉलकैप 0.26 प्रतिशत चढ़कर 49,272.64 अंक हो गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4106 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2078 में लिवाली जबकि 1873 में बिकवाली हुई, वहीं 155 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कारोबार के लिए रखी गई कुल 2931 कंपनियों में से 1516 में तेजी जबकि 1340 में गिरावट रही वहीं 75 में टिकाव रहा। बाजार विश्लेषकों के अनुसार ट्रम्प ने संकेत दिया कि उनकी फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष को हटाने की कोई योजना नहीं है, जिससे मौद्रिक नीति की स्थिरता को लेकर बनी अनिश्चितता कम हुई। इसके साथ ही उन्होंने चीन पर लगाए गए टैरिफ को कम करने की संभावनाएं भी जताईं। इससे वैश्विक आर्थिक तनावों को कम करने की उम्मीद जगी और इससे बाजारों में तेजी देखने को मिली।

## फेडरेशन ऑफ सदर बाजार ट्रेड्स एसोसिएशन ने पहलगाम हमले के विरोध में किया प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** फेडरेशन ऑफ सदर बाजार ट्रेड्स एसोसिएशन के चेयरमैन परमजीत सिंह पम्मा और अध्यक्ष राकेश यादव के नेतृत्व में व्यापारियों ने बुधवार को सदर बाजार कुतुब रोड चौक पर काली पट्टी बांधकर जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए कायराना आतंकवादी हमले के विरोध में प्रदर्शन किया। आज सुबह दुकान खुलते ही सैकड़ों व्यापारी कुतुब रोड चौक पर इकट्ठा हो गए। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने पाकिस्तान के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने बेगुनाह का खून बहाना बंद करो, दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करो जैसे नारे लगाए। इस दौरान पम्मा और यादव ने कहा कि पाकिस्तान और आतंकवादी कश्मीर में दहशत का माहौल पैदा करना चाहते हैं।

# वनस्पति तेल, चना और दाल चना महंगी

**नई दिल्ली, वार्ता**



विदेशी बाजारों में तेजी जारी रहने के बावजूद स्थानीय स्तर पर मांग निकलने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में वनस्पति तेल, गुड़, चीनी, चना और दाल चना महंगी हो गई जबकि अन्य जिंसों के भाव स्थिर रहे।

**तेल-तिलहन:** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 37 रिंगिट बढ़कर 4145 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.25 सेंट की बढ़त लेकर 48.28 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में वनस्पति तेल में 1630 रुपये प्रति क्विंटल की उछाल को छोड़कर अन्य खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड और पाम ऑयल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में तेजी रही। इस दौरान चीनी 100 रुपये और गुड़ 150 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हो गया। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में चना और दाल चना में 100-100 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी को छोड़कर अन्य दालों में टिकाव रहा। इस दौरान मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे। अनाज: अनाज मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 5850-5950, दाल चना 6850-6950, मसूर काली 7550-7650, मूंग दाल 9550-9650, उड़द दाल 9000-9100, अरहर दाल 8500-8600 रुपये प्रति क्विंटल रहे। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपये और चावल 3450-3550 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़ : चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4500-4600, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4400-4500 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।

# अखिलेश ने दलितों के अपमान में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी : असीम अरुण

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार में समाज कल्याण मंत्री और पूर्व आईपीएस अधिकारी असीम अरुण ने समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि सपा प्रमुख ने सत्ता रहते दलितों का अपमान करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। उन्होंने अखिलेश को 'बांटने वाली राजनीति' का प्रतीक बताते हुए कहा कि ऐसी राजनीति की वजह से ही जनता ने उन्हें पूरी तरह नकार दिया और वे आज राजनीतिक हाशिए पर पहुंच गए हैं। उन्होंने कहा कि सपा के ज्यादातर लोगों को निर्देश दिए गए हैं कि दूध में नींबू डालने का काम करो, यानी समाज को बांटो और जहर घोलो। लेकिन अब उत्तर प्रदेश की जनता जागरूक है। असीम अरुण ने कहा कि समाजवादी पार्टी का दलित प्रेम सत्ता से बाहर होने के बाद ही जागा है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब अखिलेश यादव मुख्यमंत्री थे, तब उन्होंने दलित महापुरुषों के नाम पर बने जिलों और संस्थानों के नाम बदल दिए। भीम नगर, महामाया नगर, ज्योतिबा फुले, संत रविदास, यहां तक कि भगवान बुद्ध की माता महामाया जी के नाम पर कलम चला दी। क्या यह सम्मान है। नहीं, यह सामा. जिक चेतना का अपमान है। पूर्व आईपीएस अधिकारी होने के नाते असीम अरुण ने पुलिस पोस्टिंग को लेकर भी बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा कि सपा शासन में अनुसूचित जाति और जनजाति वर्ग के अधिकारियों को नियम के बावजूद थानों और तहसीलों में पोस्टिंग नहीं दी जाती थी। उन्होंने कहा कि जब उनके हाथ में पावर थी, तब दलितों के हक मारे गए। लेकिन आज पोस्टिंग काबिलियत के आधार पर हो रही है। जो निकम्मे हैं उन पर कार्रवाई हो रही है और जो मेहनती हैं, उन्हें प्रशिक्षण और संसाधन मिल रहा है। मंत्री असीम अरुण ने कहा कि उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में छात्रवृत्ति वितरण के क्षेत्र में ऐतिहासिक काम हुआ है।

# यूपी में 51 डीलरों व 28 सहायक संभागीय परिवहन अधिकारियों को नोटिस जारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में वाहन पंजीकरण व्यवस्था को समयबद्ध, पारदर्शी और नागरिकों के अनुकूल बनाए रखने के लिए परिवहन विभाग द्वारा डीलर प्वाइंट पंजीकरण प्रणाली की नियमित समीक्षा की जा रही है।

जनवरी से मार्च 2025 के मध्य वाहन 4-0 पोर्टल पर दर्ज डाटा के विश्लेषण से निर्धारित प्रक्रिया का पालन न करने वालों पर कार्रवाई की गई। जांच में पता चला कि कई डीलरों द्वारा बिना पंजीकरण वाहन स्वामियों को वाहन सुपुर्द किए गए, आवश्यक दस्तावेज अपूर्ण या अपठनीय रूप में पोर्टल पर अपलोड किए गए और विभागीय निर्देशों की अनदेखी की गई। इसके अतिरिक्त एआरटीओ कार्यालय स्तर पर फाइलों की उचित निगरानी नहीं की गई, जिसके कारण पंजीकरण फाइलें लंबित रहीं। इन लापरवाहियों के आधार पर प्रदेश के 51 डीलरों को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं, जिनमें राजधानी लखनऊ का एक प्रमुख डीलर भी शामिल है। सभी डीलरों से 14 दिवस के भीतर स्पष्ट व संतोषजनक उत्तर प्रस्तुत करने को कहा गया है अन्यथा उनके ट्रेड सर्टिफिकेट के निल. बन अथवा निरस्तीकरण की विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। इन प्रकरणों में संबंधित जिलों के परिवहन कार्यालयों की प्रशासनिक उदासीनता भी उजागर हुई है। कई स्थानों पर एआरटीओ स्तर पर पंजीकरण फाइलों की लंबितता, त्रुटिपूर्ण फाइलों की स्वीकृति अथवा अनुपालन की समीक्षा न करना सामने आया है। इस कारणवश विभाग द्वारा 28 सहायक संभागीय परिवहन अधिकारियों को भी कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। परिवहन आयुक्त ब्रजेश नारायण सिंह ने कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप विभाग का मुख्य उद्देश्य नागरिकों को समयबद्ध और निर्बाध सेवा देना है। किसी भी स्तर पर लापरवाही को गंभीरता से लिया जाएगा और दोषी व्यक्तियों अथवा संस्थाओं के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।ह परिवहन आयुक्त ने स्पष्ट किया कि वाहन पंजीकरण से संबंधित सेवाएं आम नागरिकों से सीधे जुड़ी हैं।

## उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, उत्तराखंड की 14,000 करोड़ की 17 बड़ी परियोजनाओं की समीक्षा

**नई दिल्ली।** उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के सचिव अमरदीप भाटिया की अध्यक्षता में यहां वरिष्ठ अधिकारियों की एक बैठक में उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब और उत्तराखंड राज्यों में अवसंरचना विकास की 17 वृहद परियोजनाओं की समीक्षा की गई। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की बुधवार को जारी एक विज्ञप्ति के अनुसार इन परियोजाओं की कुल अनुमानित लागत 14,096 करोड़ रुपये है। इनकी समीक्षा के लिए परियोजना निगरानी समूह (पीएमजी) के तत्वावधान में आयोजित बैठक में केंद्रीय मंत्रालयों, राज्य सरकारों और परियोजना समर्थकों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में इन परियोजनाओं से जुड़े 19 मुद्दों की समीक्षा की गई और अंतर-मंत्रालई और अंतर-राज्य समन्वय को बढ़ाकर इनके कार्यान्वयन की चुनौतियों के त्वरित समाधान पर चर्चा की गई।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काज़ीज़ादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
हैल्थ प्लस सिरप
खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# तार की चिंगारी से दो बीघा गेहूं की फसल जलकर राख

## पीड़ित किसान ने बिजली विभाग के अधिकारियों पर लगाया आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम अमीनाबाद उर्फ बड़ा गांव में बिजली के तार की चिंगारी से एक किसान की गेहूं की फसल जलकर राख हो गई पीड़ित ने विद्युत विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए मुआवजे की मांग की है।

**किसान कई बार अधिकारियों से जर्जर तारों की कर चुका है शिकायत**

ग्राम अमीनाबाद उर्फ बड़ागांव निवासी समीर खान जो होमगार्ड में तैनात है उसके खेत के ऊपर से 11 हजार की लाइन जा रही है बुधवार दोपहर अचानक तारों से निकली चिंगारी गेहूं की फसल के ऊपर गिर गई जिससे खेत में आग लग गई मौके पर पहुंचे सैकड़ो ग्रामीणों ने किसी तरह से आग पर काबू पाया मगर तब तक लगभग दो बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। समीर ने बताया कि उसके खेत के ऊपर जो 11 हजार की लाइन जा रही है उसके तार बहुत ढीले और जर्जर है जिसकी वह अनेक बार विद्युत विभाग में शिकायत कर चुका है मगर कोई कार्यवाही नहीं हुई। विद्युत विभाग की लापरवाही के कारण बुधवार को उसकी फसल में आग लग गई पीड़ित ने मुआवजा दिलाने की मांग की है।



# सिटी वोकेशनल में मनाया गया विश्व पृथ्वी दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कैंट स्थित सिटी वोकेशनल पब्लिक स्कूल में विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण को समर्पित एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय निदेशिका डॉ. हिमानी अग्रवाल, प्रधानाचार्य एन. पी. सिंह ने शिक्षकों तथा विद्यार्थियों के साथ मिलकर औषधीय एवं अन्य विभिन्न प्रकार के पौधे लगाए। इस पहल का उद्देश्य हरित वातावरण को बढ़ावा देना एवं छात्रों में प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी की भावना को जागृत करना था। छात्रों ने एक विशाल जागरूकता रैली निकाली। जिसमें शिक्षक शिक्षिकाओं ध्वनि जैन, मोनिका मावी, सौम्या भाटिया, शिवानी मल्होत्रा, सतीश कुमार यादव, अनुज शर्मा, अब्दुल नईम, सल्तनत एवं तुषार चौधरी के कुशल नेतृत्व में विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण, रीसायक्लिंग तथा प्लास्टिक के दुष्प्रभावों से संबंधित संदेशों के साथ पोस्टर और बैनर लेकर जनमानस को जागरूक किया। रैली के दौरान छात्रों ने रीसायकिल कप तथा अन्य पुन: उपयोगी वस्तुओं का वितरण कर यह बताया कि किस प्रकार छोटी-छोटी आदतें धरती को बचाने में बड़ा योगदान दे सकती हैं।




# सपा ने आतंकवाद का पुतला फूंका, कांग्रेसियों ने मोमबत्ती जलाकर दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** महानगर कांग्रेस कमेटी द्वारा बच्चा पार्क पर पहलगाम में निर्दोष सैलानियो पर हुए आतंकी हमले के विरोध में महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रंजन शर्मा के नेतृत्व में मोमबत्ती जलाकर शहीद सेलनियों को पुष्पजलि अर्पित की।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि यह हमला मानवता के ऊपर एक करारा प्रहार है, जिसने देश को झकझोर दिया है। हमारे दिलों में असहनीय पीड़ा है। हम इस दुखद घड़ी में शोक. ाकुल परिवारों के साथ खड़े हैं। हम पूरी मजबूती के साथ आतंक के खिलाफ एकजुट होकर लड़ेंगे। देश कि सुरक्षा सर्वोपरि है, हम केंद्र सरकार से इसे सुनिचित करने के लिये सुधारात्मक उपाय करने का आग्रह करते है। वहीं सपा कार्यकर्ताओं ने भी आतंकवाद का पुतला दहन किया जिलाध्यक्ष विपिन चौधरी ने कहा कि पुलवामा में दिल को झकझौर देने वाली घटना हुई। समाजवादी पार्टी इसका पूरजोर विरोध करती है। उन्होंने मांग की है कि आतंकवाद पर तत्काल सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए।






# डीमोंटफोर्ट एकेडमी में पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों को दी श्रद्धांजलि



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** डीमोंटफोर्ट एकेडमी में बुधवार को एक विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। जिसमें श्रीनगर के पहलगाम क्षेत्र में हुए आतंकी हमले के पीड़ितों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। प्रात कालीन सभा में विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों एवं स्टाफ सदस्यों ने दो मिनट का मौन रखकर व मोमबत्तियां जलाकर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर अकादमिक निदेशक डॉ. के.के. शर्मा एवं प्रधानाचार्य डॉ. समीर वर्मा उपस्थित रहे। विद्यालय परिवार ने इस कार्यतापूर्ण हमले की कड़े शब्दों में निंदा की एवं मृतकों की आत्मा की शांति और शोक-संतप्त परिवारों को धैर्य प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

# शोभित विवि में जल एवं अपशिष्ट जल प्रबंधन विषय पर विशेषज्ञ व्याख्यान का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शोभित विश्वविद्यालय, मेरठ में आज जल एवं अपशिष्ट जल प्रबंधन विषय पर एक उच्च स्तरीय व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों, शोधार्थियों एवं शिक्षकों को जल संरक्षण, पुनर्चक्रण और अपशिष्ट जल प्रबंधन की नवीनतम तकनीकों व नीतियों से परिचित कराना था।

कार्यक्रम में पोल्लुकॉन टेक्नो लॉजीज लिमिटेड, नोएडा के निद. ेशक ई.एस.के. सिंह ने मुख्य वक्ता के रूप में अपने व्याख्यान में बताया कि जल ही जीवन का मूल स्रोत है और यदि हम इसे संरक्षित नहीं करेंगे तो आने वाली पीढ़ियों को गहरे जल संकट का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने अपशिष्ट जल के वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक प्रबंधन, औद्योगिक क्षेत्रों में जल पुनर्चक्रण की संभावनाओं तथा जल की गुणवत्ता बनाए रखने के उपायों पर विस्तृत प्रकाश डाला। संगोष्ठी में विद्यार्थियों ने गहरी रुचि दिखाई और व्यावहारिक दृष्टिकोण से कई प्रश्न भी पूछे, जिनका विशेषज्ञ द्वारा प्रभावशाली उत्तर दिया गया। कार्यक्रम ने यह सिद्ध किया कि उच्च शिक्षा संस्थानों की भूमिका केवल शिक्षण तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज में पर्यावरणीय चेतना जागृत करना भी उनका उत्तरदायित्व है।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. डॉ. वी.के. त्यागी ने कहा कि जल प्रबंधन केवल तकनीकी विषय नहीं, बल्कि नैतिक जिम्मेदारी भी है। हमें अपने छात्रों को इस दिशा में न केवल जागरूक बनाना है, बल्कि उन्हें समाधान का हिस्सा भी बनाना है। इस प्रकार की विशेषज्ञ संगोष्ठियां छात्रों में व्यावहारिक दृष्टिकोण और समाज के प्रति उत्तरदायित्व को विकसित करने में सहायक होती हैं। कार्यक्रम का संयोजन राजकिशोर सिंह द्वारा किया गया। संगोष्ठी सफल बनाने में विश्व. विद्यालय के कुलसचिव डॉ. गणेश भारद्वाज, डॉ. दिव्य प्रकाश, डॉ. मो. निका चौधरी, डॉ. ज्योति शर्मा, तथा डॉ. आर.के. जैन एवं विश्वविद्यालय छात्रों की प्रमुख भूमिका रही।



# बाल विवाह कराने वालो को होगा दो साल का कारावास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** जिला प्रोबेशन अधिकारी जिला बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी अतुल कुमार सोनी ने बताया कि बाल विवाह अधिनियम 2006 के प्रावधान के अन्तर्गत 18 वर्ष से कम आयु की लड़की एवं 21 वर्ष से कम आयु के लड़के का विवाह करना कराना कानूनी अपराध है। यदि कोई नाबालिग का विवाह करता कराता है या उसमें शामिल होता है तो उनके विरूद्ध कार्यवाही होगी। बाल विवाह सम्पन्न कराने वाले प्रत्येक व्यक्ति के विरूद्ध एक लाख का जुर्माना व दो वर्ष के कारावास का प्रावधान है। उन्होंने धार्मिक स्थल के पण्डित, पुजारी, मौलवी एवं आर्य समाज मंदिरों, वैवाहिक आयोजन कराने वाले प्रिन्टिंग प्रेस, टैन्ट व्यवसायी, मैरिज हॉल, बैण्ड बाजा, कैटर्स फोटो ग्राफर, इत्यादि व्यक्तियों एवं संस्थाओं से भी अपेक्षा की है कि वैवाहिक आयोजन से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि वधू की आयु 18 वर्ष एवं वर की आयु 21 वर्ष से कम न हो।

# अर्थ को स्वस्थ रखने में बच्चे निभा सकते हैं अहम भूमिका : डॉ. ओमपाल सिंह



तक्षशिला पब्लिक स्कूल में अर्थ दिवस की जानकारी लेते छात्र।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कंकरखेड़ा स्थित तक्षशिला पब्लिक स्कूल में मंगलवार को विश्व अर्थ दिवस को धूमधाम से मनाया गया। स्कूल के चेयरमैन डॉ. ओमपाल सिंह ने बच्चों को बताया कि किस तरह से वे कुछ बदलाव लाकर ग्लोबल वार्मिंग को कम कर सकते हैं।

जिसमें मुख्यत: हर जन्म दिवस पर एक पौधा लगाना, घर व कार में एसी का कम प्रयोग करना, रेफ्जिरेटर को कम से कम तीन घंटे के लिए बंद करना, पॉलीथिन का कम प्रयोग करना आदि शामिल हैं। स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. प्रवीन कुमार पथरा बच्चों को अर्थ को स्वस्थ रखने की शपथ के साथ कार्यक्रमों का शुभारम्भ किया तथा ग्लोबल वार्मिंग से होने वाले बदलावों से अवगत कराया व उन्हें जानकारी दी। ईको क्लब के बच्चों ने सभी को अर्थ को प्रदूषण से दूर रखने के उपाय सुझाये।

# रालोद महिला विंग की जिलाध्यक्ष बनने पर अंजू चौधरी को मिली बधाई



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बुधवार को 299 क्लेमेंट स्ट्रीट जिला कार्यालय में नारी शक्ति संगठन राष्ट्रीय लोकदल की राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीषा अहलावत द्वारा मेरठ में राष्ट्रीय लोकदल के नारी शक्ति संगठन का विस्तार करते हुए जिला अध्यक्ष का पद भार अंजू चौधरी को सौपा गया।

पूनम भसीन को राष्ट्रीय सचिव एवम पूर्व जिला अध्यक्ष बीना सिंह को प्रदेश महासचिव के पद पर प्रोन्नत किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह के निर्देशानुसार बाबा साहेब अंबेडकर की जयन्ती '14 अप्रैल' से 6 महीने तक हमारे सभी कार्यकर्ता गांव, शहर और कस्बों में जाएंगे और लोगों को पार्टी का सक्रिय सदस्य बनायेंगे। इसी मिशन को आगे बढ़ाते हुए नारी शक्ति संगठन ने भी सदस्यता अभियान शुरू किया है जिसके फलस्वरूप कई महिलाओं ने राष्ट्रीय लोकदल की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर राष्ट्रीय सचिव भावना यादव, जिला अध्यक्ष गाजियाबाद सुमन चौधरी, महानगर अध्यक्ष गाजियाबाद राखी, दौराला ब्लॉक अध्यक्ष कौशल, दौराला ग्राम अध्यक्ष ज्योति, शिखा लोहान, सोनिया रानी, सोनाली, नीलम तोमर, नीलम पनवार, शालू मलिक, अनीता, शालू आदि उपस्थित रहे।

# शनिवार को विशेष लोक अदालत का होगा आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सिविल जज सी0डि0 प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मेरठ ने बताया कि उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के पत्र के अनुसार एवं कार्यपालक उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत से पूर्व 26 अप्रैल को विशेष लोक अदालत लगाकर विद्युत अधिनियम 2003 के अंतर्गत शमनीय दाण्डिक एवं आपराधिक वादो का निस्तारण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। उन्होंने बताया कि उक्त के क्रम में राष्ट्रीय लोक अदालत से पूर्व 26 अप्रैल को विशेष लोक अदालत लगाकर विद्युत अधिनियम 2003 के अंतर्गत शमनीय दाण्डिक एवं आपराधिक वादो का निस्तारण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि लोक अदालत में कई प्रकार के मामले निपटाए जाएंगे। यह अदालत केवल और केवल जनता के फायदे के लिए लगाई जाती है। इससे सबसे अधिक फायदा जनता को ही मिलता है।

# सरधना में मुस्लिम समाज ने आतंकी हमले का किया विरोध

## पुलिस चौकी चौराहे पर कैंडिल जलाकर दी आतंकी हमले में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की मुस्लिम समाज ने भी कड़े शब्दों में निंदा की है। बुधवार देर शाम पुलिस चौकी चौराहे पर मुस्लिम समाज के लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। साथ ही कैंडल जलाकर आतंकी हमले में मारे गए लोगों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। लोगों ने भारत सरकार से आतंकियों के खिलाफ सख्त एक्शन लिए जाने की मांग की।

देर शाम मुस्लिम समाज के लोग पुलिस चौकी चौराहे पर एकत्र हुए। सभी ने कड़े शब्दों में आतंकवादी हमले की निंदा की। कहा कि कश्मीर के पहलगाम में इंसानियत की हत्या की गई है। इस घटना को अंजाम देने वालों से सख्ती से निपटा जाए। सभी को फांसी पर चढ़ा देना चाहिए। अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार रखे। बाद में सभी ने कैंडिल जलाकर व दो मिनट का मौन धारण कर आतंकी हमले में मारे गए लोगों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर समर कुरैशी, एनुद्दीन शाह, नईम प्रधान, हाफिज मोबीन, जीशान कुरैशी, आशिक अली, हाजी चांद, अशरफ गुर्जर, जावेद सईद, रिहान मलिक, जियाउर्रहमान, शान कुरैशी आदि मौजूद थे। वहीं पहलगाम में हुए हमले के बारे में मुस्लिम समाज के लोगों ने कहा कि यह इंसानियत की हत्या है। कार्रवाई होनी चाहिये।



# मामूली विवाद में कार सवार युवकों को बेरहमी से पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** मंगलवार रात बिनौली बस स्टेंड के निकट मामूली विवाद में कुछ युवकों ने कार सवार युवकों को बेरहमी से पीटा। चीख पुकार सुनकर लोग आए तो आरोपी फरार हो गए। पीड़ितो ने थाने में घटना की तहरीर दी है। मिली जानकारी के अनुसार पांचली बुजुर्ग गांव निवासी अनस पुत्र यूनुस दूध का व्यापार करता है। मंगलवार रात वह अपनी वैगनआर कार में सवार होकर जेवरी से साथी साहिल पुत्र खालिद, चाहत पुत्र अन्ने हसन के साथ वापस लौट रहा था। बिनौली रोड चौराहे पर वे एक दुकान से सामान लेने के लिए रुक गए। जैसे ही उन्होंने गाड़ी की खिड़की खोली तो वहां खड़े युवक के लग गई। इस बात को लेकर युवक ने उनके साथ गाली गलौच कर दी। विरोध करने पर आरोपी ने अपने साथियों को बुला लिया। इसके बाद उन्होंने कार सवार युवकों पर हमला कर दिया। आरोपियों ने तीनों को दौड़ा दौड़ा कर पीटा। भीड़ बढ़ने पर आरोपी धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ितो ने थाने पहुंचकर पुलिस को मामले से अवगत कराया, साथ ही तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया।

# पहलगाम आतंकी घटना पर खैरनगर व्यापारियों ने किया दुख व्यक्त



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** पहलगाम में हुए आतंकवादी घटना में मारे गए भारतीयों की शहादत में खैर नगर दवा बाजार में शोक सभा का आयोजन किया गयास व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान बंद कर दुख व्यक्त करते हुए देश के प्रधानमंत्री, रक्षा मंत्री और गृह मंत्री से मांग की है की आतंकवादी घटना दोबारा ना हो इसके लिए कड़े कदम उठाए जाने चाहिए।

व्यापारियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की और इसके बाद निर्णय लिया कि आज पूरा दिन बाजार बंद कर इसका विरोध किया जाएगा। उन्होंने बताया है कि जिस तरह कश्मीर में पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों पर आतंकवादियों ने हमला कर उनकी हत्या की है वह घोर निंदनीय है। हम उनको जवाब देने में पूर्ण रूप से सक्षम भारतीय सेवा कोआदेश दिया जाए कि ऐसे लोगों का वह हाल करें कि भविष्य में कोई भी दुश्मन भारत देश की तरफ आंख उठाकर भी ना देखें, जब तक पूर्ण रूप से शांति ना हो जाए वहां पर पर्यटन पर बैन लगा देना चाहिए। इस दौरान रजनीश कौशल, राजीव ग्रोवर, सुनील अग्रवाल, हेमंत बंसल, गुड्डू, मनोज आदि उपस्थित रहे।

# यूपीकैटेट इण्टरमीडिएट उत्तीर्ण छात्रों के लिए कृषि के क्षेत्र में कैरियर बनाने का सुनहरा अवसर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ के कुलसचिव डॉ. रामजी सिंह ने बताया कि राज्य कृषि विश्वविद्यालयों में छात्रों का प्रवेश प्रदेश स्तरीय उत्तर प्रदेश संयुक्त कृषि एवं प्रौद्योगिकी प्रवेश परीक्षा (यूपीकैटेट) 2025 के माध्यम से होता है। इस वर्ष यूपीकैटेट 2025 में प्रवेश परीक्षा का आयोजन कृषि विश्वविद्यालय कानपुर द्वारा कराया जा रहा है जिसमे आनलाइन आवेदन प्रक्रिया 17 मार्च 2025 से ही प्रारंभ की जा चुकी है तथा आवेदन की अंतिम तिथि 7 मई 2025 है। उन्होंने बताया कि विद्यार्थियों में सूचना के अभाव में ज्यादातर छात्र इस परीक्षा को देने से वंचित रह जाते है जिससे उनके हाथ से एक सुनहरा अवसर छूट जाता है। विशेषकर यदि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के गांव व शहरी क्षेत्र की बात करें तो इस क्षेत्र में छात्रों एवं अभिभावकों में कृषि शिक्षा के प्रति जागरूकता की कमी है। इंटरमीडिएट विज्ञान अथवा कृषि में उत्तीर्ण छात्र बीएससी (कृषि) अथवा अन्य समकक्ष पाठ्यक्रम जैसे बागवानी (उद्यान), वानिकी, कृषि अभियंत्रण, खाद्य व दुग्ध प्रौद्योगिकी, पशु चिकित्सा विज्ञान, सामुदायिक (गृह) विज्ञान, मत्स्य विज्ञान व गन्ना प्रौद्योगिकी में प्रवेश ले सकते है। उत्तर प्रदेश में वर्तमान में कुल 05 राज्य कृषि विश्वविद्यालय संचालित है। इन विश्वविद्यालयों में शिक्षा और अनुसंधान का स्तर अन्य किसी भी विश्वविद्यालयों व महाविद्यालयों से बेहतर होता है तथा साथ ही छात्रों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी की जानकारी और अच्छा शैक्षणिक माहौल भी मिलता है। यदि कृषि के क्षेत्र में नौकरी की बात करें तो आज भी कृषि के क्षेत्र में अन्य क्षेत्रों की तुलना में अपार संभावनाएं हैं परंतु इसके लिए शिक्षा संस्थान जहाँ से शिक्षा ली गई है बेहद आवश्यक रखता है। कृषि विश्वविद्यालयों में बीएससी (कृषि), एमएससी (कृषि) व पी-एचडी करके प्रशासनिक पदों के साथ ही कृषि व अन्य सम्बंधित विभागों मे अधिकारी व कर्मचारी के रूप में चयनित हो सकते है साथ ही उच्च शिक्षा प्राप्त कर विभिन्न राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय संस्थानों में वैज्ञानिक, महाविद्यालय व विश्वविद्यालयों मे सहायक प्राध्यापक आदि पदों पर भी चयनित हो सकते हैं। इसके अतिरिक्त बैंकों व अर्ध सरकारी कंपनी तथा निजी कंपनियों में भी कृषि के छात्रों को अच्छी नौकरी मिलती है। ग्रामीण छात्राओं के लिए भी कृषि विश्वविद्यालयों से शिक्षा ग्रहण करना एक बेहतर विकल्प है यहाँ से शिक्षा और प्रशिक्षण प्राप्त करके ग्रामीण व शहरी युवा भी कृषि के विभिन्न क्षेत्रों में उद्यम स्थापित करके न केवल अपना भविष्य उज्जवल कर सकते है बल्कि अन्य लोगों को आय एवं रोजगार के साधन मुहैया करा सकते है इसलिए इण्टरमीडिएट उत्तीर्ण विज्ञान व कृषि के छात्रों को सलाह है कि आनलाइन की आवेदन प्रक्रिया, पाठ्यक्रम, सीटों की संख्या, शैक्षणिक अर्हता, शुल्क व अन्य विवरण यूपीकैटेट-2025 की बेवसाइट https://upcatet.net or https://csauk.ac.in पर उपलब्ध है। आगामी 07 मई 2025 से पहले अपना आवेदन ऑनलाइन ही पूर्ण करें।



कुलपति प्रो. के.के. सिंह



कुलसचिव प्रो. रामजी सिंह

# धरती को हरितमय बनाने का लिया संकल्प



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किला।** परीक्षितगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम आसिफाबाद स्थित रिवरडेल इंटरनेशनल स्कूल में पृथ्वी दिवस बड़े जोश व उल्लास के साथ मनाया गया सभी छात्र-छात्राएं हरे वस्त्र में अपने साथ छोटे पौधे लेकर आए सभी बच्चों ने अपने हाथों से एक-एक पौधा लगाया। विद्यालय का प्रांगण हरे हरे पौधों से भर गया और पूरा विद्यालय हरितमय हो गया। स्कूल की प्रधानाचार्या सुमन सोमल ने बच्चों को पृथ्वी दिवस का संदेश देते हुए कहा कि हमें हर दिन पृथ्वी दिवस के रूप में मनाना चाहिए सिर्फ पेड़ पौधे ही नहीं हमें स्वच्छता का भी ध्यान रखना चाहिए साथ ही उन्होंने पृथ्वी को सभी प्रकार के प्रदूषण से भी बचाने का संदेश दिया। बच्चों के साथ विद्यालय के सभी शिक्षकों व सहकर्मियों ने भी पेड़ लगाए व धरती को हरितमय बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर शिक्षिका संगीता प्रजापति, मुस्कान सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# देश में हो रहा आतंकवाद का विरोध

## पहलगाम में मारे गए बेगुनाह लोगों की आत्मा की शांति के लिए निकाला कैंडल मार्च, दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ/फलावदा/परीक्षितगढ़।** जम्मू कश्मीर के पहलगाव में आतंकवादियों द्वारा कायराना आतंकी हमला किया गया। जिसमें 26 पर्यटकों की मृत्यु हुई है इसको लेकर नगर पंचायत पर इस घटना की घोर निंदा करते हुए मृतकों की आत्मा की शांति के लिए 02 मिनट का मौन धारण कर शोक सभा आयोजित कर प्रार्थना की गयी। शोक सभा में चेयरमैन अशोक कुमार सैनी ने अपने व्यक्तव्य में कहा कि हम इस आतंकवादी हमले की घोर निंदा करते हैं एवं ईश्वर से प्रार्थना करते है कि ईश्वर मृतकों की आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें वं शोकाकुल परिवारों को इस असीम दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। शोक सभा में चेयरमैन अशोक कुमार सैनी वं उपस्थित सभासदों द्वारा निंदा प्रस्ताव पारित कर जिलाधिकारी मेरठ के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत सरकार को एक ज्ञापन प्रेषित किया गया कि उक्त कृत्य में संलिप्त आतंकवादियों के विरूद्ध त्वरित कार्यवाही करते हुए मृतक पर्यटकों को न्याय दिलाया जाये। जिससे भविष्य में कोई भी आतंकी हमारे देश में इस तरह के कृत्य करने का साहस न कर सके।

वहीं गढ़ रोड स्थित पंचशील कॉलोनी के निकट भारतीय किसान आंदोलन के अंतर्गत किसानों ने कश्मीर के पहलगांव में आतंकवादियों द्वारा निर्दोष नागरिकों की निर्मम हत्या के कड़े विरोध में आतंकवाद का पुतला जलाकर भारत सरकार से मांग की है कि आतंकवाद को जड़ से समाप्त करने का अभियान चलाकर इसका खात्मा किया जाए। इस दौरान अध्यक्ष कुलदीप त्यागी ने कहा कि आतंकवादियों के साथ आतंकवाद का समर्थन करने वाले और संरक्षण और सहयोग करने वाले लोगों पर भी कठोर कार्रवाई कर आतंकवाद को पूर्णरूप से समाप्त करने की बात कही है।

वहीं परीक्षितगढ़ में कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में व्यापार संघ के अध्यक्ष मास्टर राजेंद्र गर्ग के नेतृत्व में समाज के जिम्मेदार लोगों व व्यापारियों ने देर शाम सात बजे बाजार के सुभाष चौक से कैंडल मार्च जलाकर शहीद भगत सिंह चौक पर दो मिनट का मौन रखकर आतंकी हमले में मारे गए बेगुनाह लोगों को श्रद्धांजलि दी तथा व्यापारी ने आतंकवाद का पुतला फूंका महामंत्री शुभम वशिष्ठ ने आतंकी हमले की घोर निंदा करते हुए सरकार से घटना में शामिल आतंकियों को सख्त सजा देते हुए कठोर कार्यवाही करने की मांग हैं। इस मौके पर संजय वर्मा, अरविंद रस्तोगी, बॉबी रस्तोगी, विष्णु अवतार रोहिल्ला आदि समाज के लोग व व्यापारी मौजूद रहे।







## डीएम साहब : पोखर को भूमाफियाओं से मुक्त करा दो नहीं तो भूख हड़ताल करूंगा : ओमवीर प्रधान



**जेवर।** क्षेत्र के गॉव कानपुर निवासी ओमवीर प्रधान ने जिलाधिकारी को सम्पूर्ण समाधान दिवस में दिए गए शिकायती पत्र में प्रभावी कार्यवाही करते हुए कानपुर की करोड़ों की जल स्रोत पोखर को भूमाफियाओं से कब्जा मुक्त कराने की जोरदार मांग की है। उन्होंने बताया कि जेवर में बनने वाले एयरपोर्ट के कारण गॉव कानपुर स्थित पोखर पर भूमाफिया मकान घेर इत्यादि बनाकर अवैध कब्जा कर भूमि को कब्जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि मेंने पोखर को बचाने के लिए तहसीलदार एसडीएम एवं जिलाधिकारी से लेकर मुख्यमंत्री तक सैंकड़ों शिकायतें दर्ज कराई हैं लेकिन भूमाफियाओं पर लेखपाल कानूनगो की मिलीभगत के चलते कोई कार्यवाही नहीं हो रही है जिससे भूमाफियाओं के हौंसले बुलन्द हैं शिकायत से कुपित होकर भूमाफिया उन्हें फर्जी मुकदमों में फंसाने की धमकी दे रहे हैं। उन्हें जानमाल का खतरा बना हुआ है उन्होंने चेतावनी दी कि अगर भूमाफियाओं से कानपुर की पोखर को कब्जा मुक्त नहीं कराया गया तो वह डीएम कार्यालय के सामने भूख हडताल पर बैठ जायेगे जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

## अधिवक्ताओं व बार हित में संघर्षरत रहूंगा : ठा. सुदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**जेवर।** बार एसोसिएशन अध्यक्ष ठा0 सुदेश सिंह छौंकर ने कहा कि वह बार एवं अधिवक्ताओं की समस्याओं की बुलन्द आवाज उठाकर उनका समाधान करायेंगे। उन्होंने कहा कि वाह्य न्यायालय जेवर जिला गौतमबुद्धनगर में माननीय अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किए जाने की मांग जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदय जनपद गौतमबुद्धनगर से की गई है उन्होंने बताया कि वर्षा 2010 में वाह्य न्यायालय जेवर की स्थापना हुई थी जिसमें दो न्यायालय कक्षों की स्थापना की गई थी लेकिन वर्तमान में जेवर न्यायालय कक्ष में केवल एक सिविल जज जूनियर डिवीजन न्यायिक कार्य कर रहे हैं जबकि दूसरा न्याय कक्ष रिक्त है। उन्होंने कहा कि रिक्त न्यायिक भवन में अपर न्यायिक मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ती की जानी चाहिए। उन्होंने मीडिया से वार्ता करते हुए बताया कि बार एसोसिएशन जेवर के किसी भी अधिवक्ता का शोष्ठाण व उत्पीड़न बिल्कुल बर्दास्त नहीं किया जायेगा।

# मथुरा में जिलाधिकारी की पहल लाई रंग



**मथुरा ।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह द्वारा जनपद में पर्यावरण को स्वच्छ बनाये जाने हेतु एक अनौठी पहल शुरू कराई जो भी शस्त्र लाइसेंस धारक अपने लाइसेंस का नवीनीकरण कराने तथा वृद्धावस्था वारिसान एवं मृतक वारिसान के आधार पर लाइसेंस स्वीकृत करायेंगे तो उनको दस– दस पेड़ अपनी भूमि पर लगाने होंगे ।उनकी पहल का असर अब जनपद पर दिखने लगा है। 22 अप्रैल तक ऐसे लोगों 1180 छायादार ६ फलदार पौधे रोपित कराये जा चुके हैं। विरासत के आधार सम्पूर्ण प्रक्रिया पूर्ण होने पर जिलाधिकारी ने 28 शस्त्र लाइसेंस स्वीकृत किये हैं।

डीएम चंद्र प्रकाश सिंह ने कहा कि वृक्षारोपण एवं प्राकृतिक पर्यावरण (वन, वन्यजीव, झील, नदी इत्यादि) की रक्षा को संविधान में देश की जनता के मौलिक कर्तव्य के रूप में शामिल किया गया है। हम सभी को पौधारोपण एवं पर्यावरण की रक्षा करने के हरसंभव उपाय करने चाहिए। पृथ्वी के पर्यावरण को स्वच्छ बनाए रखने के लिए वृक्षों का होना आवश्यक है। इसके लिए सभी लोगों को ज्यादा से ज्यादा वृक्षारोपण करना चाहिए। श्री सिंह ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा पेड़ लगाने के नाम से विभिन्न अभियान चलाए जाते हैं। पर्यावरण एवं जलवायु को बेहतर करने के उद्देश्य रहता है। सभी जनपद वासी शामिल होकर इसे सफल बनाएं। साथ ही पेड़ लगाने के बाद उसको अपने मातृतुल्य सम्मान देते हुए उसकी देखभाल करें। उन्होंने जिलेवा. सियों से अपील करते हुए कहा कि पेड़ों को लगाने में ऐसी जगह का चयन करें, जहां आप उसकी देखभाल बेहतर तरीके से कर सकें। डीएम ने कहा कि बीते ग्रीष्म ऋतु में तापमान बहुत ज्यादा रहा यह भी हमारे पर्यावरण में हो रहे असंतुलन की ओर इशारा करता है। कभी ज्यादा बारिश होना तो कभी बिलकुल बारिश न होना, इसी प्रकार शीत ऋतु में काफी बदलाव दिखाई देना यह सभी पर्यावरण असंतु. लिन की ओर इंगित करता है। उन्होंने वृक्षारोपण करने वाले सभी व्यक्तियों से कहा कि वृक्षारा. पण की सफलता के लिए वृक्षारा. पण पश्चात उसकी नियमित रूप से देखभाल की जाए।

## स्कूल आधाारित टीडी टीकाकरण अभियान चलेगा कल से

**मथुरा।** जनपद मथुरा में विश्व टीकाकरण सप्ताह के दौरान डिप्थीरिया से बचाव हेतु ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में स्कूल आधारित टी. डी. टीकाकरण अभियान 10 वर्ष एवं 16 वर्ष के किशोर एवं किशोरियों को कल से 10 मई के मध्य अभियान चलेगा। इसमें टी.डी. वैक्सीन की छूटी हुई डोज से बच्चों को आच्छादित किया जायेगा। इस अभियान के दौरान जनपद में 28955 बच्चों को टी.डी. की डोज लगाई जाएगी। यह जानकारी देते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी मथुरा डा. अजय कुमार वर्मा ने बताया कि डिप्थीरिया जिसे गलघोटू भी कहते हैं। यह एक बहुत ही घातक बीमारी है।

जो अक्सर उन बच्चों को होने की सम्भावना होती है जिन्होंने समय पर डिप्थीरिया से बचाव वाली पेन्टाध्डीपीटीध्टीडी वैक्सीन नहीं लगी होती है। डिप्थीरिया बीमारी से प्रभावित बच्चों में बुखार,गले में दर्द, खॉसी, खाना खाते या पानी पीते समय गले में दुखना और आमतौर पर गले में सफेद सी एक झिल्ली बन जाना आदि लक्षण पाये जाते हैं।

डिप्थीरिया से बचाव हेतु समय पर पेन्टाध्डीपीटीध्टीडी वैक्सीन से बच्चों को आच्छादित किया जाना ही सबसे अच्छा उपाय है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. रोहितास सिंह ने बताया कि स्कूल आधारित टी.डी. टीकाकरण अभियान के दौरान जनपद के सभी सरकारी/गैरसरकारी/मान्यता प्राप्तध्एडेडध्प्राईवेट स्कूलों में कक्षा पॉच के दस वर्ष आयु के बच्चों को टी.डी.–10 तथा कक्षा दस के सौलह वर्ष की आयु के बच्चों को माइक्रोप्लान के यह बैक्सीन लगाई जाएगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने सभी अभिभावकों से अपने 10 वर्ष एवं 16 वर्ष की आयु के बच्चों को जिनको कि पूर्व में टी. डी. की वैक्सीन नहीं लगी है को इस अभियान के दौरान लगवाने की अपील की।

## चोरी के सामान के साथ पकड़कर आरोपी को किया पुलिस के हवाले



**( विशाल जोशी )**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहाबाद/रामपुर।** बुधवार को प्रेमपाल पुत्र हरिद्वारी ने उसकी दुकान से चोरी के समान के साथ पकड़ कर आरोपी को पुलिस के हवाले करते हुए कार्रवाही के लिए नामजद तहरीर दी। प्रेमपाल का आरोप है कि उसकी परचून की दुकान पुराना बाजार शाहबाद में पैट्रोल पम्प के सामने स्थित है। बुधवार को सुबह लगभग 8.30 बजे में अपने साथी इन्तजार पुत्र अबरार निवासी मौ० कस्सावान कस्बा व थाना शाहबाद जिला रामपुर के साथ घूमने जा रहा था कि लौटते वक्त अपनी दुकान की तरफ से होकर आया तो देखा कि एक व्यक्ति उसकी दुकान के अन्दर से एक सफेद प्लास्टिक के बोरे के साथ निकल रहा है। शक होने पर उसे मौके पर पकडकर उसका बोरा खोलकर चेक किया तो बोरे में एक फ्रिज का सफेद और लाल रंग का स्टेबलाईजर माईक्रोटेक कम्पनी का, गगन पान मसाला के 5 पैकेट, आज तक कम्पनी की मोम वाली माचिस के 2 पैकेट, 502 पताका बीडी के 2 पैकेट, गोलक छाप बीडी के 2 पैकेट, 1212 आजाद बीडी का एक पैकेट, सफल तम्बाकू के 7 पैकेट, गगन की तुलसी, जरदा का एक पैकेट, कैप्सटन सिगरेट के 2 पैकेट व गोल्ड फ्लेक छोटा सिगरेट का 1 पैकेट तथा एक नीले रंग का प्लास मिला।

## आरपीएफ ने ट्रेन की चैन पुलिंग करते दो पकड़े

**कोसीकलां।** आरपीएफ ने बुधवार को एक्सप्रेस ट्रेनों की चेन पुलिंग के आरोप में एक युवक और युवती को हिरासत में लिया है। आरोपी युवक एक अंडमान एक्सप्रेस ट्रेन की चेन पुलिंग कर रेलवे स्टेशन पर उतरा था. ट्रेन से उतरते ही आरपीएफ की नजर युवक पर पड़ गई. उक्त ट्रेन का ठहराव कोसीकलां रेलवे स्टेशन में नहीं है। ट्रेन न रुकने पर युवक ने चेन पुलिंग कर दी थी।

इसी प्रकार केरला संपर्क क्रांति एक्सप्रेस की चेन पुलिंग कर एक युवती को पकड़ लिया। आरपीएफ प्रभारी गिर्राज प्रसाद मीणा ने बताया कि पकड़ा गए आरोपी कोसी निवासी विशाल तथा पलवल निवासी वर्षा के विरुद्ध रेलवे एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज किए जाने किए जाने प्रक्रिया जारी थी।

## जैन मुनि सुव्रतनाथ का जन्म एवं तप कल्याणक दिवस

**कोसीकलां।** जैन धर्म के बीसवें तीर्थंकर भगवान मुनि सुव्रतनाथ का ज्ञान कल्याणक बुधवार को भक्तिभाव से मनाया गया। पांडे वाले जैन मंदिर में पूजा–अर्चना के विशेष आयोजन हुए। अभिषेक, शांतिधारा के बाद पूजा–अर्चना की गई। अभिषेक के बाद विश्व में सुख–समृद्धि और खुशहाली की कामना करते हुए श्रीजी की शांतिधारा की गई। अष्ट द्रव्य से पूजा–अर्चना कर ज्ञान कल्याणक श्लोक का सामूहिक उच्चारण करते हुए जयकारों के साथ ज्ञान कल्याणक अर्ध्य अर्पित किया गया। जयकारों से मंदिर परिसर गूंज उठा। जैन समाज के पूर्व अध्यक्ष सुभाष चंद जैन ने कहा कि पुराणों के मुताबिक मुनि सुव्रतनाथ भगवान का जन्म राजगृह में हुआ था। उनके पिता का नाम सुमित्र और माता का नाम पदमावती था। देर शाम जैन मंदिर में मुनि सुव्रतनाथ भगवान की मंगलमय आरती की गई।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 77/3 गर्ग कॉम्पलेक्स ई.के. रोड निकट एन.ए.एस. कालिज, मेरठ (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0121-4005303, 4007303
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
UPHIN/2007/20661
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

HDFC BANK

**एचडीएफसी बैंक लिमिटेड**

शाखा : द कैपिटल कोर्ट, मुनिरका, आउटर रिंग रोड, ओलोफ पाल्मे मार्ग, नई दिल्ली–67, फोन : 011–41596676/568, कॉर्पोरेट पहचान संख्या : एल65920एमएच1994पीएलसी080618, वेबसाइट : www.hdfcbank.com

**ई–नीलामी बिक्री सूचना** (केवल ई–बिडिंग के माध्यम से बिक्री)

**वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के प्रावधानों के साथ पठित प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन के अंतर्गत अचल परिसम्पत्तियों की बिक्री के लिए बिक्री सूचना**

कॉलम (क) में वर्णित कर्जदार (रों) और गारंटर (रों) और आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कॉलम (ग) में दर्शाई गई प्रतिभूत लेनदार के पास बंधक/प्रभारित अचल सम्पत्ति (यों) जिनका **एचडीएफसी बैंक लिमिटेड** (इससे पूर्व एचडीएफसी लिमिटेड जिसका माननीय एनसीएलटी–मुंबई के 17 मार्च 2023 दिनांकित आदेश से अनुमोदित समामेलन की एक योजना के तहत एचडीएफसी बैंक लिमिटेड में विलय हो गया है) **(एचडीएफसी)**, प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा कॉलम (घ) में वर्णित अनुसार रचनात्मक/भौतिक कब्जा लिया था, उन्हें नीचे दिये गये विवरणों के अनुसार **"जैसा है जहां है", "जो है जैसा है" एवं "जो भी वहां है" आधार पर बेचा जाएगा।**

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 (6) के अंतर्गत **कॉलम (क)** में वर्णित कर्जदार/बंधककर्ता (ओं)/कानूनी उत्तराधिकारी, विधिक प्रतिनिधियों (चाहे ज्ञात या अज्ञात), निष्पादक (कों), प्रशासक (कों), संबंधित कर्जदार (रों)/बंधककर्ता (ओं) (अब मृतक) के उत्तराधिकारी और वारिस, जैसा भी मामला हो, को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है।

बिक्री के विस्तृत नियम व शर्तों के लिए कृपया एचडीएफसी प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट, यानी, www.HDFCBANK.Com पर दिये गये लिंक को देखें।

| (क) कर्जदार (रों)/गारंटरों का नाम | (ख) वसूल की जाने वाली बकाया राशि (प्रतिभूत ऋण) (₹)* | (ग) अचल सम्पत्ति/प्रतिभूत परिसम्पत्ति का विवरण | (घ) अधिग्रहण का प्रकार | (ङ) निरीक्षण की तिथि एवं समय | (च) आरक्षित मूल्य (रु.) | (छ) बोलियाँ जमा करने की अंतिम तिथि | (ज) अग्रिम जमा राशि (रु.) | (झ) बोली बढ़ोत्तरी दर (रु.) | (ञ) नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1) सुश्री स्वाति मलिक, श्रीमती सुरेश वती और श्री महम पाल सिंह | 31–मई–2022* को बकाया रु. 25,88,920/– (पच्चीस लाख अट्ठासी हजार नौ सौ बीस रुपये मात्र) | यूनिट संख्या एनईसीटीआर–401, जिसमें 2 कमरे, 1 रसोईघर, 2 शौचालय/स्नानघर, 2 बालकनी और 1 लॉबी है, जो परियोजना "अंसल टाउन मेरठ–चरण 3" में मोदीपुरम बाईपास रोड, मेरठ, उत्तर प्रदेश में स्थित है, जिसका कुल क्षेत्रफल 93.83 वर्ग मीटर (लगभग) है के साथ निचली भूमि का अविभाजित आनुपातिक हिस्सा और उस पर वर्तमान एवं भावी निर्माण शामिल है। | भौतिक अधिग्रहण | 05–मई–2025 प्रातः 11:00 बजे से अप0 3:00 बजे तक | रु. 28,50,000/– (अट्ठाईस लाख पचास हजार रुपये मात्र) | 26–मई–2025 सायं 4:00 बजे से पहले | बोली राशि का 10% | रु. 10,000/– (दस हजार रुपये मात्र) | 28–मई–2025 प्रातः 10:30 से 11:30 बजे तक |
| 2) श्री संजीव (उधारकर्ता) एवं श्री मोहन सिंह (गारंटर) | 31–जुलाई–2022* को बकाया रु. 8,33,235/– (आठ लाख तैंतीस हजार दो सौ पैंतीस रुपये मात्र) | आवासीय एल.आई.जी. जिसमें 2 कमरे, 1 रसोईघर और 1 शौचालय/स्नानघर है, प्लॉट संख्या एल–894, पॉकेट एल, डॉ राम मनोहर लोहिया नगर, आवासीय योजना मेरठ, उत्तर प्रदेश में स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 42.50 वर्ग मीटर (लगभग) है के साथ निचली भूमि का अविभाजित आनुपातिक हिस्सा और उस पर वर्तमान एवं भावी निर्माण शामिल है। | भौतिक अधिग्रहण | 06–मई–2025 प्रातः 11:00 बजे से अप0 3:00 बजे तक | रु. 16,20,000/– (सोलह लाख बीस हजार रुपये मात्र) | 26–मई–2025 सायं 4:00 बजे से पहले | बोली राशि का 10% | रु. 10,000/– (दस हजार रुपये मात्र) | 28–मई–2025 प्रातः 10:30 से 11:30 बजे तक |
| 3) श्री रवि कुमार और श्रीमती पूजा सिंह | 31–मार्च–2023* को बकाया रु. 13,50,346/– (तेरह लाख पचास हजार तीन सौ छियालीस रुपये मात्र) | फ्लैट संख्या एच–22, द्वितीय तल, जिसमें 2 कमरे, 1 रसोईघर, 1 शौचालय और 1 लॉबी है, जो ग्रिहम स्पाइस होम्स टॉवर एच, गांव लिसारी, मेरठ–हापुड़ बाईपास रोड, नूर नगर के पास, तहसील और जिला मेरठ, उत्तर प्रदेश में स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 40 वर्ग मीटर (लगभग) है के साथ निचली भूमि का अविभाजित आनुपातिक हिस्सा और उस पर वर्तमान एवं भावी निर्माण शामिल है। | भौतिक अधिग्रहण | 01–मई–2025 प्रातः 11:00 बजे से अप0 3:00 बजे तक | रु. 12,90,000/– (बारह लाख नब्बे हजार रुपये मात्र) | 09–मई–2025 सायं 4:00 बजे से पहले | बोली राशि का 10% | रु. 10,000/– (दस हजार रुपये मात्र) | 12–मई–2025 प्रातः 10:30 से 11:30 बजे तक |
| 4) श्री निखिल भारद्वाज, श्री विवेक भारद्वाज और श्रीमती प्रभा शर्मा | 31–अगस्त–2021* को बकाया रु. 27,48,551/– (सत्ताईस लाख अड़तालीस हजार पांच सौ इक्यावन रुपये मात्र) | यूनिट संख्या एस–05 (जी+2) द्वितीय तल पर स्थित है, जिसमें 3 कमरे, 1 रसोईघर, 2 शौचालय, 1 ड्राइंग रूम, 1 लॉबी और 3 बालकनी हैं, यह रूबी हाइट्स, यूरोपियन एस्टेट कॉलोनी, गांव जिटोली, तहसील सरधना, जिला मेरठ, उत्तर प्रदेश में स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 96.09 वर्ग मीटर (लगभग) है के साथ निचली भूमि का अविभाजित आनुपातिक हिस्सा शामिल है। | भौतिक अधिग्रहण | 02–मई–2025 प्रातः 11:00 बजे से अप0 3:00 बजे तक | रु. 45,00,000/– (पैंतालीस लाख रुपये मात्र) | 09–मई–2025 सायं 4:00 बजे से पहले | बोली राशि का 10% | रु. 10,000/– (दस हजार रुपये मात्र) | 12–मई–2025 प्रातः 10:30 से 11:30 बजे तक |
| 5) श्री विकास कुमार | 31–अगस्त–2021* को बकाया रु. 20,82,644/– (बीस लाख बयासी हजार छह सौ चवालीस रुपये मात्र) | मकान संख्या एस–51, दूसरी मंजिल, जिसमें 2 बेडरूम, 1 रसोई, 1 ड्राइंग/डाइनिंग रूम, 2 शौचालय और 1 वॉशिंग एरिया है, प्लॉट बी–51, सिल्वर सिटी, राजस्व गांव इखलास नगर डबका, तहसील और जिला मेरठ, उत्तर प्रदेश में स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 104.51 वर्ग मीटर (लगभग) है के साथ निचली भूमि का अविभाजित आनुपातिक हिस्सा शामिल है। | भौतिक अधिग्रहण | 03–मई–2025 प्रातः 11:00 बजे से अप0 3:00 बजे तक | रु. 21,20,000/– (इक्कीस लाख बीस हजार रुपये मात्र) | 09–मई–2025 सायं 4:00 बजे से पहले | बोली राशि का 10% | रु. 10,000/– (दस हजार रुपये मात्र) | 12–मई–2025 प्रातः 11:30 से 12:30 बजे तक |

*भुगतान और/या वसूली तक लागू अतिरिक्त ब्याज, लागत, व्यय और शुल्क के साथ।

**संभावित खरीदारों/बोलीदाताओं को बोली जमा करने से पहले बिल्डर/सोसाइटी या किसी अन्य वैधानिक/बिजली/पानी/संपत्ति कर/अन्य बकाया आदि के लिए बकाया राशि का स्वतंत्र रूप से पता लगाना होगा और उक्त बकाया, यदि कोई हो, तो सफल खरीदारों/बोलीदाताओं द्वारा चुकाया/चुकाया जाना है और एचडीएफसी बैंक किसी भी तरह का भुगतान करने के लिए उत्तरदायी नहीं होगा।**

एचडीएफसी/एचडीएफसी का अधिकृत अधिकारी सफल बोलीदाताओं/खरीदारों द्वारा बाद में जानकारी की अनुपलब्धता या अन्यथा होने वाले किसी भी नुकसान के लिए किसी भी तरह की जिम्मेदारी या दायित्व स्वीकार नहीं करता है। सफल निविदाकार / खरीदार किसी भी आधार पर एचडीएफसी के खिलाफ कोई दावा नहीं कर सकते। इसलिए, संभावित खरीदारों/बोलीदाताओं के हित में होगा कि वे निविदाएं जमा करने और/या प्रस्ताव देने से पहले उन सभी महत्वपूर्ण तथ्यों से खुद को अवगत करा लें जो उनके निर्णय को प्रभावित कर सकते हैं। लंबित मुकदमे या किसी अन्य जानकारी के बारे में विवरण के लिए, कृपया इस बिक्री नोटिस के नियम और शर्तों को देखें।

**मेसर्स मेटेक्स नेट प्राइवेट लिमिटेड ई–निविदा प्रक्रिया से नीलामी में प्राधिकृत अधिकारी की सहायता करेगी। संपत्ति के निरीक्षण या निविदा दस्तावेज प्राप्त करने में किसी सहायता और किसी अन्य प्रश्न के उत्तर के लिए कृपया मेसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, श्री विकास कुमार–9650387768, श्री विजय – 7200538774, ई–मेलः solutions@matexnet.com, श्री एस. राजू– 9150757333, ई–मेलः raju.s@matexnet.com या उनकी वेबसाइट https://assets.matexauctions.com/ देखें या श्री प्रसून परासर प्राधिकृत अधिकारी, एचडीएफसी बैंक लिमिटेड (मोबाइल नंबर 9560444634) और श्री सक्षम वाधवा (मोबाइल नंबर 9654317219) से कार्यालय समय के दौरान सोमवार से शुक्रवार (छुट्टियों को छोड़कर) प्रातः 9:30 बजे से शाम 5:30 बजे तक संपर्क करें।**

निविदा दस्तावेज़ एचडीएफसी बैंक लिमिटेड (एचडीएफसी): कार्यालय 'दूसरी मंजिल, द कैपिटल कोर्ट, मुनीरका, ओलोफ पाल्मे मार्ग, नई दिल्ली–110067 या सीधे मैसर्स मेटेक्स नेट प्राइवेट लिमिटेड, नंबर: 37/22, चामियर्स टावर्स, 6वीं मंजिल, चामियर्स रोड, टेयनमपेट, चेन्नई – 600018 से एकत्र/प्राप्त कर सकते हैं।

प्रतिभूत परिसंपत्ति को "जैसा है जहां है" और "जो है जैसा है" आधार पर बेचा जा रहा है।

ह0/–
प्राधिकृत अधिकारी

**दिनांक : 23–अप्रैल–2025**
**स्थान : मेरठ**

**पंजीकृत कार्यालय** : एचडीएफसी बैंक हाउस, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल (पश्चिम), मुंबई–400013

# पहलगाम की घटना के विरोध में आतंकवाद का फूंका पुतला

## प्रदर्शनकारियों ने पाकिस्तान के खिलाफ की नारेबाजी, सरकार से मुंहतोड़ जवाब देने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** कश्मीर के पहलगाम के आतंकी हमले के विरोध में बुधवार को विश्व हिंदू परिषद, बजरंगदल व भाजपाईयों ने पाक पोषित आतंकवाद का पूतला फूंका और पाकिस्तान के खिलाफ जमकर नारेबादी की।

विश्व हिंदू परिषद व बजरंगदल ने जिला मंत्री नितिन गोस्वामी के नेतृत्व में दिल्ली बस स्टैड पर तथा भाजपाईयों ने मंडल प्रभारी डा. नीरज कौशिक के नेतृत्व में नगर के गांधी रोड पर आतंकवाद का पुतला फूंका और पाकिस्तान के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान नितिन गोस्वामी ने कहा कि कश्मीर के पहलगाम पर्यटन स्थल पर हिन्दुओं पर्यटकों पर आतंकी हमला निंदनीय हैं। कश्मीर में हिन्दुओं की हत्या ये दर्शाता हैं की कुछ देश विरोधी ताकतें नहीं चाहती की कश्मीर की जनता आर्थिक रूप से संपन्न हों। देश और विदेश के मुस्लिम समाज को इसका पुरजोर विरोध करना चाहिए। धर्म पूछकर निरपराध पर्यटकों को गोली मारने वाले भी किसी मज़हब के पैरोकार हो सकते हैं। इस शर्मनाक कायरतापूर्ण हरकत के लिए सरकार से मांग करते हैं। भाजपा कार्यकर्ताओं ने पहलगाम हमले के विरोध में मंडल प्रभारी के नेतृत्व में गांधी रोड़ आतंकवाद का पुतला फूंककर विरोध जताया और सरकार से आतंकी हमले का मुंह तोड जवाब देने की मांग की। इस मौके पर हमले में मारे गए लोगों के लिए 2 मिनट का मौन रख सभी ने उनके परिवारों के प्रति सहानुभूति व्यक्त की। भाजपा के जिलाध्यक्ष वेदपाल उपाध्याय ने भी इस घटना पर दुख और गुस्सा जाहिर करते हुए कहा बेगुनाह पर्यटकों की हत्या ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। पूरा देश एकजुट होकर आतंकवादियों के मंसूबों को सफल नहीं होने देंगा। भाजपा सरकार उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी। आज इस कायरतापूर्ण हमले में जिनके परिवारजनों की मृत्यु हुई है। उनके परिवारों के प्रति सहानुभूति। इस दौरान सोनू गोयल, अर्जुन, गौरव, सागर, बाली, अश्वनी, अमन, मनोज, अमित आदि मौजूद रहे।



# चारदीवारी व कमरा तोड़कर सामान चोरी कर ले जान का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** अवैध कब्जा करने की नीयत से कृषि भूमि की चारदीवारी व कमरा तोड़कर चोरी कर ले जाने तथा धमकी देने का आरोप। पीड़ित ने कोतवाली बागपत पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

बुधवार को करीब एक बजे मिली जानकारी के अनुसार मौजपुर दिल्ली निवासी सत्यप्रकाश मलिक के मुता. बिक उनकी कृषि भूमि मौजा निवाड़ा बांगर बागपत के खसरा संख्या 680 में स्थित है। बताया कि अख्तरी निवासी निवाड़ा से करीब साढे तीन बीघा कृषि भूमि 20 जुलाई 2024 को खरीदी थी। भूमि खरीदने के बाद एक कमरा का निर्माण कराकर चारदीवारी कर दी थी। भूमि में ज्वार की फसल की बुआई करा दी थी। आरोप है कि तीन युवकों ने दो ठेकेदारों के साथ मिलकर 22 अप्रैल और 23 अप्रैल की रात करीब 11 बजे चारदीवारी और कमरा तोड़ दिया और कमरे में रखा सामान भी चोरी कर ले गए। इतना ही नहीं आरोपितों ने भूमि में खड़ी ज्वार की फसल को बर्बाद कर दी। उन्होंने बताया कि दंबगई के बल पर भूमि पर अवैध कब्जा करने का प्रयास कर रहे है। इसका विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने कोतवाली पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।



# बिजली की चिंगारी गिरने से गेंहू की आठ बीघा फसल जलकर राख

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** ढिकोली गांव में बिजली की हाईटेंशन लाईन की चिंगारी गैहू के खेत मे गिरने से दो किसानो की आठ बीघा फसल जलकर राख हो गयी। ग्रामीणों ने पीड़ित किसानों को उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है।

ढिकोली निवासी किसान सतीश और अमरपाल ने बताया कि उन्होंने गैंहू की फसल बो रखी है उन्होंने बताया कि फसल काटकर एक जगह इखट्ठा कर रखी थी तभी खेत के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन बिजली की लाईन की चिंगारी गैहू की फसल पर गिरने से आग लग गयी। किसानों ने देखा तो फसल बचाने का प्रयास भी किया लेकिन सफलता नही मिली जिससे दोनो किसानो की आठ बीघा फसल जलकर राख हो गयी जिससे किसानो को नुकसान पहुंचा है। किसानो ने बताया कि उन्होंने डेढ लाख रूपये कर्ज लेकर फसल बो रखी थी जिससे वह कर्ज भी नही उतार पायेगे। ग्रामीणों ने पीड़ित किसानों को मुआवजा दिलाने की मांग की है।



# पुलिस मुठभेड़ में दो गौकश घायल, दो भागने में सफल

## बडौत नई मंडी के निकट खाली प्लाट में कर रहे थे गौकशी, पशु काटने के औजार व मीट बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बडौत पुलिस के साथ हुई मुठभेड के दौरान दो गौकश पुलिस की गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गए जबकि उनके दो साथी भागनें में सफल रहे। पुलिस फरार आरोपियों की तलाश कर रही है। पुलिस ने घायल बदमाशों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने बदमाशों के कब्जे से एक कार, दो तमंचे, कारतूस व पशु काटने के औजार बरामद किए है।

एसपी ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि मंगलवार की रात पुलिस गस्त पर थी। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि बडौत में नई मंडी के निकट एक खाली प्लाट में कुछ लोग गौकसी कर रहें हैं। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची तो खाली प्लाट में कुछ लोग गौकसी कर रहे थे। एसपी ने बताया कि पुलिस को देखकर बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जबाब में पुलिस ने भी गोली चलाई। बताया गया है कि इस दौरान पुलिस की गोली लगने से दो बदमाश घायल हो गए। पुलिस ने उनके कबजे से दो तमंचे, कारत. ूस, पशु काटने के औजार रस्सा, एक कार मीट बरामद हुआ है। पूछताछ के दौरान बदमासो ने अपने नाम शाहिद निवासी सहारनपुर तथा जुबेर निवासी बागपत बताये। वह दोनों शातिर अपराधी हैं। शाहिद पर जनपद सहारनपुर में गौकसी के करीब एक दर्जन मुकदमे दर्ज हैं और उस पर एसएसपी सहारनपुर ने ईनाम घोषित किया हुआ है। एसएसपी ने बताया दो बदमाश पुलिस को चकमा देकर भगने में सफल रहे। उनमें एक नाम आसिफ बताया गया है जबकि दूसरा अभी अज्ञात है। पुलिस फरार बदमाशों की तलाश कर रही है। दोनों बदमाशों को भी शीघ्र ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। एएसपी के अनुसार आरोपी अवारा पशुओं को पकड कर जंगल में ले जाकर उनका कटान कर मीट दिल्ली सप्लाई करते थे।



## एक नजर

# टीकाकरण सप्ताह के दौरान 10 से 16 वर्ष के बच्चों को लगाए जाएंगे टीके

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** एसीएमओ डॉ.दीपा सिंह के अनुसार प्रति वर्ष 10 से 30 अप्रैल के बीच टीकाकरण सप्ताह मनाया जाता हैं। उन्होंने बताया कि नियमित टीकारण सप्ताह के दौरान डीप्थीरिया के बढते हुए केसों को दृष्टिगत प्रदेश के ब्लॉकों एवं शहरी क्षेत्रों में स्कूल आधारित टीडी टीकाकरण अभियान 10 से 16 वर्ष के किशोर किशोरियों के लिए 24 अप्रैल से 10 मई के मध्य चलाया जाएगा। एसीएमओ ने बताया कि अभियान के दौरान नियमित टीकाकरण से छुटे बच्चों को भी नियमित टीकाकरण सत्रों में प्रतिरक्षित करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जनपद स्तर पर जिला प्रतिरक्षण अधिकारी बीएसए व डीआईओएस के साथ समन्वय स्थापित कर स्कूल आधारित टीडी टीकाकरण अभियान की कार्य योजना तैयार करेंगे। अभियान के दौरान सभी स्कूलों में टीडी 10 के तहत कक्षा 5 से कक्षा तक के सभी 10 वर्ष कं बच्चों तथा टीडी 16 के तहत कक्षा 10 तक के सभी 16 पर्ष तक के किशोर किशोरियों का टीकाकरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभियान से पहले शहरी एवं ब्लॉक स्तर पर शिक्षा विभाग के साथ समन्वय स्थपित कर शिक्षक, एनएम, आशा व आगंनबाडी कार्यकत्री अभिभावकों के साथ बैठक कर परिवारों को मोबीलाइज करना सुनिश्ति करेंगें।

# ड्रग इन्स्पैक्टर ने मेडिकल स्टोरों पर की छापेमारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** नशीली दवाईयों और बगैर लाईसेंस से स्टोर संचालित करने की शिकायत के बाद मेरठ और बागपत के ड्रग इन्स्पेक्टर ने रटौल पहुंच दो मेडिकल स्टोर पर जांच कर आठ सेम्पल लिए जो लैब में जांच के लिए भेजे जायेगा। मैडिकल स्टोरो पर छापेमारी के चलते कस्बें में हड़कंप मचा रहा अधिकांश मेडिकल स्टोर संचालक बंद कर फरार हो गये।

रटौल मे नशीली दवाईयों की बिक्री और बगैर लाईसेंस के स्टोर चलने की शिकायत लगातार की जा रही थी जिससे गम्भीरता से लेते हुए ड्रग इन्स्पेक्टर मोहित कुमार ने टीम गठित कर रटौल मेडिकल स्टोरो पर छापेमारी की जिसमे मेरठ ड्रग इन्स्पेक्टर गौरव लोधी भी उनके साथ रहे जहां उन्हें रटौल मेन बाजार में एके मेडिकल स्टोर और अमन मेडिकल स्टोर पर पुलिस के साथ छापेमारी की छापेमारी की खबर पता चलते ही अधिकांश मेडिकल स्टोर संचालक मेडिकल स्टोर बंद कर फरार हो गये। वही ड्रग इन्स्पेक्टर गौरव लोधी और मोहित कुमार नें रटोर मे दवाईयों की जांच की जहा प्रतिबंधित कोई दवाई नही मिली। वही दोनो स्टोर से चार चार सेम्पल इखट्ट किये गये जिन्हें लैब में जांच के लिए भेजा जायेगा और जांच रिपोर्ट आनें पर कारवाही की जायेगी। ड्रग इन्स्पेक्टर मोहित कुमार ने चेतावनी देते हुए कहा अगर कोई नशीली दवाईयां देते हुए पाया गया। उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाही की जायेगी। वही बगैर लाईसेंस के भी कोई दुकानदार पाया गया तो उसके खिलाफ भी मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जायेगी।



# पूर्वी यमुना नहर की पटरी का चौड़ीकरण कराने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** रालोद कार्यकर्ताओं ने पूर्वी यमुना नहर की पटरी का चौड़ीकरण कराने की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंचकर डीएम को ज्ञापन सौंपा। बुधवार को करीब साढे 11 बजे मिली जानकारी के अनुसार रालोद के क्षेत्रीय सचिव हस्तिनापुर उ.प्र नीरज पंडित के मुताबिक जनपद बागपत की पूर्वी यमुना नहर लाखों किसानों की जीवनदायनी है। इसके आसपास 300 से 400 गांव की आबादी अपना जीवन यापन कर रही है। पूर्वी यमुना नहर की वर्तमान में पटरी की चौड़ाई 3.75 मीटर है। आए दिन वाहनों का अत्यधिक दबाव होने के कारण दुर्घटनाएं होती रहती है। पूर्वी यमुना नहर जनपद बागपत को क्षेत्रफल के हिसाब से दो हिस्सों में विभाजित करती है, जिससे इसकी सड़क निर्मित पटरी चौड़ाई 3.75 मीटर पर जनपद बागपत की 50 आबादी आवागमन करती है तथा बागपत जनपद में जनपद गाजियाबाद तक एक बाईपास का निर्माण करती है। पूर्वी यमुना नहर के दोनों तरफ बसे गांव विकास से कौशो दूर है। जो इसके 12 मी चौड़ीकरण होने की बाट जोह रहे है ताकि पूर्वी यमुना नहर करीब 400 गांव इसके 12 मीटर में चोरी कारण होने से विकास की मुख्य धारा में शामिल हो सकेंगे तथा इसके चौड़ीकरण से जनपद बागपत के औद्योगिक क्षेत्र बड़ौत से सीधे औद्योगिक जनपद गाजियाबाद से एक नए बाईपास के रूप में जुड़ जाएगा। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम संबोधित ज्ञापन डीएम अस्मिता लाल को सौंपकर पूर्वी यमुना नहर की पटरी की चौड़ाई 3.75 मीटर से 12 मी. कराने की मांग की है। इस मौके पर बृजमोहन, अनुज, सुखबीर आदि मौजूद रहे।



# मोमबत्ती जलाकर छात्र-छात्राओं ने की मृतकों के आत्माशांति के लिए प्रार्थना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के संस्कृति पब्लिक स्कूल शबगा में जम्मू-कश्मीर के पहलगांव में आतंकवादियो की कायरतापूर्ण घटना में दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की गई। छात्र छात्राओं ने मोमबत्ती जलाकर मृतकों को श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर आयोजित श्रृद्धांजलि सभा में प्रधानाचार्य हरिदत्त शर्मा ने कहा कि दुनिया का सबसे बड़ा धर्म मानवता है लेकिन अफसोस यह है कि आतंकवादी मानवता को ही शर्मसार करने का काम कर रहे हैं। कर्म ही मनुष्य की पहचान है और आतंकवादियों को इसका परिणाम अवश्य भुगतना पड़ेगा। इस अवसर पर संगीता, सोनम चौधरी, माधवी शर्मा, नीतू चौधरी, सचिन पंवार, सरिता रानी, नेहा गोस्वामी, अंशु, शालिनी, सीमा चौधरी एवं वीशू आदि मौजूद रहे।




# जिलाधिकारी ने संबंधितों को समस्त खामियों में सुधार करने के दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय गौरीपुर, जवाहर नगर कंपोजिट का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में कुल 252 पंजीकृत छात्रों में से 183 छात्र मौजूद मिले। उन्होंने कक्षाओं का भ्रमण कर बच्चों से पाठयक्रम से संबंधित जानकारी ली और उनकी शैक्षणिक स्थिति का आकलन किया। बुधवार को निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मिड-डे मील की गुणवत्ता की भी जांच की। उन्होंने पाया कि रसोई में साफ-सफाई की स्थिति संतोषजनक नहीं थी और उपयोग में लाई जा रही हल्दी के पैकेट पर निर्माण तिथि अंकित नहीं थी। इस पर उन्होंने गहरी नाराजगी व्यक्त की और साफ-सफाई बनाए रखने के स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि विद्यालय के शौचालय पूर्ण रूप से क्रियाशील (फंक्शनल) होने चाहिए ताकि बच्चों को किसी प्रकार की असु. विधा न हो। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को सभी खामियों को जल्द से जल्द दूर करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास नीरज कुमार श्रीवास्तव सहित आदि उपस्थित रहे।



# होली चौक से श्मशान घाट तक के रास्तें में घटिया सामग्री लगाने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** ढिकोली गांव में होली चौक से शमशान घाट तक के रास्तें मे घटिया सामग्री लगानें का आरोप लगाते हुए ग्रामीणों ने प्रदर्शन करते हुए उच्च अधिकारियों से जांच की मांग की है।

ढिकोली गांव में होली चौक से लेकर शमशान तक 500 मीटर मार्ग का निर्माण पीडब्ल्यूडी द्वारा किया गया है जिसमे ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए बताया तारकोल और रोड़ी घटिया क्वालिटी का लगाया जा रहा है जो बनने के बाद पीछे से उखड़ने लगा है जिससे ग्रामीण परेशान है। ग्रामीणों ने इखट्ठा होकर प्रर्दशन करते हुए मार्ग निर्माण की जांच करानें की मांग की है। प्रर्दशन करने वालो में तरूण फौजी, अजय प्रधान, लाखन, बच्चू सिंह, जोनी, सचिन, रोकी, हनी आदि मौजूद रहे।



# वकीलों ने शोक सभा कर आतंकी हमले में मृतकों दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में 28 पर्यटको की आतंकियों द्वारा निर्मम हत्या करने की घटना की जिला बार एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में घोर निन्दा करते हुए इसे देश की अस्मिता पर हमला बताते हुए केंद्र सरकार से सख्त कदम उठाए जाने की मांग की गई। जिला बार एसोसिएशन द्वारा आयोजित शोक सभा में मृतक आत्माओं की शान्ति की प्रार्थना करते हुए उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। शोक सभा में आतंकवाद को जड से समाप्त करने तथा आतंकवाद के इस तांडव में मृतक प्रभावित परिवारों को समुचित धनरा. शि सरकार से दिये जाने की मांग की गयी।

# बालैनी पुलिस ने चोरी की दो घटनाओं का किया खुलासा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** थाना बालैनी पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर क्षेत्र में हुई चोरी की दो घटनाओं का खुलासा किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी के 6474 रुपये व एक की पैड मोबाइल बरामद किया है। पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए आरोपी को जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी के अनुसार गत 21 अप्रैल को ब्रजराज शर्मा निवासी अमीपुर बालैनी ने थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि रात्रि में मकान का ताला तोड कर अज्ञात बदमाश सेफ में रखे पांच हजार रुपये नकद व एके की पैड मोबाइल चुरा ले गए। इसके अलावा गत 20 फरवरी को गांव डौलचा निवासी किरापाल के मकान से चोर ढाई लाख रुपये चुरा ले गए थे। इस संबंध में पीड़ित ने थाना बालैनी में अज्ञात में मुकदमा दर्ज कराया था। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर चोरी की घटनाओं का खुलासा कर दिया है। पुलिस ने आरोपी क निशानदेही पर चोरी के 6474 रुपये व एक की पैड मोबाइल बरामद किया है। पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए आरोपी को जेल भेज दिया है।



# नन्हे मुन्ने छात्र-छात्राओं ने की डीएम से रास्ते को बनवाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** क्षेत्र के कोताना गाँव में स्थित मन्नीराम बालिका हायर सेकेन्ड्री स्कूल के रास्ते पर पानी की निकासी न होने के कारण आवागमन हुआ बाधित नन्हे मुन्ने छात्र-छात्राओं ने स्कूल जाते टाइम प्रदर्शन करते हुए समस्या का समाधान किए जाने की मांग जिला. धिकारी से की। नन्हे मुन्ने छात्र-छात्राओं का कहना है कि रोजाना हमारी ड्रेस स्कूल जाते वक्त कीचड़ से खराब हो जाती है। हमें स्कूल के टाइम में परेशानी हो रही है। मासूम बच्चे और महिलाओं को हो रही है भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। इस समस्या से जल्द निजात दिलाई जाए।

नन्हे मुन्ने छात्र-छात्राओं ने कहा कि अगर समस्या का समाधान नहीं किया गया तो डीएम कार्यालय पर जाकर शिकायत की जाएगी। गाँव के इस कीचड भरे रास्ते के बीच में जलभराव और दुर्गंध युक्त कीचड के कारण आये दिन बच्चे स्कूल जाते समय संभलकर चलने के बावजूद गिर जाने हैं। उनकी ड्रेस व बुक्स खराब हो जाती हैं। बताया कि इसकी शिकायत कई बार ग्राम प्रधान व ग्राम सचिव कोताना से की गयी लेकिन आज तक समस्या का कोई समाधान नहीं किया गया है। वर्तमान में इसकी शिकायत उपजिलाधिकारी मनीष कुमार यादव बडौत व खण्ड विकास अधिकारी बडौत से की गई है। ग्रामवासियों द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम में साफ सफाई का कोई कार्य नही किया जा रहा है जिससे रास्तों पर पानी की निकासी ठीक प्रकार से नहीं होती है। इस मामले को लेकर पंचायत सचिव को कई बार अवगत कराया गया, मगर आज तक भी समस्या का कोई समाधान नहीं निकल पाया। इस मौके पर मनीराम पब्लिक स्कूल के शिक्षकों छात्र-छात्राओं ने रोष व्याप्त किया। नन्हे मुन्ने छात्र छात्राओं ने डीएम से रास्ते को बनवाने की मांग की है।



# डीजे पर महिलाओं के डांस करने पर पाबंदी लगाने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** क्षेत्र के बिजरौल गांव के प्राचीन शिव मंदिर के प्रांगण में जाट समाज की एक पंचायत आहुत की गई। पंचायत में गुर्जर समाज के बाद जाट समाज की पंचायत में भी निर्णय लेते हुए डीजे पर महिलाओं के डांस करने पर पाबंदी लगाने की मांग की गई। पंचायत को संबोधित करते हुए जाट समाज के वरिष्ठ नेता एवं दिल्ली पुलिस से रिटायर चौधरी रविंद्र पाल तोमर ने कहा कि हम सब लोगों को मिलकर निर्णय लेना चाहिए कि सड़कों पर जब डीजे बजता है तो उसे पर महिलाएं डांस करती हैं जो समाज को कलंक करने का कार्य किया जाता है। समाज में ऐसी घिरणासे दूर रहने के लिए महिलाओं से भी आहवान किया गया। उन्होंने कहा कि जाट समाज भी स्वीकार करता है कि डीजे पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए। पंचायत को संबोधित करते हुए नरेश चौधरी देवेंद्र सिंह राजू चौधरी अरविंद चौधरी संजीव चौधरी मुकुट कुमार बिजेंद्र सिंह बलवान सिंह चंद्रपाल सिंह विक्रम सिंह बिट्टू चौधरी सुखदेव चौधरी के अलावा जाट समाज की पंचायत में जाट समाज के लोगों ने पंचायत में नरेश कुमार उपाध्यक्ष देवराज सिंह महामंत्री मुकुट भूषण शर्मा कोषाध्यक्ष विजयपाल मंत्री सुशील शर्मा ऑडिटर एवं दिल्ली पुलिस रिटायर देवेंद्र सिंह ढोला संयोजक संजीव कुमार तारा संजीव चौधरी आदि लोगों ने पंचायत की अध्यक्षता दिल्ली पुलिस के रिटायर रविंद्र पाल सिंह तोमर नेक पंचायत का संचालन मंदिर ट्रस्ट के महंत आनंद दास ने किया। बोलते हुए डीजे पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाए जाने की मांग की है। इस अवसर पर समाज के लोगों को कहना है कि डीजे की आवाज से दिल के मरीजों को बड़ी बेचैनी हो जाती है। भयानक आवाज से जब डीजे बजता है तो हार्ट अटैक का भी लोगों में खतरा पैदा हो जाता है। इस डीजे की धमक से काफी लोग अपनी जान गवा चुके हैं। दिल के मरीजों को डीजे की आवाज से खतरा बना रहता है । इस पर पूर्ण रूप से प्रति. बंध नहीं लगाया जाता तब तक जाट समाज भी इसका विरोधी रहेगा।

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र बन्टी व पुत्रवधू विनीता से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

परमाल सिंह पुत्र सुरजन सिंह निवासी ग्राम निबाली थाना व जनपद बागपत।

# कश्मीर में आतंकी हमले पर बार एसोसिएशन ने जताया आक्रोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** बार एसोसिएशन ने कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय को सौंपा है। 22 अप्रैल 2025 को हुए इस हमले में आतंकवादियों ने धर्म के आधार पर लोगों को निशाना बनाया। हमले में 28 लोगों की जान चली गई और 17 लोग घायल हुए।

सचिव वीरेंद्र सैनी के नेतृत्व में अधिवक्ताओं का प्रतिनिधिमंडल बुधवार को जिला मुख्यालय पहुंचा। ज्ञापन में कहा गया है कि यह कायराना हमला देश की एकता और अखंडता को कमजोर करने की साजिश है। आतंकवादियों ने पर्यटकों को निशाना बनाया। इससे देश में डर और भय का माहौल बना है। बार एसोसिएशन ने राष्ट्रपति से आग्रह किया है कि भारत सरकार को आतंकवादियों और उनके संगठनों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए जाएं। इससे नागरिकों में सरकार के प्रति विश्वास बढ़ेगा और वे सुरक्षित महसूस करेंगे। ज्ञापन देने वालों में संजय मित्तल, भोपाल शिशोदिया, देवेन्द्र खरे, विकास त्यागी, मोहित त्यागी, सुधीर त्यागी, रवि सैनी, मोहित वर्मा, तेजवीर सिंह समेत आदि अधिवक्ता मौजूद थे।




## पुलिस मुठभेड़ में तीन आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** बहादुरगढ़ और गढ़मुक्तेश्वर पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। मुठभेड़ में दो बदमाश घायल हुए। पुलिस ने इनके पास से दो लूटी हुई बाइक, दो अवैध तमंचे, कारतूस और एक चाकू बरामद किया है।

घायल बदमाशों में अर्जुन और गौरव हैं। तीसरे बदमाश का नाम संजय है। अर्जुन अमरोहा के गजरौला का रहने वाला है। वह वर्तमान में बिजनौर के शिवाला कला में रहता है। गौरव गजरौला के नई पुरा का निवासी है। संजय गढ़मुक्तेश्वर के राजीव नगर में रहता है। सीओ वरुण मिश्रा ने बताया कि इन बदमाशों ने हाल ही में बहादुरगढ़ और गढ़मुक्तेश्वर क्षेत्र से दो बाइक लूटी थीं। तीनों के खिलाफ हापुड़, अमरोहा और अन्य जिलों में लूट के करीब एक दर्जन मामले दर्ज हैं। घायल बदमाशों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।



# उपैड़ा में किसान की 6 बीघा फसल जलकर राख

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** हापुड़ के बाबूगढ़ के गांव उपैड़ा में एक किसान की गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। मंगलवार देर रात की घटना है। किसान किशन कुमार ने अपनी कटी हुई फसल को खेत में रखा था। उन्हें अगले दिन मशीन से गेहूं निकलवाना था। आग लगने की सूचना मिलते ही खेत मालिक और ग्रामीण मौके पर पहुंचे। उन्होंने तुरंत पुलिस और दमकल विभाग को सूचना दी। दमकल की टीम ने मौके पर पहुंचकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

थाना प्रभारी विजय गुप्ता पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने स्थिति का जायजा लिया। प्रारंभिक जांच में किसी चिंगारी से आग लगने की आशंका जताई गई है। हालांकि, सटीक कारणों की जांच जारी है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित किसान को मुआवजा देने की मांग की है। आग से किसान को भारी नुकसान हुआ है। इस घटना से पूरे क्षेत्र में मायूसी का माहौल है। पुलिस और प्रशासन मामले की जांच कर रहे हैं।



# अस्पताल में महिला कर्मचारी से छेड़छाड़, विरोध करने पर दी धमकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** अस्पताल में महिला कर्मचारी से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। मंगलवार रात को अस्पताल कर्मचारी शाहनवाज ने कैंटीन में काम कर रही महिला से छेड़छाड़ की। महिला ने जब इसका विरोध किया तो आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी दी।

कैंटीन संचालक के आने पर पीड़िता ने पूरी घटना बताई। इस पर आरोपी शाहनवाज ने दोनों के साथ मारपीट कर दी। इस हमले में महिला कर्मी और कैंटीन संचालक घायल हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने आरोपी को पकड़ने का प्रयास किया।

शाहनवाज पहले अस्पताल में छिप गया और फिर पुलिस के आने से पहले फरार हो गया। थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज बालियान ने बताया कि घायल महिला को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़िता की शिकायत पर आरोपी शाहनवाज के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया है।




# आतंकी हमले मारे गए शहीदों की याद में भाजपा ने किए कार्यक्रम स्थगित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले में शहीद हुए देशवासियों की याद में भारतीय जनता पार्टी ने सभी कार्यक्रम स्थगित कर दिए हैं। जिले में होने वाला पश्चिम क्षेत्र का सम्मेलन भी रद्द कर दिया गया है।

श्रद्धांजलि सभा में जिला अध्यक्ष नरेश तोमर ने कहा कि इस हमले से मानवता को बड़ा आघात पहुंचा है। उन्होंने कहा कि लोगों का धर्म पूछकर गोली मारना साफ दर्शाता है कि इस हमले में पाकिस्तान का हाथ है। तोमर ने कहा कि दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। मोदी सरकार इस हमले को लेकर गंभीर है। भारत के साथ-साथ विदेश में भी इस हमले का विरोध हो रहा है। कार्यक्रम में शहीदों की आत्मा की शांति के लिए मौन धारण किया गया। श्रद्धांजलि सभा में पश्चिम के महामंत्री हरिओम शर्मा, उपाध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी, योगेंद्र चौधरी, महिला मोर्चा अध्यक्ष डा. पायल गुप्ता समेत कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## एक नजर

### प्राथमिक विद्यालय कमालपुर में कम्प्यूटर लैब का हुआ उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** प्राथमिक विद्यालय कमालपुर मे जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी हापुड़ रीतु तोमर, खड़ शिक्षा अधिकारी योगेश गुप्ता एवं जिला समन्वयक संजय यादव द्वारा कंप्यूटर लैब का उद्घाटन किया गया।

इस दौरान 2018 की राज्य पुरस्कार विजेता शिक्षिका भावना शर्मा ने बताया कि इससे पहले भी उनके सहयोग से विद्यालय में प्रोजेक्टर दो कंप्यूटर लैपटाप की व्यवस्था उनके द्वारा की गयी थी। सामुदायिक सहभागिता से एक स्मार्ट टीवी भी विद्यालय को उपलब्ध कराया गया है और अब पांच कंप्यूटर और कुल मिलाकर सात कम्प्यूटर से सुसज्जित एक बड़ी लैब का निर्माण विद्यालय में किया गया है। इसका उद्देश्य बच्चों को कंप्यूटर शिक्षा में पारंगत करना है। जिससे सरकारी विद्यालय के बच्चे भी आगे प्राइवेट स्कूलों के बच्चों से टक्कर ले सकें। शिक्षिका ने बताया कि बच्चों की लर्निंग पावर बहुत ज्यादा होती है उन्हें एक बार अगर आप समझाते हैं तो वह बहुत जल्दी उसको सीखते हैं। कंप्यूटर लैब से विद्यालय में बच्चों का नामांकन बढ़ना तय है। शिक्षिका ने बताया कि पूर्व छात्र-छात्रा भी तथा गांव की लड़कियां भी इस कंप्यूटर लैब का फायदा उठा सकते हैं और कंप्यूटर सीख सकते हैं। उनके विद्यालय के बच्चे प्राइवेट स्कूल के बच्चों को टक्कर देते है। अभी-अभी दो बच्चों का चयन भी नवोदय विद्यालय में हुआ है बच्चों ने टीएलएम एग्जिबिशन भी लगाई। गत वर्ष प्रथम द्वितीय तृतीय आने वाले बच्चों को पुरस्कार भी दिया गया। बच्चों को पुस्तक वितरण भी किया गया। बच्चों को धीरे-धीरे एआई टेक्नोलॉजी से जोड़ते हुए बच्चों को भविष्य में आगे ले जाना है। शिक्षिका भावना शर्मा ने बताया कि उनके स्टाफ सुधा रानी ,रेनू चौधरी तसव्वर अली व आंगनबाड़ी कार्यकत्री बबीता शर्मा, कमलेश तरन्नुम के बिना यह कार्य संभव नहीं था। इस दौरान उस्मान प्रधान, वीरेंद्र कुमार, मोनिका राठी, यशवीर सिंह ,समून व ग्राम वासियों मौजूद रहे।

### संचारी रोग नियंत्रण दस्तक अभियान के तृतीय सप्ताह की गतिविधियों की समीक्षा बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित विशेष संचारी रोग नियंत्रण दस्तक, अभियान के तृतीय सप्ताह की गतिविधियों की समीक्षा बैठक मुख्य विकास अधिकारी, हिमांशु गौतम की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें सीएमओ डा. सुनील कुमार के अतिरिक्त अन्य अधिकारी गण द्वारा प्रतिभाग किया गया।

विभागवार गतिविधियों की उपलब्धि का प्रतिशत प्रस्तुत सतेंद्र कुमार, जिला मलेरिया अधिकारी ने किया जिसमें अधिकांश कार्यों में शत प्रतिशत उपलब्धि प्राप्ति का आंकड़ा दर्शाया गया, जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने आपत्ति व्यक्त करते हुए मॉनिटरिंग एजेंसी विश्व स्वास्थ्य संगठन, के एसएमओ डा. भरत दूबे से जानकारी मांगी गई और उनसे मॉनिटरिंग में सुधार लाने हेतु कोई ठोस कार्यक्रम बनाने का निर्देश दिया गया। जिला मलेरिया अधिकारी से भी क्षेत्र भ्रमण के विषय में जानकारी ली गई। उनके द्वारा बताया गया कि 22 अप्रैल को उनके द्वारा ग्राम मुहम्मद पुर आजम पुर और कुचेसर चौपला का भ्रमण कर CS entry App पर पांच पांच घरों की प्रविष्ठियां भरी गई और कुचेसर चौपला के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में जाकर छात्राओं को संचारी/दस्तक अभियान के विषय में समुचित जानकारी दी गई। सीडीओ महोदय हापुड़ द्वारा सतेंद्र कुमार को खंड शिक्षा अधिकारी हापुड़ के साथ विद्यालयों का भ्रमण करने और छात्र छात्राओं का संवेदीकरण करने हेतु आदेशित किया।

### प्राथमिक विद्यालय में पृथ्वी दिवस पर अनूठी पहल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** उच्च प्राथमिक विद्यालय सालेहपुर कोटला में विश्व पृथ्वी दिवस पर एक नवीन पहल की गई। विद्यालय ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत पृथ्वी संरक्षण की शपथ से हुई। इसमें छात्रों और शिक्षकों ने भाग लिया।

बच्चों के लिए पर्यावरण विषय पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी रखी गई। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण क्यूआर कोड्स फॉर फ्लोराश गतिविधि रही। इसके तहत स्कूल परिसर में मौजूद पौधों की पहचान की गई। हर पौधे के बारे में विस्तृत जानकारी वाले क्यूआर कोड बनाए गए। छात्रों ने इन कोड को स्कैन करके पौधों की प्रजातियों, उपयोग और पर्यावरण में उनके महत्व के बारे में जाना। विद्यालय के प्रधानाध्यापक सुरेंद्र सिंह निप्रा ने कहा कि पृथ्वी दिवस सिर्फ एक दिन का उत्सव नहीं है। यह हमारे ग्रह के प्रति जिम्मेदारी का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वस्थ धरती छोड़ना हम सबकी जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में शिक्षिका शाजिया गुल उस्मानी, पारुल शर्मा, रुचि शर्मा समेत छात्र-छात्राएं आदि मौजूद रहे।

### लखनऊ में हुई कांग्रेस की संगठन सृजन अधिवेशन की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** बुधवार को लखनऊ में कांग्रेस की संगठन सृजन अधिवेशन की बैठक हुई। अधिवेशन में जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी, शहर अध्यक्ष इरफान कुरैशी, पूर्व विधायक गजराज सिंह भी पहुंचे और कार्यक्रम में शिरकत की। इस दौरान अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी ने गजराज सिंह पूर्व विधायक को पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी उत्तर प्रदेश का सदस्य मनानीत किया हैं।

गजराज सिंह ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सभी शीर्ष नेताओं और प्रदेश अध्यक्ष अजय राय का आभार व्यक्त किया हैं और कहा हैं कि उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई हैं वे उस जिम्मेदारी को पूर्ण निष्ठा के साथ निभाएंगे और संगठन को मजबूत करेंगे। जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने कहा हैं कि उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आहवान पर प्रदेश के समस्त जिलों से जिला अध्यक्षों, शहर अध्यक्षों को अधिवेशन में हिस्सा लेने के लिए लखनऊ पहुंचने के लिए निर्देश दिए गए थे। उन्होंने बताया कि अधिवेशन में अहमदाबाद प्रस्ताव और संगठन सृजन जैसे महत्वपूर्व विषयों पर जिला स्तर पर प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही आगामी रणनीति पर चर्चा इस अधिवेशन में की गई हैं। अधिवेशन में राष्ट्रीय महासचिव/प्रभारी उत्तर प्रदेश अविनाश पांडे, पी एल पुनिया सहित कई वरिष्ठ कांग्रेस नेता गण मौजूद रहे।

# दहेज के लिए पत्नि की हत्या का आरोपी पति गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** धौलाना थाना क्षेत्र में दो दिन पूर्व दहेज के लिए एक नवविवाहिता की हत्या का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी पति शिवम को ककराना गांव के पेट्रोल पंप के पास से गिरफ्तार कर लिया है।

मृतका की पहचान रितु के रूप में हुई, जिसकी शादी 26 अप्रैल 2024 को ककराना गांव के रहने वाले शिवम के साथ हुई थी। रितु के पिता सोनू ने बताया कि वे बुलंदशहर जिले के डिबाई थाना क्षेत्र के ओगढ़ गांव के रहने वाले हैं। पिता का आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले दहेज की मांग को लेकर उनकी बेटी को प्रताड़ित कर रहे थे। दो दिन पहले रितु की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने मामले में धारा 304बी और दहेज अधिनियम के तहत केस दर्ज किया है। थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि अपराध की रोकथाम और वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत आरोपी को पकड़ा गया है। आरोपी शिवम मूलचंद राणा का बेटा है। पुलिस अब आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।




# पुलिस ने गुमशुदा बच्चे को परिजनों से मिलवाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड़ नगर पुलिस ने ऑपरेशन स्माइल के तहत बोलने-सुनने में असमर्थ गुमशुदा बच्चे को त्वरित कार्यवाही करते हुए परिजनों की तलाश कर अथक प्रयास के बाद उसके परिजनों से मिलवाया। बच्चे को पाकर परिजनों ने पुलिस का आभार व्यक्त किया।

थाना प्रभारी निरीक्षक अवधेश माहौर ने बताया कि थाना हापुड़ नगर पुलिस को एक बच्चा जिसकी उम्र करीब 7-8 वर्ष लावारिस हालत में मिला था। जो बोलने व सुनने में असमर्थ था। जिस कारण कोई लाभप्रद सूचना प्राप्त नही हो पा रही थी।

इस संबंध में थाना हापुड़ नगर पुलिस द्वारा तत्काल आवश्यक कार्यवाही अमल में लाई गई। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक ज्ञानंजय सिंह के निर्देशन में हापुड पुलिस द्वारा जनपद में चलाए जा रहे ऑपरेशन स्माइल अभियान के अन्तर्गत थाना हापुड़ नगर पुलिस द्वारा बोलने-सुनने में असमर्थ बच्चे को त्वरित कार्यवाही करते हुए अथक प्रयास के बाद परिजनों की तलाश कर सकुशल उसके परिजनों के सुपुर्द किया गया। परिजनों द्वारा हापुड पुलिस का आभार प्रकट करते हुए भूरि-भूरि प्रशंसा की गयी।



# लोगों से ठगी करने वाले गिरोह का पुलिस ने किया पर्दाफाश, महिला सहित तीन गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड़ नगर पुलिस ने ई-रिक्शा, ऑटो व बस आदि में यात्रा के दौरान सवारियों को बातों में उलझाकर उनके कीमती सामान को चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए एक महिला सहित तीन शातिर ठगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से 70 हज़ार रुपये की नकदी, सोने व चांदी के आभूषण और अवैध हथियारों बरामद किया है।

सदर सीओ जितेंद्र कुमार ने बताया कि थाना हापुड़ नगर पुलिस ने ई-रिक्शा, ऑटो व बस आदि में यात्रा के दौरान सवारियों को बातों में उलझाकर उनके कीमती सामान को चोरी करने वाले गिरोह के नानू पत्नी राजेश, रिंकू पुत्र राजेश, आसिफ पुत्र शाहबुद्दीन निवासी हैदरनगर थाना हापुड नगर जनपद हापुड को मोदीनगर रोड से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने इनके कब्ज़े से 70 हज़ार रुपये की नकदी, सोने के तीन नोज पिन व एक पेन्डल, चांदी के चार जोडी बिछुए व पाजेब, एक अवैध तमंचा, एक जिन्दा कारतूस और एक अवैध चाकू बरामद किया है। गिरफ्तार किया गया आरोपी रिंकू शातिर किस्म का अपराधी है जिसके विरूद्ध जनपद रामपुर व हापुड़ में चोरी व आर्म्स एक्ट आदि के करीब आधा दर्जन आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। आरोपियों की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना हापुड़ नगर पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।



# पुलिस ने जुआ खेलते हुए एक जुआरी को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हापुड़ देहात पुलिस ने जुआ खेलते हुआ एक जुआरी को गिरफ्तार कर जुआरी के कब्जे से 680 रुपये की नकदी, पैन व सट्टा पर्ची बरामद किया है।

थाना देहात प्रभारी निरीक्षक मनोज बालियान ने बताया कि हापुड़ पुलिस द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं जुआरी और सट्टेबाजों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत थाना हापुड़ देहात पुलिस द्वारा जुआ खेलते समय एक जुआरी को थाना क्षेत्र के कांक्रीट बाक्स से गढ की तरफ चौकी क्षेत्र अयोध्यापुरी से गिरफ्तार किया गया है। जिसके कब्जे से 680 रुपये की नकदी, पैन व सट्टा पर्ची बरामद किया गया है। आरोपी की पहचान मेहरूद्दीन पुत्र नसीर निवासी मोहल्ला कोटला सादात थाना हापुड देहात जनपद हापुड के रूप में हुई है।



# गांव में हिंदू संगठनों का प्रदर्शन, आतंकवाद का जलाया पुतला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत/रटौल।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए दर्दनाक आतंकी हमले के विरोध में बुधवार को डगरपुर गांव स्थित स्व. ब्रहमपाल सिंह अखाड़े में हिंदू संगठनों ने जोरदार प्रदर्शन किया।

डगरपुर गांव में पुलवामा हमले के विरोध में हिंदू सगठनों ने आतंकवाद का पुतला जलाया और प्रर्दशन किया प्रदर्शन में शामिल भाजपा नेता व जिला पंचायत सदस्य मनुपाल बंसल ने कहा कि यह हमला मानवता पर हमला है। सरकार को आतंक की जड़ों को उखाड़ फेंकने के लिए तुरंत सख्त कदम उठाने चाहिए। मनोज गुर्जर ने कहा कि हमले को 24 घंटे से ज्यादा हो गए हैं, लेकिन अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। अगर जल्द कदम नहीं उठाए गए तो हम सभी को सडकों पर उतरकर आंदोलन करना पड़ेगा। मंगलवार को पहलगाम की बायसरन घाटी में सेना की वर्दी में आए आतंकियों ने पहले पर्यटकों से धर्म पूछा, उनके पहचान पत्र देखे और फिर हिंदू पहचान होने पर अंधाधुंध गोलीबारी कर दी। इस हमले में 26 लोगों की जान चली गई, जिनमें अधिकांश पर्यटक, दो विदेशी नागरिक और दो स्थानीय लोग शामिल हैं। प्रदर्शन में टेकराम, बिल्लू शाहजी, रामू पहलवान, मास्टर कुलदीप, संदीप, अरुण बैंसला, नरेंद्र खलीफा, योगेन्द्र बैंसला, सूरज कसाना, बिजेंद्र सरपंच, जयचंद सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में आतंक के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग की।




# जवाहर नवोदय विधालय में 14 सदस्यीय क्रिकेट टीम का हुआ चयन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत/रटौल।** जवाहर नवोदय विधालय में 14 सदस्यीय क्रिकेट टीम का चयन किया गया जिसमे उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलो से आये बच्चो ने भाग लिया।

जवाहर नवोदय विधालय में नवोदय विधालय समिति लखनऊ संभाग की 14 सदस्यीय टीम का चयन किया गया। प्रतियोगिता विद्यालय प्राचार्य दुष्यंत कुमार सिंह द्वारा ध्वज फहराकर किया गया, जिसमें नवोदय विद्यालय लखनऊ संभाग के 25 विद्यालयों के 63 छात्रों ने प्रतिभाग किया। समापन को लखनऊ संभाग की सहायक आयुक्त सुनीता देवी के द्वारा चयनित छात्रों को मेडल प्रदान कर किया गया। चयन समिति में प्रतीक तोमर, शएस. के. गुप्त, अतुल कुमार एवं निक्की सम्मिलित रहे। चयनित 14 सदस्यीय क्रिकेट टीम (बालक वर्ग) नवोदय विद्यालय समिति की राष्ट्रीय अंडर-14 क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेगी।



# मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक सम्पन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**रामपुर।** बुधवार को मुख्य विकास अधिकारी नन्द किशोर कलाल की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक विकास भवन सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने समस्त एमओआईसी को निर्देशित किया कि आशाओं के साथ बैठक कर संस्थागत प्रसवों में सुधार लाएं तथा उन्होंने समस्त प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को जननी सुरक्षा योजना के अन्तर्गत शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया कि रिक्त आशाओं के पदों पर 10 कार्यदिवसों में नयी आशाओं का चयन करते हुए समय से आशाओं का प्रशिक्षण करायें तथा

कार्य में रुचि न लेने वाली आशाओं और जिन आशाओं द्वारा निजी चिकित्सालयों में प्रसव कराये जा रहे हैं, उनको तत्काल नोटिस जारी कर उनके स्थान पर नयी आशाओं का चयन करें। मुख्य विकास अधिकारी ने संचारी रोगों के नियंत्रण हेतु चलाए जा रहे विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान व दस्तक अभियान के तहत अब तक की गई तैयारियों एवं विभिन्न स्तरों पर समन्वयक समिति की बैठकों की प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए सभी सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों एवं चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया कि आपसी समन्वय बनाकर कर अभियान के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु ग्रामीण स्तर पर कार्यरत आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्री घर-घर जाकर लोगों को संचारी रोगों के प्रति जागरूक करें। उन्होंने संचारी रोग नियंत्रण अभियान को सफल बनाने के दृष्टिगत कृषि, नगर पालिका, नगर निकाय, पंचायतीराज सहित सम्बन्धित विभागों को स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर अपने विभागीय कार्यों एवं उत्तरदायित्वों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से सम्पादित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने प्रभारी चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रधानों के साथ समन्वय स्थापित कर हैजिटेशन फैमिली के डाटा में तत्काल सुधार करायें। समस्त केन्द्र प्रभारी, आशा एवं आंगनबाड़ी के साथ एक वर्कशॉप का आयोजन कर नवजात शिशुओं के जन्म पंजीकरण ग्राम पंचायत सहायक के माध्यम से करायें। बैठक में सी.एम.ओ. डा. एस.पी. सिंह, सी.एम.एस. डॉ. डीके वर्मा, डी.पी.आर.ओ. जाहिद हुसैन सहित अन्य विभागीय अधिकारीगण एवं चिकित्सा अधिकारी उपस्थित रहे।

# जनपद में 11 जून तक भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 लागू

**( इमरान हुसैन )**
**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**रामपुर।** आगामी अवधि में परशुराम जयंती, लोकनायक महाराणा प्रताप जयंती, बुद्ध पूर्णिमा, ईदुल्जुहा (बकरीद) आदि त्योहारों के दृष्टिगत अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) डॉ. नितिन मदान ने जिले में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा-163 लागू की है। एडीएम (प्रशासन) ने बताया कि जनपद में लोक व्यवस्था, कानून एवं शांति व्यवस्था तथा जनव्यवस्थायें बनाए रखने के लिए धारा 163 लगाई गई है। जिसे 11 जून, 2025 तक लागू किया गया है। जारी आदेश के अनुसार जनपद में ड्यूटी पर तैनात शासकीय कर्मचारियों/अधिकारियों और अन्य ऐसे कर्मियों, जो शासकीय अस्त्र-शस्त्र धारण करने हेतु अधिकृत हैं, उन्हे छोड़कर कोई भी व्यक्ति सार्वजनिक रूप से अस्त्र-शस्त्र बिना अनुमति के अपने पास नहीं रखेगा न ही प्रदर्शन करेगा। किसी सार्वजनिक स्थान पर कोई भी व्यक्ति ऐसे व्यक्तियों के समूह के साथ सम्मिलित नहीं होगा, जिसका उद्देश्य किसी नियम विरूद्ध गतिविधि में भाग लेना हो।

इस अवधि के मध्य पड़ने वाले त्यौहारों पर किसी प्रकार की नई परम्परा प्रारम्भ नहीं की जायेगी। कोई भी व्यक्ति/संगठन आवागमन के साधन जैसे रेल, सड़क यातायात, विद्युत व्यवस्था, जल आपूर्ति जैसी महत्वपूर्ण जनहित की सेवाओं में किसी प्रकार का अवरोध उत्पन्न नहीं करेगा।

किसी भी व्यक्ति/संगठन/ समूह/ सम्प्रदाय/धार्मिक व राजनैतिक दल द्वारा बिना अनुमति प्राप्त किए जनपद में कोई भी जुलूस, धरना प्रदर्शन, घेराव, पदयात्रा, वाद-विवाद, नारेबाजी इत्यादि नहीं की जाएगी। धरना-प्रदर्शनों/जुलूसा. ें/आन्दोलनों/सार्वजनिक कार्यक्रमों के सम्बन्ध में केन्द्र सरकार/राज्य सरकार अथवा स्थानीय प्रशासन से जारी दिशा निर्देशों का अनुपालन करना अनिवार्य होगा। उन्होंने बताया कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक विनियम-2011 के अंतर्गत तंबाकू एवं निकोटिन युक्त पान मसाला, गुटका का निर्माण, भंडारण व विक्रय प्रतिबंधित रहेगा। खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम-2006 एवं खाद्य सुरक्षा मानक विनियम-2011 में निहित प्रावधानों के विपरीत अवैध बूचड़खानों का संचालन अवैध रूप से खुले में मीट, मांस, मछली आदि का काटना व विक्रय प्रतिबंधित रहेगा।

उन्होंने बताया कि सिंगलयूज प्लास्टिक और थर्माकॉल के इस्तेमाल की अनुमति नहीं दी जाएगी। आम जनमानस को प्लास्टिक फ्री त्योहार मनाए जाने हेतु प्रेरित किया जाए।

# बिजली कटौती को लेकर डीएम से की शिकायत

**( सुहैल मियाँ )**
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार/रामपुर।** नगर समेत ग्रामीण क्षेत्र में बिजली व्यवस्था चरमराकर रह गई है। बिजली की आंख मिचौली के चलते क्षेत्रवासियों का बुरा हाल हैं। समाजसेवी एवं ऑल इंडिया मुस्लिम फेडरेशन के नगर अध्यक्ष एड परवेज अख्तर ने जिलाधिकारी से लिखित शिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर की है। कि स्वार समेत ग्रामीण क्षेत्र में बिजली व्यवस्था चरमराकर रह गई है। बिजली की आंख मिचौली के चलते क्षेत्रवासियों का बुरा हाल है। समाजसेवियों ने जिलाधिकारी से शेडयूल के हिसाब से बिजली आपूर्ति दिलाए जाने की मांग की है। नगर समेत ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली के आने व जाने का कोई समय निश्चित नहीं है।

कभी लोकल फाल्ट तो कभी ब्रेक डाउन से बिजली व्यवस्था का बुरा हाल है। ओवरलोड के चलते नगर समेत क्षेत्र की बिजली गुल होकर रह जाती है। बिजली न मिलने के कारण लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। दिन में बिजली न मिलना एवं देर रात में बिजली आने के बाद सुबह गायब होने का क्रम दो सप्ताह से जारी है। बिजली कर्मचारियों ओर खास कर स्वार जेई आसिफ कामरुज्ज्मा से शिकायत करने पर लोकल फाल्ट का बहाना बनाकर लोगों को टरका दिया जाता है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कि स्वार जेई आसिफ की लोगों के प्रति कोई जिम्मेदारी तय नहीं है बल्कि उक्त व्यक्ति खूब दबंगई दिखाता है और कहता है कि में स्वार के किसी भी उपभोक्ता से बात नहीं करूंगा। उधर नगर समेत क्षेत्र के दूंदावाला, नानकार रानी, मीरापुर मीरगंज, समोदिया, नरपतनगर, मिलक काजी, गो. विदपुरा, मिलकताज खां, हमीरपुर, रायपुर चुन्नावाला, पुस्वाड़ा, मिलकखानम, दूंदावाला, गिजपुरा, आरसल पारसल, रजानगर, डिलारी समेत दर्जनों गांव में रात दिन हो रही अंधाधुंध बिजली कटौती ने ग्रामीणों की नींद उड़ा दी है। सरकार ने नगर को 22 घंटे व ग्रामीण क्षेत्र में 18 घंटे तक बिजली आपूर्ति देने के सख्त निर्देश दिए हैं। इसके बावजूद अधिकारियों की लापरवाही के चलते बिजली व्यवस्था चरमराकर रह गई है। एसडीओ सर्वेश सिंह ने बताया की लगातार प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे की क्षेत्रवासियों को शेडयूल के हिसाब से बिजली आपूर्ति मिल सके। बिजली की अंधाधुंध कटौती के चलते क्षेत्रवासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। लगातार मांग के बावजूद समस्या ज्यों की त्यों बनी है।एडवोकेट परवेज अख्तर ने कहा है कि बिजली आने व जाने का कोई समय नही है। जिसके चलते उपभोक्ता बिजली का मुंह ताकते रहते हैं। बिजली विभाग फाल्ट का बहाना बनाकर टाल देते हैं। सरकार द्वारा नगर को 20 घंटे व ग्रामीण क्षेत्रों को 18 घंटे बिजली देने के निर्देश दिए गए हैं लेकिन बिजली विभाग के अधिकारी सरकार के आदेशों का पालन न कर खिल्ली उड़ा रहे है।

## आतंकी हमले में मारे गए लोगों को भाजपाइयों ने दी श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** जम्मू कश्मीर के पहल गांम में आतंकी हमले में मारे गए लोगों को भाजपाइयों ने श्रद्धांजलि अर्पित की और दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए मौन धारण किया।

मंगलवार को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले में 30 से ज्यादा लोगों के मौत की खबर के बारे में बताया जा रहा है वही आतंकी हमले में 15 से ज्यादा घायल बताए जा रहे हैं। जिसमें दो विद. ेशी भी शामिल है ।बुधवार को भारतीय जनता पार्टी रामपुर के मिलक ग्रामीण मंडल अध्यक्ष एडवोकेट दर्शन सिंह सहित महामंत्री दिनेश पाल, शिशुपाल ठाकुर, सुनील ठाकर ने ग्राम रेबड़ी कलां में दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए मौन धारण किया और मोमबत्ती जलाकर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित कर दुख व्यक्त किया।

# बार वेलफेयर एसोसिएशन की बार सभागार में आहूत हुई बैठक

**( सुहैल मियाँ )**
**शाह टाइम्स संवाददाता**



**स्वार/रामपुर।** बार वेलफेयर एसोसिएशन के बार सभागार में वकीलों की आपातकाल बैठक का आयोजन बार अध्यक्ष राजेन्द्र नाथ गोस्वामी की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में सीनियर बार वेलफेयर एसोसिएशन के वकील भी शामिल हुए और कश्मीर के पहलगाम में 26 टूरिस्टों की अमानवीय रूप से अंधाधुंध गोली चलाकर हत्या किये जाने की घोर निंदा करते हुए घटना पर शोक व्यक्त किया। मन झंझोर देने वाली इस घटना पर वकीलों ने हत्यारों को फाँसी की सजा दिलाए जाने की मांग की है। बाद में वकीलों द्वारा हड़ताल की घोषणा करते हुए दिवंगत आत्माओँ की शांति के लिए शोक सभा आयोजित की गई जिसमें ईश्वर से शोक संतृप्त परिवारों को इस असीम दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने के लिये प्रार्थना हुई। इस दौरान बार वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेन्द्र नाथ गौस्वामी, सीनियर बार वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष गुरनाम सिंह सन्धु, वरिष्ठ अधिवक्ता ताहिर हसन खां, इरशाद अहमद, पंकज कुमार जोशी, रेहान सईद खां, राशिद खान, मोहम्मद जुनैद सैफी, जावेद अख्तर, नौशाद आलम, भगवत सरन, सुंदर लाल, चंद्रपाल सिंह सागर, अनीस अहमद, पवन कुमार, अफसर अली, अरबाज, जिया मलिक, रिजवान अली, महमूद अली, मुस्तकीम, नाजिम अली आदिल हसन आदि वकील शामिल रहे।

# भव्य कलश यात्रा के बाद आरम्भ हुई श्रीमद् भागवत कथा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** नगर जनता इंटर कॉलेज में बुधवार से श्रीमद भागवत कथा का हुआ शुभारंभ जिसमें श्रीमद भागवत कथा का विश्राम 29 अप्रैल को होगा। जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालु कथा स्थल पर एकत्रित होकर छितौनी मार्ग से होते हुए रामगंगा नदी पर पहुंचकर महिलाओं ने कलश में गंगा जल भर अपने सिर पर कलश रख भव्य कलश यात्रा माता बेला भवानी पर आकर माता रानी के दर्शन कर चौराहे वाली देवी पर होते हुए मोहल्ला पधानो में होते हुए भुर्जियों वाली गली से गुजरते हुए शिवालय मंदिर पर पहुंचकर दर्शन आदि कर थाने पर होते हुए कथा स्थल जनता इंटर कॉलेज पर पहुंच कथा स्थल पर बने सिंहासन पर महिलाओं ने अपने अपने कलशों को स्थापित किया। जिसमें कथा व्यास आचार्य ओम कृष्ण शास्त्री महाराज के सानिध्य में भव्य कलश यात्रा निक. ाली गई श्रीमद्भगवद् कथा की आरती अधिशासी अधिकारी पुष्पेंद्र सिंह राठौर व निर्भय सिंह द्वारा प्रारंभ की गई। जिसमें व्यास आचार्य ओम कृष्ण शास्त्री महाराज ने अपने सुन्दर मुखारविंद से सुंदर कथा का वर्णन प्रारंभ किया जिसमें उपस्थित मास्टर नरेश कुमार शर्मा, पंकज शर्मा (सभासद), सुन्दर पाण्डेय, प्रेमकुमार जोशी, प्रवीण कुमार जोशी, शोभित शर्मा,सुशील फौजी सहित थाना प्रभारी महेंद्रपाल सिंह अपनी पुलिस फोर्स के साथ मौजूद रहे।



## अलग-अलग मामलों में पुलिस ने तीन का चालान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**पटवाई/रामपुर।** शराब पीकर अपने परिजनों को गाली गलौज व मारपीट करने में पटवाई पुलिस ने एक का चालान कर दिया पटवाई थाना क्षेत्र के सहविया गांव निवासी बलविंदर पुत्र स्वर्गीय हरभजन सिंह शराब पीकर अपने परिवार को गाली गलौज व मारपीट करने में पुलिस ने चालान कर दिया। वहीं इसी थाना क्षेत्र के मुड़िया खेड़ा गांव निवासी शाहिद पुत्र कल्लू वाहिद पुत्र कल्लू घर के बंटवारे को लेकर आपसी विवाद कर रहे थे। पटवाई पुलिस ने दोनों युवकों का शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु चालान कर दिया।

# नगर पंचायत नरपतनगर बंदरों को पकड़ने के लिए शुरू हुआ अभियान

**( सुहैल मियाँ )**
**शाह टाइम्स संवाददाता**



**स्वार/रामपुर।** रविवार नगर पंचायत नरपतनगर दूंदावाला में लंबे समय से बंदरों का आतंक था ,बंदरों की लगातार सांख्य बड़ने से बंदर उत्पात मचाते थे। कई लोगों को बंद. रों ने काट कर घायल कर दिया था और कई लोग बंदरों के खघैफ से छत से गिर कर घायल हो गए थे। किसी का हाथ टूट गया था तो किसी का पैर टूट गया था ,बंदरों से लोगों का घरों में रखा सामान भी सुरक्षित नहीं था आए दिन बंदर किसी ना किसी को शिकार बनाते रहते थे और सामान का नुकसान भी पहुचाते रहते थे। बंदरों के आतंक को खत्म करने के लिए और लोगों की जान और माल की सुरक्षा के लिए चेयरमैन खालिद अली ने नगर पंचायत बोर्ड में बंदर पकड़ने के प्रस्ताव को पास किया और बंदर पकड़ने के लिए टीम को बुलवाया जिससे लोगों को बंदरों के आतंक से निजात मिल सके। बंदरों को पकड़ने के अभियान का शुभारंभ रविवार को हुआ। बंदरों को पकड़ने की टीम ठेकेदार के साथ लेबर और लोहे के पिंझरे लेकर उतरी और 100 बंदर पड़के जिन्हें दूर जंगल में सुरक्षित स्थान पर छोड़ा जाएगा। नगर पंचायत को बंदरों से मुक्त करने तक यह अभियान चलाया जाएगा। चेयरमैन खालिद अली ने कहा नगरवासियों की हर समस्या के लिए हम हर संभव प्रयास कर रहे हैं जिससे नगर के लोगों को बेहतर सुविधाएं पहुँच सके और लोगों के लिए सुरक्षा व्यवस्था भी बेहतर हो सके ।

# जामिया यूनिवर्सिटी की कक्षा 9 की प्रवेश परीक्षा में अली हादिन ने प्राप्त की सेकंड ऑल इंडिया रैंक

**( इमरान हुसैन )**
**शाह टाइम्स ब्यूरो**



अली हादिन

**रामपुर।** जनपद की तहसील शाहबाद के नगर निवासी वरिष्ठ पत्रकार सिफत मियां के पुत्र अली हादिन का दिल्ली की जामिया मिल्लिया यूनिवर्सिटी में कक्षा 9 में चयन हुआ है। बताते चलते कि अली हादिन ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा नगर के सरमाउंट पब्लिक स्कूल में कक्षा 1 से 5 तक की पढ़ाई पूरी की उसके बाद उन्होंने कक्षा 6 और 7 नगर के ही इस्लामिया जूनियर हाई स्कूल से पास किया,उसके बाद अली हादिन ने नगर के सेंट पॉल्स एकेडमी में प्रवेश लिया और वहां भी कक्षा 8 में प्रथम स्थान प्राप्त किया। अली हाडिन ने इस बार जामिया मिलिया इस्लामिया की कक्षा 9 की प्रवेश परीक्षा दी थी। जिसका परीक्षा फल मंगलवार को देर शाम घोषित हुआ जिसमें अली हादिन ने जनरल कैटेगरी में ऑल इंडिया द्वितीय रैंक प्राप्त की। शाहबाद पत्रकार वेलफेयर एसोसिएशन रजि. के महासचिव सिफत मियां ने बताया कि उनके बेटे अली हादिन ने जामिया मिलिया इस्लामिया की प्रवेश परीक्षा में ऑल इंडिया जनरल रैंक में दूसरा स्थान पाया है। कक्षा 9 की प्रवेश परीक्षा में देश भर से लाखों बच्चे शामिल हुए थे।

अली हादिन ने अलीगढ़ के प्रसिद्ध कोचिंग सेंटर इमेज कोचिंग से ऑनलाइन तैयारी की थी इमेज कोचिंग के डायरेक्टर नवाब सर ने फोन करके अली हादिन को और उनके परिवार को बधाई दी।
अली हादिन के पिता सिफत मियां ने इमेज क्लासेस के डायरेक्टर नवाब सर को धन्यवाद दिया।

# गौकशी के दो अभियुक्तों को स्वार पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान किया गिरफ्तार

**( सुहैल मियाँ )**
**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार/रामपुर।** पुलिस ने कार्यवाही करते हुए गौकशी के दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। बुधवार। पुलिस ने कार्यवाही करते हुए पुलिस अधीक्षक के आदेश पर कोतवाली प्रभारी कुलदीप सिंह के निर्देश पर पुलिस अपराधियों की धरपकड़ को लेकर चलाए अभियान के अंतर्गत पुलिस ने कार्यवाही करते मुखबिर की सूचना पर गौकश अभियुक्तों को पुलिस ने मानपुर उत्तरी से खानपुर उत्तरी की तरफ जाने वाले कच्चे रास्ते के आगे नईया नदी के पास कुछ अवशेष पड़े है।



जिन्हें पिछली रात्रि घटना की इमरान पुत्र अबरार 2 मुर्तुजा पुत्र बब्बू निवासी गढ़ नरपत नगर दुंदा वाला ने प्रतिबंधित पशुओं का वध अपने साथियों के साथ मिलकर किया है।और वह अभी भी पीपल साना से रतन पुरा जाने वाले रास्ते मे वध की फिराक में है।

उक्त सूचना पर पुलिस टीम के साथ कोतवाली प्रभारी कुलदीप सिंह के नेर्तत्व में मौके पर पहुंचे पुलिस को आता देख दोनों व्यक्तियो ने जान से मारने की नीयत से पुलिस पर फायर करने लगे।

पुलिस टीम द्वारा भी आत्मरक्षार्थ मैं फायर किए इस दौरान अभियुक्त इमरान के पैर में गोली लग गई।जिसे अस्पताल भेजा गया ओर अन्य विधिक कार्यवाही की गई। दोनों अभियुक्त के पास से एक अवैध तमंचे315 बोर एक कारतूस 315 बोर एक खोखा कारतूस एक 12 बोर दो जिन्दा कारतूस व पशु काटने के उपकरण व एक मोटरसाइकिल बरामद की।

हिन्दी दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र में समाचार एवं विज्ञापन सूचनाएं प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें।
इमरान हुसैन
जिला प्रभारी रामपुर
मो.नं.9720093014

# मानक से अधिक फीस वसूली तो कार्रवाई

## डीएम ने सीबीएसई प्रबंधकों को दिये निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने कहा कि सीबीएसई व मान्यता प्राप्त विद्यालयों के प्रबंधक फीस वृद्धि में शासन के निर्देशों का पालन करें। हर साल अभिभावकों को नया कोर्स खरीदने को बाध्य न किया जाये।

कलक्ट्रेट सभागार में डीएम निधि गुप्ता वत्स ने सीबीएसई व मान्यता प्राप्त स्कूल प्रबंधकों और प्रधानाचार्यो की बैठक ली। उन्होंने कहा कि हर किसी का सपना होता है कि उनका बच्चा अच्छी शिक्षा ग्रहण कर परिवार का नाम रोशन करे। लेकिन लगातार शिकायतें मिल रही है कि सीबीएसई तथा मान्यता प्राप्त विद्यालयों में अभिभावकों से लूट खसोट की जा रही है। उन्होंने निर्देश दिया कि शासन के निर्देश अनुसार ही फीस ली जाये। हर साल नया कोर्स खरीदने के लिये परिजनों को बाध्य न किया जाये। मात्र एक दुकान पर बच्चों की ड्रेस व कोर्स की अनिवार्यता समाप्त की जाये। सभी विद्यालय 15 दिन में व्यवस्थाएं पूर्ण कर लें। वेबसाईड पर ऑनलाइन शुल्क का विवरण भी अपलोड किया जाये। यदि इसके बाद भी शिकायत मिलती है तो सख्त कार्रवाई की जायेगी। बैठक में सीडीओ अश्वनी कुमार मिश्र, डीआईओएस विष्णु प्रताप सिंह, बीएसएस मोनिका भी मौजूद रहे।



■ अमरोहा। कलेक्ट्रेट में स्कूल प्रबंधकों की बैठक लेतीं जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स।

# सार्वजनिक भूमि पर नहीं होने देंगे बाउंड्रीवाल

## धनौरा के सभासदों ने कलेक्ट्रेट में सौंपा ज्ञापन

■ मांग न मानने पर दी आंदोलन की चेतावनी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। सार्वजनिक भूमि पर बाउंड्रीवाल की सूचना पर सभासद भड़क गये। उन्होने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंप बाउंड्रीवाल न कराये जाने की मांग की। साथ ही चेता. वनी दी कि यदि ऐसा हुआ तो आंदोलन किया जोयगा।

गुरूवार को मंडी धनौरा के सभासद कलेक्ट्रेट पहुंचे तथा ज्ञापन सौंपा। उनका कहना था कि मोहल्ला महादेव स्थित सार्वजनिक भूमि गाटा संख्या 132मि. पर प्रतिवर्ष रामलीला मंचन व छोटे बड़े मेले का आयोजन होता है। जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं। उक्त भूमि सार्वजनिक है तथा खसरे में रामनवमी दर्ज है। परन्तु सांस्कृतिक विभाग द्वारा भूमि के सौंदर्यकरण कराये जाने हेतु बाउंड्रीवाल की सूचना मिली है। यदि यहां बाउंड्रीवाल होती है तो सार्वजनिक भूमि पर आयोजित होने वाले किसी भी आयोजन में भीड़ के अनियंत्रित होने से बड़ी घटना हो सकती है। पूर्व में नगर पालिका बोर्ड की बैठक में सौंदर्यकरण के प्रस्ताव को खंडित भी किया गया था तथा इसका विरोध भी पारित किया गया है। शिकायत करने वालों में सभासद दुलीचंद गिहार, अनवार अहमद, पुष्पा देवी, गुरचरन सिंह, शबाना, बब्लू, राज बादशाह, नूतन रानी आदि शामिल रहे।

# जबरन जमीन पर झंडे लगाकर कब्जे का प्रयास



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। सैनिक की विधवा पत्नी ने जमीन को अपना बताते हुए हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचकर झंडे वह पाइप गाढ़ते हुए जमीन पर कब्जा करने का प्रयास किया। सीओ व पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर झंडों को वहां से हटवा दिया। पुलिस दोनों ओर से शांति भंग में कार्रवाई करने की तैयारी कर रही थी।

थाना सैदनगली क्षेत्र के गांव भीकनपुर शर्की निवासी सैनिक चरण सिंह की विधवा पत्नी राज. ेश्वरी देवी ने गांव के समीप सड़क किनारे भूमि को अपना बताते हुए पाइप जमीन पर गाढ़ दिये तथा वहां झंडे लगा दिये। बुधवार को राजेश्वरी देवी हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं के साथ मौके पर पहुंची थी। यह देखकर निर्माणधीन भूमि के स्वामी ने आला अफसरों को मामले की जानकारी दे दी। जमीन पर झंडा लगाये जाने की सूचना मिलते ही पुलिस महकमें में हड़कंप मच गया। सीओ दीप कुमार पंत थानाध्यक्ष सैदनगली दिनेश कुमार शर्मा भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गये। उसके बाद पुलिस अधिकारियों ने वहां से झंडो को हटवा दिया। निर्माणधीन भूमि के स्वामी सत्तार अली पुत्र जुम्मा निवासी मुबारकपुर कलां का कहना है कि उनकी जमीन पर कब्जा करने का प्रयास किया गया है। थानाध्यक्ष सैदनगली दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि उच्च अधिकारियों को घटना से अवगत करा दिया गया है। शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए दोनों पक्ष पर कार्रवाई की जायेगी।

# इलैक्ट्रॉनिक मिस्त्री को दुकान में घुसकर पीटा

## दोनों पक्षों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। थाना क्षेत्र के एक गांव में सड़क पर खड़ी स्कूटी को हटाने को लेकर हुए विवाद में इलेक्ट्रॉनिक मिस्त्री व उसके परिवार के सदस्यों के साथ जमकर मारपीट की गई। घटना सीसीटीवी में भी कैद हो गयी है। बता दें कि यह घटना गांव चौबारा की है। इलेक्ट्रॉनिक मिस्त्री सुरेश कुमार प्रजापति की गांव में ही दुकान है। उनकी स्कूटी दुकान के सामने ही खड़ी थी, इसी बीच गांव निवासी पवन पक्ष की कार वहां आई, कार में सवार लोगों ने स्कूटी हटाने को कहा। इस बात पर कार सवार लोगों ने दुकान में घुसकर बेल्ट से सुरेश कुमार की पिटाई की। जब उनकी पत्नी मिथलेश और चचेरे भाई पुष्पेंद्र ने बचाने की कोशिश की, तो उन्हें भी नहीं बख्शा। हमलावरों ने महिला को लात घूंसो से पीटा, जिसका बकायदा सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। उधर यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पुलिस ने इस मामले में दोनों पक्षों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करके अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

# सफाई नायक व सफाई प्रभारी को नोटिस



## ईओ ने किया शहर की सफाई का निरीक्षण

**मंडी धनौरा**। अधिशासी अधिकारी अवधेश कुमार वर्मा ने शहर का निरीक्षण कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान के तहत शहर के सभी वार्डों में सफाई व्यवस्था व फागिंग आदि मच्छरनाशक गतिविधियों का ईओ ने शहर में निरीक्षण किया। अभियान में लापरवाही बरतने पर कर्मचारियों को कार्रवाई की चेतावनी दी। ईओ अवधेश कुमार वर्मा ने बताया कि एक से 30 अप्रैल तक विशेष संचारी रोग अभियान व दस से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान चलाया जा रहा है। मच्छरों से बचाव के लिए फॉगिंग, एंटी लार्वा का छिड़काव आदि मच्छरनाशक गतिविधियां चलाई जा रही हैं। नाले-नालियों की सफाई, हैंडपंपों के पास अपशिष्ट जल की निकासी के लिए शॉक पिट का निर्माण व घास एवं झाड़ियों को नष्ट कराने पर जोर दिया जा रहा है। जो अवधेश कुमार वर्मा ने बताया कि निरीक्षण के दौरान लापरवाही मिलने पर सफाई नायक राजकुमार, मनोज और सफाई निरीक्षक विशाल शर्मा को नोटिस जारी कार्यवाही की चेतावनी दी गई है। निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ लिपिक उमेश सैनी, सोनू पिवाल, सभासद नूतन रानी, विवेक सिंह आदि मौजूद रहे।

# बाजार बंद कर फूंका आतंकवाद का पुतला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर पूरे देश में गुस्सा है. नगर में विभिन्न सामाजिक संगठनों ने पाकिस्तान व आतंकवाद का पुतला फूंक कर व्यापारियों ने दुकाने बंद कर विरोध जताया. प्रदर्शनकारियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सख्त कदम उठाने की मांग की. उन्होंने कहा कि अब वक्त आ गया है कि देश एक के बदले दस सिर लाए. व्यापारियों ने एक स्वर में कहा आतंकवाद मानवता का दुश्मन है और इस तरह की बराबर घटनाओं को किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उधर विरोध प्रदर्शन के चलते सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस बल तैनात रहा।

पालिकाध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने कहा कि जिस तरह से पहलगाव में धर्म और नाम पूछ कर उन पर हमला किया गया वह बहुत ही कायराना हरकत है। घटना ने पूरे देश को झकझोर दिया है। देशविरोधी ताकतों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए. कहा कि इस आतंकी घटना के विरोध में देश एकजुट है. प्रान्त बल उपासना प्रमुख हेमंत सारस्वत ने कहा कि आतंकवादियों द्वारा निर्दोष लोगों की हत्या स्वीकार्य नहीं है। आतंकियों ने नाम और धर्म पूछकर निर्दोष लोगों की हत्या की है. यह घटना न केवल अमानवीय है बल्कि पूरी मानवता को शर्मसार करने वाली है. सभ्य समाज में ऐसी घटनाएं स्वीकार्य नहीं हैं और असामाजिक तत्वों पर हर कीमत पर अंकुश लगाया जाना चाहिए। आतंकवादियों को पनाह दे रहे देश पर कार्रवाई होनी चाहिए. कठोर जवाब देना चाहिए। अब समय आ गया है कि पीएम मोदी अपना 56 इंच का सीना दिखाए। व्यापारियों ने कहा, ''यह संदेश देने के लिए बाजार बंद किया गया हैं कि हमारी धरती पर आतंकवाद बर्दाशत नहीं है। बंद का उद्देश्य पीड़ितों के परिवारों के साथ एकजुटता व्यक्त करना भी है।'' इस दौरान विहिप जिलाध्यक्ष अशोक सैनी, अनिल जैन, अजय गोयल, सुमित अग्रवाल, गौरव रस्तोगी, भाजपा जिलाउपाध्यक्ष शरद गर्ग,विवेक सिंह, रजीव उपाध्याय, पवन किशोर, गुलाब राय गुप्ता, श्याम गर्ग, मयंक गर्ग, शंकरलाल सैनी, पंकज खल वाले, प्रत्यक्ष शर्मा, तरुण शर्मा, समेत सैकड़ो लोग मौजूद रहे। वहीं विरोध प्रदर्शन के चलते सुरक्षा व्यवस्था को लेकर थाना प्रभारी निरीक्षक पुलिस बल के साथ मौजूद रहे

## एक के बदले दस सिर काटने की मांग



## एक राष्ट्र एक चुनाव संगोष्ठी आज

**अमरोहा**। एक राष्ट्र एक चुनाव संगोष्ठी का आयोजन कल(आज) बिजनौर रोड स्थित निशा पैलस में किया जायेगा। जिसमें मुख्य अतिथि भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक विनीत अग्रवाल शारदा होंगे। यह जानकारी जिला महामंत्री राकेश वर्मा ने दी।

**कार्यालय सहायक निबन्धक फर्म्स, सोसाइटीज एवं चिट्स मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री शीशराम सिंह द्वारा संस्था प्राचीन माँ दुर्गे श्री शिव मंदिर सेवा समिति, ग्राम व पोस्ट नन्हेडा अलियारपुर तहसील व जिला अमरो. हा का प्रबन्धक दर्शाते हुये संस्था के पंजीकरण हेतु निर्धारित शुल्क व प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है। प्राप्त अभिलेखों के अनुसार सर्वश्री, 1. हातम सिंह-अध्यक्ष, 2. राजेश कुमार उपाध्यक्ष, 3. शीशराम सिंह प्रबन्धक, 4. हरीश कुमार उपप्रबन्धक, 5. धर्मेन्द्र-कोषाध्यक्ष, 6. प्रदीप गुर्जर सचिव, 7. छत्रपाल उपसचिव, 8. सतेन्द्र सिंह उपसि. चव, 9. राजू आडिटर, 10. ओमकारानन्द, 11. लच्छे सिंह, 12. आनन्द स्वरूप, 13. जगराम, 14. रामौतार, 15. छत्रपाल, 16. प्रेम किशोर, 17. सत्यपाल चंदेल, 18. गम्भीर सिंह- सदस्य दर्शाये गये है।

अत: यदि किसी व्यक्ति को उक्त संस्था के पंजीकरण पर आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात आपत्ति पर विचार नही किया जायेगा और गुण-दोष के आधार पर संस्था के पंजीकरण सम्बन्धी कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी। विदित हो कि उक्त नोटिस सो०रजि०एक्ट 1860 की धारा 3 (1) के अन्तर्गत जारी किया जा रहा है।

आज्ञा से

(आनन्द विक्रम सिंह) सहायक निबन्ध

# खाद न मिलने पर धरने पर बैठे किसान

## अधिकारियों ने जूस पिलाकर धरना समाप्त कराया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। सहकारी समिति पर दो दिन से खाद न मिलने पर गुस्साए किसान धरने पर बैठ गये। आनन फानन में अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा वहां बैठे किसानों को जूस पिलाकर धरना समाप्त कराया।

यह मामला मिट्ठेपुर सहक. ारी समिति करारनगर का है। पिछले दो दिनों से यहां खाद नहीं है। जिस पर किसान भड़क गये तथा वह आज धरने पर बैठ गये। किसानों का आरोप है कि खाद न मिलने से वह अपनी फसलों की बुवाई नहीं कर पा रहे हैं। उन्होने समिति के कर्मचारियों पर अधिकारियों से साठगांठ कर खाद की कालाबाजारी करने का आरोप लगाया। किसानों के धरने पर बैठने से अधिकारियों के हाथ पैर फूल गये। वह आनन फानन में मौके पर पहुंचे तथा किसी तरह उन्हें समझाकर, जूस पलाकर धरना समाप्त कराया। धरना देने वालों में रोहित चिक. ारा, महकार सिंह, सतेन्द्र त्यागी, सतीश शर्मा, भीषम सिंह, राजीव यादव, मनोज आर्य, समरपाल सिंह, कृपाल सिंह, जोगेन्द्र प्रधान, विनीत कुमार आदि मौजूद रहे।



## कालेजों का समय परिवर्तन करने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा**। माध्यमिक शिक्षक संघ ने भीषण गर्मी व लू के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए स्कूलों के समय में बदलाव की मांग की है। माशिसं ने बुधवार को डीआईओएस वीपी सिंह को ज्ञापन सौंपा। पदाधिकारियों की मांग है कि इस समय भीषण गर्मी तथा लू चल रही है। जिसका असर छात्रों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। उन्होने डीआईओएस से मांग की कि स्कूलों का समय सुबह साढ़े सात से दोपहर साढ़े 12 बजे तक किया जाये। ताकि बच्चों को भीषण गर्मी व लू के प्रकोप से बचाया जा सके।



ज्ञापन सोंपने वालों में डा. जीपी सिंह, संघ के जिलाध्यक्ष गुरनाम सिंह, अतुल शर्मा, बालकराम, कृष्णपाल आदि शामिल रहे।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद बछरायूं जनपद-अमरोहा

पत्रांक: 1899/ई-निविदा निर्माण कार्य/2023-24 दिनांक: 21.04.2025

### अल्पकालीन ई-निविदा सूचना

नगर पालिका परिषद बछरायूं में शासकीय विभागों में पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद बछरायूं द्वारा निम्न कार्य राज्य वित्त आयोग से प्राप्त धनराशि से किये जाने हेतु पुन: ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता अपनी अपनी ऑन लाइन निविदायें दिनांक 23.04.2025 को दोपहर 12:00 बजे से दिनांक 13.05.2025 को सांय 5:00 बजे तक https://etender.up.nic.inपर डाल सकते हैं जो कि दिनांक 14.05.2025 को 11:00 बजे गठित समिति तथा इच्छुक निविदादाताओं की उपस्थिति में नगर पालिका परिषद बछरायूं के कार्यालय/ कार्यालय अपर जिलाधिकारी महोदय अमरोहा में खोली जायेगी। ई-निविदा से सम्बन्धित नियम व शर्तें निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न है जो कि वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।

| | |
|---|---|
| E-bid reference No. | 1899/NPP B/2024 |
| Publish date and time | 23 April 2025 12:00 Hrs |
| Last date and time for submission of E-bids | 13 May 2025 17:00 Hrs |
| Date and time of opening of Online E-bids | 14 May 2025 11:00 Hrs |
| Date and time of opening Financial Bids | After approval of Technical bid |
| Place of opening of E-bids | Executive officer, NPP Bachhraon |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद बछरायूं
अमरोहा

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद बछरायूं
अमरोहा

## कार्यालय नगर पालिका परिषद बछरायूँ (अमरोहा)

पत्रांक 1897 / न०पा०परि०यछ० / 2023-24 दिनांक 19/4/2025

### नवीनीकरण / पंजीकरण सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद, बछरायूँ मे निर्माण कार्यों के सफल संचालन हेतु वित्तीय वर्ष 2025-26 में ठेकेदारो का पंजीकरण /नवीनीकरण कराया जाना प्रस्तावित है, इच्छुक ठेकेदार शासनादेश संख्या तक० सेल/07/निदे०/2019 दिनांक 28 जून, 2019 मे मे दी गयी व्यवस्थाओ के अन्तर्गत दिनांक 30 अप्रैल, 2025 तक अपना पंजीकरण / नवीनीकरण करा सकते है, ठेकेदारो / फर्मो को प्रार्थना पत्र के साथ (नवीनतम हैसियत, चरित्र प्रमाण-पत्र, पेनकार्ड, जी०एस०टी० प्रमाण-पत्र, लेवर सेस प्रमाण-पत्र, आयकर रिटर्न (02 वर्ष) आधार कार्ड व अनुभव प्रमाण-पत्र, डिजीटल सिग्नेचर आदि अभिलेख व दो पासपोर्ट साईज फोटो सहित अभिलेखो) उक्त दिनांक, तक कार्यालय में मोहर बन्द लिफाफे में उपलब्ध कराना होगा। नवीनीकरण हेतु अंकन 5000 (पाँच हजार) रूपये मात्र शुल्क और नये ठेकेदारो को पंजीकरण हेतु अंकन 50000 (पचास हजार) रूपये मात्र जमानत के रूप में एफ०डी०आर० / एन०एस०सी० अधिशासी अधिकारी के पक्ष में बन्धक कराना होगा तथा पंजीकरण शुल्क के रूप में अंकन 25000 (पच्चीस हजार) रूपये मात्र जमा करना होगा।

नियत अवधि के उपरान्त किसी भी आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जायेगा, अधिक जानकारी के लिए किसी भी कार्य दिवस मे कार्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
बछरायूं (अमरोहा)

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
बछरायूं (अमरोहा)

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, गजरौला, जनपद अमरोहा

पत्रांक: 96/ई-निविदा/ निर्माण कार्य-2025 दिनांक: 23 अप्रैल 2025

### अल्पकालीन निविदा सूचना

शासकीय व्यवस्था के अन्तर्गत नगर पालिका परिषद गजरौला में/शासकीय विभागों में पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद, गजरौला में कार्य 'राज्य वित्त आयोग की संस्तुतियों के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से' किये जाने हेतु ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। अत: इच्छुक निविदादाता अपनी-अपनी ऑनलाइन निविदाएं दिनांक 24.00.2025 को अपरान्ह 03:00 बजे से दिनांक 14.05.2025 को दोपहर 03:00 बजे तक वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर अपलोड कर सकते हैं, जोकि उसी दिनांक 14.05.2025 को अपरान्ह 04:00 बजे गठित समिति तथा इच्छुक निविदादाताओं की उपस्थिति में खोली जायेगी। निविदा के साथ संलग्न समस्त दस्तावेज दिनांक 14.05.2025 को अपरान्ह 03:30 बजे तक कार्यालय में जमा किया जा सकते हैं। ई निविदा से सम्बन्धिम नियम व शर्ते निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न है जोकि वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध हैं। निविदा स्वीकृत एवं अस्वीकृत करने का समस्त अधिकार अध्यक्ष/अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, गजरौला में निहित है तथा लिये गये निर्णय पर किसी भी न्यायालय में जाने का अधिकार नहीं होगा।

| | |
|---|---|
| E-bid reference No. | 26/NPP Gajraula/2025-26 |
| Publish date and time | 04.04.2025 03:00 Hrs |
| Last date and time for submission of E-bids | 14.05.2025 03:00 Hrs |
| Date and time of opening of online T E-Bids | 14.05.2025 04:00 Hrs |
| Place of opening of E-bids | Office NPP Gajraula, Amroha |

(चन्द्रकांता)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद गजरौला
जनपद अमरोहा

(राजेन्द्री उर्फ उमा देवी)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद गजरौला
जनपद अमरोहा

# कांग्रेसियों ने मोमबत्ती जलाकर पहलगाम में आतंकवादी हमले में मारे गए लोगों को दी श्रद्धांजलि



( इमरान हुसैन )
शाह टाइम्स ब्यूरो

**रामपुर।** बुधवार को कांग्रेस नेताओं ने पूर्व शहर अध्यक्ष नोमान खां के नेतृत्व मे अम्बेडकर पार्क पहुंचकर पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले मे मारे गए लोगो की आत्म शांति के लिए मोमबत्ती जलाकर 2 मिनट का मौन रखा और श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मोके पर युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष आरिफ अल्वी ने कहा पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले मे हर कोई स्तब्ध है, हर कोई दु:खी है। यह समय मृतको और घायलों के साथ खड़े रहने का है, मृतकों के परिवारों को अपना परिवार मानने का समय है। यह समय आतंक के खिलाफ एकजुट होने का है। भारत सरकार, सभी दलों को विश्वास में लेकर आतंक के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करे। देश की एकता और अखंडता तथा नागरिकों की सुरक्षा हम सभी की प्राथमिकता है।

इस मोके पर युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव मनी कपूर ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले ने सभी को झकझोर कर रख दिया है। इस शर्मनाक कृत्य के खिलाफ पूरा देश एकजुट है। हम इस घटना में हताहत हुए लोगों के आत्मा के शांति और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हैं। हम सब एकजुट होकर आंतकवाद के खिलाफ जंग लड़ने को तैयार है।

इस मौके पर जिला उपाध्यक्ष जीशान रजा, नाजिश खां, कलीम अहमद, मोहम्मद फाजिल, सरताज सैफी, अजीमुद्दीन, कलीम अहमद, जुहैब खां, माहीम मियाँ, रूपनारयण, रामगोपाल सैनी, फैजान अल्वी, नासीर मलिक, शेजू खां, हर्षित सक्सेना, गंगन कुमार, राहुल राठौर, महबूब खां, गौरव कपूर आदि मौजूद रहे।

# नाबालिग किशोरी को बहला फुसलाकर ले जाने में केस दर्ज

शाह टाइम्स संवाददाता

**सैफनी /रामपुर।** सैफनी थाना क्षेत्र के रहने वाले नाबालिग किशोरी के पिता ने से सैफनी थाने में नाबालिग को बेहला फुसलाकर ले जाने के आरोप में नामजद तहरीर दी है। नाबालिग किशोरी के पिता का आरोप है कि बीते 20 अप्रैल को प्रार्थी की 17 वर्षीय नाबालिग पुत्री को अनस नाम का लड़का निवासी पता ना मालूम सुबह 10 बजे प्रार्थी के घर से बहला फुसलाकर ले गया था। नाबालिग किशोरी के पिता ने उसको काफी तलाश किया तो पुत्री कस्बा बिलारी जिला मुरादाबाद में मिली उसके बाद पुत्री ने बताया कि उसको अनस नाम का लड़का बहला फुसलाकर ले गया था। सैफनी पुलिस ने नाबालिग किशोरी के पिता की तहरीर के आधार पर नामजद आरोपी के खिलाफ मुक. दमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

# निर्दोष पर्यटकों की निर्मम हत्या के विरोध में युवाओं ने निकाला कैंडल मार्च



( मो.फारूख अंसारी )
शाह टाइम्स संवाददाता

**मसवासी/रामपुर।** जम्मू कश्मीर कश्मीर के पहलगाम में 28 निर्दोष पर्यटकों की आतंकवादियों द्वारा धर्म पूछ पूछ कर एवं वस्त्र निकालकर निर्मम हत्या किए जाने पर युवाओं में आक्रोश है। निर्दोष पर्यटकों की आत्मा की शांति के लिए नगर के मुख्य मार्गो से कैंडल मार्च निकाला गया। पाक प्रायोजित आतंकवाद को जड़ से समाप्त करने की मांग की गई युवाओं ने मांग की कि देश पर इतना बड़ा हमला होने के बाद अब आतंकवादियों का जड़ से खत्म करने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मांग की गई तथा हमले में मारे गए लोगों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी गई तथा उनकी आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन धारण भी किया गया। इस मौके पर कुलदीप मौर्य, भगवती देवल, संजीव कुमार वर्मा, विकास देवल, जितेंद्र चंद्रा, वीर सिंह, राजकुमार चंद्रा, योगी वर्मा, अमित सक्सेना, प्रकाश गुप्ता, बंटी जैन, सोनू जैन, संजीव सागर विकास कश्यप, हरकेश सागर, संजीव देवल, मनोज सागर, रजत देवल आदि काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# बिजली की लाइन से निकली चिंगारी 3 बीघा गेहूं की फसल जलकर हुई राख



( मुफीद अहमद )
शाह टाइम्स ब्यूरो

**सैफनी/रामपुर।** लहटोरा गांव में तेज हवाओं के कारण 440 वोल्ट की विद्युत लाइन आपस में टकरा गई, जिससे निकली चिंगारी ने पास के गेहूं के खेत को अपनी चपेट में ले लिया। इस घटना में लगभग तीन बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। गनीमत रही कि पड़ोस में खेत में काम कर रहे मजदूर सुरक्षित रहे।ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया और कड़ी मेहनत के बाद आग पर काबू पाया।पीड़ित किसान विनोद शर्मा ने घटना की जानकारी हलके के लेखपाल संजय सक्सेना को दी हैं।किसान विनोद शर्मा ने सरकार से उचित मुआवजे की मांग की है।ग्रामीणों ने बताया कि गांव में पहले भी इसी तरह की घटना हो चुकी है, जिसमें लगभग दो बीघा गेहूं की फसल आग की भेंट चढ गई हे।ग्रामीणों ने विद्युत लाइन में सुधार की मांग की है।

# आतंकी हमले में मारे गए लोगों को भाजपाइयों ने दी श्रद्धांजलि



शाह टाइम्स संवाददाता

**शाहबाद/रामपुर।** जम्मू कश्मीर के पहल गांम में आतंकी हमले में मारे गए लोगों को भाजपाइयों ने श्रद्धांजलि अर्पित की और दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए मौन धारण किया। मंगलवार को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले में 30 से ज्यादा लोगों के मौत की खबर के बारे में बताया जा रहा है वही आतंकी हमले में 15 से ज्यादा घायल बताए जा रहे हैं। जिसमें दो विदेशी भी शामिल है। बुधवार को भारतीय जनता पार्टी रामपुर के मिलक ग्रामीण मंडल अध्यक्ष एडवोकेट दर्शन सिंह सहित महामंत्री दिनेश पाल, शिशुपाल ठाकुर, सुनील ठाकर ने ग्राम रेबड़ी कलां में दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए मौन धारण किया और मोमबत्ती जलाकर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित कर दुख व्यक्त किया।

# सैकड़ों बीघा गेहूं की खेतों में लगी आग फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंचकर पाया काबू



शाह टाइम्स संवाददाता

**सैदनगर/रामपुर।** अजीम नगर थाना क्षेत्र के सैकड़ो बीघा गेहूं की नरई में लगी आग से अफरा तफरी मच गई। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। भीषण आग के चलते क्षेत्र में अफरा तफरी माहौल रहा। बुधवार को आग लगने की घटना सबसे पहले मिलक आरिफ गांव में हुई। आग की सूचना मिलते ही चौकी इंचार्ज संदीप कुमार पुलिस के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए। पुलिस ने मौके पर फायर ब्रिगेड की टीम को भी बुला लिया। फायर ब्रिगेड की टीम ने आग बुझाने की कोशिश शुरू की। लेकिन दूसरी साइड से आग आंगा के जंगल में भी फैल गई। दोनों गांव की सैकड़ो बीघा जमीन को आग ने अपनी चपेट में ले लिया। फायर ब्रिगेड के साथ तमाम ग्रामीण भी आग बुझाने की कोशिश करने लगे। घंटे की मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया गया। कुछ देर के बाद आज खोद गांव के जंगल में भी फैल गई। मौके पर मौजूद पुलिस ग्रामीणों को लेकर आग बुझाने की कोशिश करने लगी। शाम तक आग आग पर काबू पा लिया गया है। आज से पूरे क्षेत्र का सैकड़ो बीघा जंगल जलकर पूरी तरह नष्ट हो गया। किसानों के सामने भूसे की समस्या खड़ी हो गई है।

# बाइक सवार तीन को टाटा ने रौंदा, एक रेफर

## भांजी की मंगनी के कार्यक्रम से वापस लौट रहे थे घायल







शाह टाइम्स संवाददाता

**शाहबाद/रामपुर।** भांजी के मंगनी कार्यक्रम से वापस लौट रहे बाइक सवार तीन लोगों को तेज रफ्तार टाटा ने रौंद दिया ।घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहाबाद आएगी जहां से एक घायल की हालत नाजुक होने पर उसको जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। मामला मंगलवार की देर रात्रि का है जब कोतवाली क्षेत्र के गांव शाहपुर देव के रहने वाले सचिन, मोहित, व बिलारी थाना क्षेत्र के गांव राजभूड़ के रहने वाले धर्मवीर मोहित की भांजी के मंगनी के कार्यक्रम में सिरौली जिला बरेली के गांव शिवपुरी गए थे मंगनी का कार्यक्रम समाप्त होने के बाद तीनों लोग बाइक से सवार होकर वापस नोएडा जा रहे थे वहीं परिवार की महिलाएं बस से सवार होकर जा रही थी। सैफनी थाना क्षेत्र के गांव कासम नगला पहुंचने पर सामने से आ रहे तेज रफ्तार टाटा वाहन ने तीनों बाइक सवार को रौंद दिया वहीं पीछे से आ रही बस में परिवार की महिलाएं ने जब देखा तब बस में चीख पुकार मच गई महिलाएं बस से उतरकर नीचे आ गई हादसे में सचिन के सिर व पैर में गंभीर चोट आई। सूचना पर पहुंची एंबुलेंस यू पी 32 एफ जी 2481 के पायलट मोहम्मद हनीफ व ईएमटी अरविंद कुमार ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद पहुँचाया । चिकित्सकों ने घायलों को प्राथमिक उपचार दिया वहीं गंभीर रूप से घायल सचिन को बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# ट्रेन से कटकर चालीस वर्षीय युवक की मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**मिलक/रामपुर।** लखनऊ से वापस आते समय ट्रेन से गिरकर एक चालीस वर्षीय युवक की मौत हो गई पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत दुगनपुर रेलवे स्टेशन के पास सुबह करीब 7:30 बजे ट्रेन से गिरकर एक व्यक्ति की मौत हो गई सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के जेब से मिले आधार कार्ड के आधार पर उसकी शिनाख्त की मृतक की पहचान जरीफ पुत्र अब्दुल हफीज निवासी अजीतपुर थाना सिविल लाइन रामपुर के रूप में की गई पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला चिकित्सालय भेज दिया।

हिन्दी दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र में समाचार एवं विज्ञापन सूचनाएं प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें।
इमरान हुसैन
जिला प्रभारी रामपुर
मो.नं.9720093014

## पहलगाम आतंकी हमले के दोषियों को मिलेगी कठोर सजा : हरीश

# भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने धनेली उत्तरी स्थित नर्मदेश्वर शिव मंदिर में मृतकों की आत्मा की शांति के लिए किया हवन



शाह टाइम्स संवाददाता

**मिलक/रामपुर।** बुधवार को भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने कहा कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के दोषियों को कड़ी सजा दिलाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। भारत की एकता और अखंडता को । आतंकियों को इसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। इस हमले में कई निर्दोष लोगों की जान चली गई, जिससे जनमानस में गहरा आक्रोश और दुख व्याप्त है। इस भीषण त्रासदी के शिकार हुए मृतकों की आत्मा की शांति के लिए धनेली उत्तरी गांव में भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार की अगुवाई में एक श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। सभा के पश्चात जिलाध्यक्ष ने स्थानीय ग्रामीणों और पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर मृतकों की आत्मा की शांति के लिए वैदिक विधि से हवन किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष हरीश गंग. वार ने कहा कि जम्मू कश्मीर के पहलगाम में देश के निर्दोष नागरिकों पर किया गया यह कायराना हमला निंदनीय है। हम मृतकों के परिवारों के साथ पूरी संवेदना के साथ खड़े हैं। सरकार दोषियों को कठोरतम सजा दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। सभा में उपस्थित जनों ने दो मिनट का मौन रखकर मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। समारोह के अंत में यह संकल्प लिया गया कि देश की एकता और अखंडता के लिए हर नागरिक जागरूक और संगठित रहेगा, ताकि आतंकवाद जैसी कायरतापूर्ण गति. विधियों का मुंहतोड़ जवाब दिया जा सके। इसके अलावा जिलाध्यक्ष ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ गॉधी समाधि पहुँचकर कैडल जलाकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की।



## कार्यालय ग्राम पंचायत लालपुर विकास खण्ड स्वार जिला रामपुर

**पत्रांक:-मीमो./ग्रा.पं./सामग्री आपूर्ति/विकास कार्य/निविदा/कुटेशन/2025** **दिनांक:** 23/04/2025

**अल्पकालीन निविदा/कुटेशन सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मों, पंजीकृत विक्रेताओं को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत लालपुर विकास खण्ड स्वार जिला रामपुर में वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2025-26 के अनुसार स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण/मनरेगा/15 वां वित/राज्य वित्त/ RGSA व OSR की मद से निर्माण कार्य हेतु प्राप्त धनराशि एवं अन्य शासकीय मदों के अंतर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु प्राप्त धनराशि से निर्धारित मानक/गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण कार्य स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहरबंद सीलबंद निविदाएं/कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्मे/आपूर्तिकर्ता दिनांक 24/04/2025 से 01/05/2025 तक कार्यालय दिवस में समय 10 बजे से लेकर दोपहर 12 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय ग्राम पंचायत पर रखे बॉक्स में सीलबंद निविदा/कुटेशन सहित जमा कर सकते हैं। जो कि दिनांक 02/05/2025 को ग्राम पंचायत की कमेटी के समक्ष सम्बंधित ग्राम पंचायत के क्लस्टर मुख्यालय पर खोली जायेगी। स्वीकृत निविदा/कुटेशन के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर ग्राम पंचायत के लिखित आदेश पर की जायेगी, जो कि ग्राम पंचायत को समय-समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर होगी। आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत (प्रधान एवं सचिव) के लिखित आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा आवश्यकता अनुसार घटाई/बढ़ाई जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री की आपूर्ति का भुगतान अधोहस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरांत ही किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता का जी.एस.टी. पंजीकरण संबंधित विभाग में होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरें पी.डब्ल्यू.डी. की दरों की अनुरूप पी.डब्ल्यू.डी. के रेट ऑफ शेड्यूल के अनुसार होगी। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता निर्धारित मानक के अनुरूप नहीं पाये जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में से नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

| क्र.सं. | सामग्री का नाम | यूनिट मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 01. | सीमेन्ट | प्रति बैग/टन | |
| 02. | बालू रेत/मिट्टी दूरी सहित/लोकल रेत | घन मी. | |
| 03. | बजरफुट/ बजरी 20 एम.एम. | घन मी. | |
| 04. | ईंट 40 एम.एम./रोड़ी/ पत्थर रोड़ी 40 एम.एम. | घन मीटर | |
| 05. | ईंट प्रथम श्रेणी एम-150/ईंट बालदार एम-275 | प्रति नग हजार | |
| 06. | इंटरलॉक टाइल्स 80 एम.एम./ 60 एम.एम./पुस्तके | प्रति नग | |
| 07. | पंचायत घर ऑफिस इम्प्रूवमेंट ,पुस्तकालय इक्विपमेंट | प्रति नग/यूनिट | |
| 08. | एम.आर.एफ.सेन्टर व अन्य सामग्री/कम्प्लीट कार्य | प्रति घन मी./वर्ग मी. | |
| 09. | दीवार टाइल्स/फर्श टाइल्स | वर्ग मीटर | |
| 10. | सरिया/लोहे का जाल/लोहे का गेट खिड़की | प्रति कुंतल | |
| 11. | लोहे की ऐंगल/पाइप/डोर माईल्डस | प्रति कुंतल | |
| 12. | सीमेन्ट की चादर/टीन शेड की चादर | वर्ग मीटर/नग | |
| 13. | लकड़ी के दरवाजे/कामर्शियल/टिम्बर/प्लाई | प्रति नग/वर्ग मी. | |
| 14. | सौलर लाइट नया/मरम्मत उपकरण शौचालय सीट | प्रति नग | |
| 15. | स्ट्रीट लाइट नया/मरम्मत उपकरण/यूरिन सीट | प्रति नग | |
| 16. | बिजली उपकरण/इलेक्ट्रीशियन कार्य सामग्री | प्रति नग | |
| 17. | सेनेट्री सामग्री/ लोहे का फ्रेसिंग तार,ग्राश कटर | प्रति नग/वर्ग मी. | |
| 18. | फोगिंग मशीन/स्प्रे मशीन,सी.सी. बेंच/ डेस्क का बेंच | प्रति नग | |
| 19. | ऑफिस फर्नीचर,कम्प्यूटर प्रिन्टर,इन्वर्टर,बैटरी,सीसी टी.वी.कैमरा,अलमारी,दरी पंखा,डेस्कटॉप,सोलर पैनल, आदि उपयुक्त होने वाली सामग्री। | प्रति नग | |
| 20. | डस्टबिन/इन्सीनेटर/प्लम्बरिंग सामग्री प्लाम्विंग कार्य | प्रति नग | |
| 21. | कूड़ा गाड़ी/ठेली एवं सफाई किट/ ई-रिक्शा | प्रति नग/यूनिट | |
| 22. | सोडियम, हाइड्रोक्लोराइड, ब्लीचिंग पाउडर व अन्य कीटनाशक व संक्रमक रोधक दवाएं | प्रति ली./किलो ग्राम/ प्रति पैकेट | |
| 23. | प्राईमर लोहा, लकड़ी /प्लाई एवं माइका | प्रति ली./वर्ग फुट/मी. | |
| 24. | डिस्टेम्पर, वॉल पुट्टी, पेंट, समोसम आदि | प्रति कि.ग्रा./कु./ली. | |
| 25. | पी.वी.सी. पाइप एवं जी.आई. पाइप समरसेबिल पम्प | प्रति नग/ रनिंग मीटर | |
| 26. | हैण्डपम्प मरम्मत/रीवोर सामग्री | प्रति नग/रनिंग मीटर | |
| 27. | ओपन जिम/खेल मैदान उपकरण/इंसीनरेटर | प्रति नग | |
| 28. | आर.सी.सी. पाइप, ह्यूम पाइप | प्रति नग/रनिंग मीटर | |
| 29. | वाटर स्टोरेज टैंक/वाटर कूलर आर.ओ.सहित | प्रति नग/लीटर | |
| 30. | रनिंग वाटर सप्लाई उपकरण | प्रति नग/रनिंग मी. | |
| 31. | अन्त्येष्टि स्थल/ समूह शेड, भूसा, सिलैज ,हरा चारा | ............... | |
| 32. | ओडीएफ+ से सम्बंधित समस्त कार्य | ............... | |

**नोट:-यदि किसी भी फर्म/सप्लायर/ आपूर्तिकर्ता के लिए कोई भी नया विभागीय नियम प्रचलन में आता है तो संबंधित को उसकी भी कार्रवाई के मानकों को अनिवार्य रूप से पूर्ण करना होगा।**

**( श्री अब्दुल रऊफ ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत लालपुर**
**विकास खण्ड स्वार ( रामपुर )**

**( सचिव )**
**( श्री मो.फैसल )**
**ग्राम पंचायत लालपुर**
**विकास खण्ड स्वार ( रामपुर )**

## कार्यालय ग्राम पंचायत चक गजरौला विकास खण्ड स्वार जिला रामपुर

**पत्रांक:-मीमो./ग्रा.पं./सामग्री आपूर्ति/विकास कार्य/निविदा/कुटेशन/2025** **दिनांक:** 23/04/2025

**अल्पकालीन निविदा/कुटेशन सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मों, पंजीकृत विक्रेताओं को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत चक गजरौला विकास खण्ड स्वार जिला रामपुर में वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2025-26 के अनुसार स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण/मनरेगा/15 वां वित/राज्य वित्त/ RGSA व OSR की मद से निर्माण कार्य हेतु प्राप्त धनराशि एवं अन्य शासकीय मदों के अंतर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु प्राप्त धनराशि से निर्धारित मानक/गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण कार्य स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहरबंद सीलबंद निविदाएं/कुटेशन आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्मे/आपूर्तिकर्ता दिनांक 24/04/2025 से 01/05/2025 तक कार्यालय दिवस में समय 10 बजे से लेकर दोपहर 12 बजे तक अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय ग्राम पंचायत पर रखे बॉक्स में सीलबंद निविदा/कुटेशन सहित जमा कर सकते हैं। जो कि दिनांक 02/05/2025 को ग्राम पंचायत की कमेटी के समक्ष सम्बंधित ग्राम पंचायत के क्लस्टर मुख्यालय पर खोली जायेगी। स्वीकृत निविदा/कुटेशन के अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत में उपलब्ध धनराशि के आधार पर ग्राम पंचायत के लिखित आदेश पर की जायेगी, जो कि ग्राम पंचायत को समय-समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर होगी। आवश्यकतानुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत (प्रधान एवं सचिव) के लिखित आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा आवश्यकता अनुसार घटाई/बढ़ाई जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधि में स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री की आपूर्ति का भुगतान अधोहस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरांत ही किया जायेगा। आपूर्तिकर्ता का जी.एस.टी. पंजीकरण संबंधित विभाग में होना अनिवार्य है। प्रस्तुत दरें पी.डब्ल्यू.डी. की दरों की अनुरूप पी.डब्ल्यू.डी. के रेट ऑफ शेड्यूल के अनुसार होगी। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता निर्धारित मानक के अनुरूप नहीं पाये जाने की स्थिति में भुगतान की धनराशि में से नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

| क्र.सं. | सामग्री का नाम | यूनिट मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 01. | सीमेन्ट | प्रति बैग/टन | |
| 02. | बालू रेत/मिट्टी दूरी सहित/लोकल रेत | घन मी. | |
| 03. | बजरफुट/ बजरी 20 एम.एम. | घन मी. | |
| 04. | ईंट 40 एम.एम./रोड़ी/ पत्थर रोड़ी 40 एम.एम. | घन मीटर | |
| 05. | ईंट प्रथम श्रेणी एम-150/ईंट बालदार एम-275 | प्रति नग हजार | |
| 06. | इंटरलॉक टाइल्स 80 एम.एम./ 60 एम.एम./पुस्तके | प्रति नग | |
| 07. | पंचायत घर ऑफिस इम्प्रूवमेंट ,पुस्तकालय इक्विपमेंट | प्रति नग/यूनिट | |
| 08. | एम.आर.एफ.सेन्टर व अन्य सामग्री/कम्प्लीट कार्य | प्रति घन मी./वर्ग मी. | |
| 09. | दीवार टाइल्स/फर्श टाइल्स | वर्ग मीटर | |
| 10. | सरिया/लोहे का जाल/लोहे का गेट खिड़की | प्रति कुंतल | |
| 11. | लोहे की ऐंगल/पाइप/डोर माईल्डस | प्रति कुंतल | |
| 12. | सीमेन्ट की चादर/टीन शेड की चादर | वर्ग मीटर/नग | |
| 13. | लकड़ी के दरवाजे/कामर्शियल/टिम्बर/प्लाई | प्रति नग/वर्ग मी. | |
| 14. | सौलर लाइट नया/मरम्मत उपकरण शौचालय सीट | प्रति नग | |
| 15. | स्ट्रीट लाइट नया/मरम्मत उपकरण/यूरिन सीट | प्रति नग | |
| 16. | बिजली उपकरण/इलेक्ट्रीशियन कार्य सामग्री | प्रति नग | |
| 17. | सेनेट्री सामग्री/ लोहे का फ्रेसिंग तार,ग्राश कटर | प्रति नग/वर्ग मी. | |
| 18. | फोगिंग मशीन/स्प्रे मशीन,सी.सी. बेंच/ डेस्क का बेंच | प्रति नग | |
| 19. | ऑफिस फर्नीचर,कम्प्यूटर प्रिन्टर,इन्वर्टर,बैटरी,सीसी टी.वी.कैमरा,अलमारी,दरी पंखा,डेस्कटॉप,सोलर पैनल, आदि उपयुक्त होने वाली सामग्री। | प्रति नग | |
| 20. | डस्टबिन/इन्सीनेटर/प्लम्बरिंग सामग्री प्लाम्विंग कार्य | प्रति नग | |
| 21. | कूड़ा गाड़ी/ठेली एवं सफाई किट/ ई-रिक्शा | प्रति नग/यूनिट | |
| 22. | सोडियम, हाइड्रोक्लोराइड, ब्लीचिंग पाउडर व अन्य कीटनाशक व संक्रमक रोधक दवाएं | प्रति ली./किलो ग्राम/ प्रति पैकेट | |
| 23. | प्राईमर लोहा, लकड़ी /प्लाई एवं माइका | प्रति ली./वर्ग फुट/मी. | |
| 24. | डिस्टेम्पर, वॉल पुट्टी, पेंट, समोसम आदि | प्रति कि.ग्रा./कु./ली. | |
| 25. | पी.वी.सी. पाइप एवं जी.आई. पाइप समरसेबिल पम्प | प्रति नग/ रनिंग मीटर | |
| 26. | हैण्डपम्प मरम्मत/रीवोर सामग्री | प्रति नग/रनिंग मीटर | |
| 27. | ओपन जिम/खेल मैदान उपकरण/इंसीनरेटर | प्रति नग | |
| 28. | आर.सी.सी. पाइप, ह्यूम पाइप | प्रति नग/रनिंग मीटर | |
| 29. | वाटर स्टोरेज टैंक/वाटर कूलर आर.ओ.सहित | प्रति नग/लीटर | |
| 30. | रनिंग वाटर सप्लाई उपकरण | प्रति नग/रनिंग मी. | |
| 31. | अन्त्येष्टि स्थल/ समूह शेड, भूसा, सिलैज ,हरा चारा | ............... | |
| 32. | ओडीएफ+ से सम्बंधित समस्त कार्य | ............... | |

**नोट:-यदि किसी भी फर्म/सप्लायर/ आपूर्तिकर्ता के लिए कोई भी नया विभागीय नियम प्रचलन में आता है तो संबंधित को उसकी भी कार्रवाई के मानकों को अनिवार्य रूप से पूर्ण करना होगा।**

**( श्रीमती सरोज देवी ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत चक गजरौला**
**विकास खण्ड स्वार ( रामपुर )**

**( सचिव )**
**( श्री मो.फैसल )**
**ग्राम पंचायत चक गजरौला**
**विकास खण्ड स्वार ( रामपुर )**

# पहलगाम आतंकी हमले पर खेल जगत में भी आक्रोश

## पाकिस्तान से खेल संबंध समाप्त करने की मांग

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय खेल जगत ने भी पहलगाम आतंकी हमले पर शोक जताया है। वहीं, भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेटर श्रीवत्स गोस्वामी ने पाकिस्तान के साथ खेल संबंध पूरी तरह समाप्त करने की मांग की है। मंगलवार को हुए इस हमले में 26 लोगों की मौत हुई है जिसमें दो विदेशी नागरिक भी शामिल हैं। यह 2019 में पुलवामा में हुए हमले के बाद घाटी में हुआ सबसे घातक हमला है। पहलगाम शहर से लगभग छह किलोमीटर दूर बैसरन चीड़ के पेड़ों के घने जंगलों और पहाड़ों से घिरा एक विशाल घास का मैदान है तथा देश व दुनिया के पर्यटकों के बीच पसंदीदा स्थान है। भारतीय टीम के पूर्व बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर और विराट कोहली ने भी इस हमले पर दुख जताया और पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी है। सचिन ने लिखा, पीड़ित परिवार अकल्पनीय कष्ट से गुजर रहे होंगे। भारत और दुनिया भर में लोग इस कठिन समय में उनके साथ हैं। हम इस हमले में जान गंवाने वाले लोगों को श्र(ंजलि देते हैं और न्याय की प्रार्थन करते हैं। आईपीएल 2025 में हिस्सा ले रहे दिग्गज भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली ने इंस्टाग्राम पर लिखा, पीड़ित परिवार के प्रति गहरी संवेदना। जिन परिवार के लोगों ने इस कायरतापूर्ण हमले में अपनी जान गंवाई है, उनके लिए प्रार्थना करता हूं और परिवार को इस दुख को सहने की शक्ति मिले ऐसी प्रार्थना करता हूं। इस बीच, पूर्व भारतीय क्रिकेटर श्रीवत्स गोस्वामी ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए पाकिस्तान के साथ सभी प्रकार के खेल संबंध समाप्त करने की मांग कर डाली है। गोस्वामी ने लिखा, इसलिए मैं कहता हूं कि आप पाकिस्तान के साथ क्रिकेट नहीं खेलें। ना सिर्फ अभी, बल्कि कभी नहीं।




## बीसीसीआई ने की पहलगाम आतंकवादी हमले की निदां

**मासूम लोगों की मौत पर क्रिकेट समुदाय को गहरा सदमा लगा है**

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की बुधवार को निंदा की। बीसीसीआई के मानद सचिव देवजीत सैकिया ने आज यहां जारी एक बयान में इस तरह के कायराना आतंकवादी हमले की निंदा करते हुए पीड़तों के शोक संतप्त परिवारों के प्रति हार्दिक संवे. दना व्यक्त की। श्री सैकिया ने कहा कि कल पहलगाम में हुए नरसंहार आतंकवादी हमले में मासूम लोगों की दुखद मौत से क्रिकेट समुदाय को गहरा सदमा और दुख पहुंचा है। बीसीसीआई सचिव ने कहा कि बीसीसीआई की ओर से मैं इस जघन्य और कायराना कृत्य की कड़े शब्दों में निंदा करता हूं तथा शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूं तथा दिवंगत आत्माओं के लिए प्रार्थना करता हूं। उन्होंने कहा कि उनका दर्द और दुख साझा करते हुए, हम त्रासदी की इस घड़ी में पीड़ति परिवारों के साथ खड़े हैं। उल्लेखनीय है कि पहलगाम में कल आतंकवादी हमले में 28 पर्यटकों की मौत हो गयी थी।

## भारत इस कायरतापूर्ण कृत्य का जवाब देगा: गौतम गंभीर

- **सचिन तेंदुलकर, विराट कोहली, सुरैश रैना और वीरेंद्र सहवाग आदि क्रिकेटरों ने पहलगाम आतंकी हमले पर दुःख जताया**



**नई दिल्ली, वार्ता।** खेल जगत के लोगों ने पहलगाम आतंकी हमले पर दुख जताते हुए पीड़ित परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर इस घटना से काफी क्रोधित हुए और उन्होंने उम्मीद जताई कि भारत इस कायरतापूर्ण का जवाब देगा। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम शहर के निकट 'मिनी स्विटरलैंड' नाम से मशहूर पर्यटन स्थल पर मंगलवार दोपहर हुए आतंकवादी हमले में 26 लोगों की मौत हो गई, जिनमें ज्यादातर पर्यटक हैं। यह 2019 में पुलवामा में हुए हमले के बाद घाटी में हुआ सबसे घातक हमला है। इस हमले को लेकर जहां देशभर में आक्रोश है तो वहीं खेल जगत के लोगों ने भी अपना रोष जताया है। भारतीय टीम के मुख्य कोच गंभीर ने एक्स पर लिखा, मृतकों के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं। इसके लिए जिम्मेदार लोगों को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। भारत जोरदार पलटवार करेगा। भारतीय टीम के पूर्व आलराउंडर सुरेश रैना ने एक्स पर लिखा, कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले से मन व्यथित है। मैं पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादियों द्वारा किए गए इस कायराना कृत्य की कड़ी निंदा करता हूं। आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत अपनी बहादुर सेना, जम्मू-कश्मीर पुलिस और अर्धसैनिक बलों के साथ एकजुट है। न्याय की जीत होगी। भारतीय टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने लिखा, श्पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों पर हुए निंदनीय आतंकवादी हमले की खबर सुनकर बहुत दुख हुआ। मेरी संवे. दना उन लोगों के साथ है जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है। घायलों के लिए प्रार्थना करता हूं। शिखर धवन ने लिखा, पहलगाम में हुए भयानक आतंकी हमले से मैं बहुत दुखी और स्तब्ध हूं। मेरी संवेदनाएं उन परिवारों के साथ हैं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। न्याय अवश्य मिलेगा।

## केएल राहुल ने आईपीएल में हासिल की बड़ी उपलब्धि

**डेविड वार्नर को पीछे छोड़ा दिल्ली की जीत में चमके**



**लखनऊ, वार्ता।** दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाज केएल राहुल ने लखनऊ सुपर जाएंट्स के खिलाफ मैच के दौरान बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली है। राहुल आईपीएल में सबसे कम पारियों में 5000 रन पूरे करने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने इस मामले में डेविड वार्नर को पीछे छोड़ा। राहुल ने लखनऊ के खिलाफ नाबाद अर्द्धशतकीय पारी खेली और अपनी टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। दिल्ली कैपिटल्स ने केएल राहुल और अभिषेक पोरेल के अर्द्धशतकों से लखनऊ सुपर जाएंट्स को आठ विकेट से हराया। लखनऊ ने इकाना स्टेडियम पर खेले गए मुकाबले में एडेन मार्करम के अर्द्धशतक के दम पर 20 ओवर में छह विकेट पर 159 रन बनाए, जवाब में दिल्ली ने 17.5 ओवर में दो विकेट पर 161 रन बनाकर मैच जीत लिया। दिल्ली के लिए राहुल ने 42 गेंदों पर तीन चौकों और तीन छक्कों की मदद से नाबाद 57 रन बनाए। केएल राहुल ने इसके साथ ही आईपीएल में 5000 रन भी पूरे कर लिए। वह सबसे कम पारियों में ऐसा करने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। राहुल ने 130 पारियों में यह उपलब्धि पूरी की और डेविड वार्नर को पीछे छोड़ दिया। वार्नर ने 135 पारियों में आईपीएल में 5000 रन पूरे किए थे। वार्नर ने 2020 में सनराइजर्स हैदराबाद के लिए खेलते हुए कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ यह उपलब्धि नाम दर्ज की थी। इस सूची में तीसरे स्थान पर विराट कोहली हैं जिन्होंने 157 पारियों में यह उपलब्धि हासिल की थी, जबकि एबी डिविलियर्स 161 और शिखर धवन 168 पारियों के साथ क्रमश: चौथे और पांचवें स्थान पर हैं। राहुल आईपीएल इतिहास में आठवें बल्लेबाज हैं जिन्होंने इस टूर्नामेंट में 5000 रन बनाए हैं।

### खेल विशेष

## पूर्व ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज कीथ स्टैकपोल का निधन

**सिडनी, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज कीथ स्टैकपोल का हृदयघात से निधन हो गया है। वह 84 वर्ष के थे। उन्होंने वर्ष 1966 में इंग्लैंड के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पर्दापण किया। स्टैकपोल ने ऑस्ट्रेलिया के 43 टेस्ट मैच खेले और सात शतक के साथ 2087 रन बनाये। इसके साथ ही उन्होंने लेग स्पिन गेंदबाज के रूप में 15 विकेट भी लिए। उन्होंने केपटाउन में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपना पहला टेस्ट शतक बनाया। उन्होंने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ 207 रन 1970 में गाबा में इंग्लैंड के खिलाफ बनाये। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ 55.21 की औसत से तीन शतक बनाये। इयान चैपल की कप्तान में 1972 की एशेज में उन्होंने 53.88 की औसत से 485 रन बनाकर शीर्ष स्थान हासिल किया। स्टैकपोल ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में कुल मिलाकर 10,100 रन बनाए और 148 विकेट लिए। वे एक प्रमुख टीवी और रेडियो कमेंटेटर भी रहे। उन्हें 1973 में विजडन क्रिकेटर ऑफ द ईयर चुना गया। स्टैकपोल ने 1974 में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था।

## बीसीबी के सुरक्षा अधिकारी इकराम चौधरी का निधन

**सिलहट, वार्ता।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के सुरक्षा अधिकारी इकराम चौधरी की बुधवार को बांग्लादेश और जिम्बाब्वे के बीच पहले टेस्ट मैच के चौथे दिन ड्यूटी के दौरान दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। सिलहट अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम प्रबंधक जॉयदीप दास ने बताया कि आज सुबह दिल का दौरा पड़ने के बाद इकराम को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। जहां उनका निधन हो गया। जॉयदीप ने कहा कि वह स्टेडियम में थे जब उन्हें दिल का दौरा पड़ा और हम उन्हें तुरंत अल हरमैन अस्पताल ले गए। उन्हें पहले सीसीयू और फिर आईसीयू में ले जाया गया। उन्हें जीवन रक्षा प्रणाली पर रखा गया था, लेकिन यह बहुत घातक दिल का दौरा था, इसलिए उन्हें बचाया नहीं जा सका। इकराम ने 2014 से सिलहट इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में बीसीबी के सुरक्षा संपर्क अधिकारी के रूप में सेवा शुरू की थी। बीसीबी ने इकराम के अचानक और असामयिक निधन पर गहरा सदमा और दुख व्यक्त किया है।

## पीसीबी ने दो वर्षों में 7वें कोच के लिए जारी किया विज्ञापन

- **आकिब जावेद चयनकर्ता और कोच के रूप में दोहरी भूमिका निभाने में पूर्ण रूप से विफल रहे**

**लाहौर, वार्ता।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड पिछले दो वर्षों में राष्ट्रीय टीम के लिए प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में छह मुख्य कोचों का परीक्षण करने के बाद सातवें कोच के लिए विज्ञापन जारी किया हैं। पीसीबी ने राष्ट्रीय मुख्य कोच के अलावा इस सप्ताह अपनी वेबसाइट पर निदेशक पद के लिए भी विज्ञापन जारी किया है। पिछले कुछ वर्षों में पाकिस्तान ने शीर्ष स्तर के अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में बहुत बेकार प्रदर्शन किया है। अंतरिम मुख्य कोच आकिब जावेद पिछले छह महीनों के दौरान चयनकर्ता और कोच के रूप में दोहरी जिम्मेदारी निभाने के बाद भी अच्छी भूमिका निभाने में पूर्ण रूप से विफल रहे। जावेद ने इस वर्ष फरवरी-मार्च में आयोजित आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के बाद अपना पद छोड़ दिया था। अब्दुल रहमान (अंतरिम मुख्य कोच), मोहम्मद हफीज (राष्ट्रीय टीम के निदेशक), अजहर महमूद (अंतरिम मुख्य कोच), जेसन गिलेस्पी, गैरी कर्स्टन (वनडे मुख्य कोच) कोचिंग दी है।

## ऋषभ पंत पर भड़के अंबाती रायडू, ऊपरी क्रम में बल्लेबाजी की मांग



**कप्तान ऋषभ पंत की मौजूदा फॉर्म पर उठाए सवाल**

**नई दिल्ली, वार्ता।** पूर्व भारतीय बल्लेबाज और मशहूर कमेंटटेटर अंबाती रायडू ने लखनऊ सुपर जाएंट्स (एलएसजी) के कप्तान ऋषभ पंत के मौजूदा फार्म पर सवाल उठाए हैं।

उन्होंने कहा कि पंत को अपने फैसलों पर नियंत्रण करना चाहिए और ऊपरी क्रम में आने के लिए बहाने बंद करने होंगे। मंगलवार को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुक. ाबले में लखनऊ को आठ विकेट से मुंह की खानी पड़ी थी। इस मैच में स्टार विकेटकीपर बल्लेबाज सातवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए आए थे, जिसकी वजह से अब उन्हें आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है।

## जिम्बाब्वे ने टेस्ट में बांग्लादेश को हराया

**मुजारबानी ने छह विकेट लिए, बेनेट ने 54 रनों की पारी खेली**



**सिलहट, वार्ता।** ब्लेसिंग मुजारबानी (छह विकेट) के बाद ब्रायन बेनेट (54), बेन कर्रन (44) और वेस्ली मधेवेरे (नाबाद 19) रनों की जूझारू पारियों की बदौलत जिम्बाब्वे ने पहले टेस्ट मैच के चौथे दिन बुधवार को बांग्लादेश पर तीन विकेट से ऐतिहासिक जीत दर्ज की। जिम्बाब्वे को चार साल बाद टेस्ट मैच में जीत मिली है और उसने बांग्लादेश को छह साल बाद उसी के घर में हराकर यह ऐतिहासि उपलब्धि हासिल की है। इसी के साथ जिम्बाब्वे ने दो टेस्ट मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली हैं।

174 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी जिम्बाब्वे के लिए ब्रायन बेनेट और बेन कर्रन की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए रिकार्ड (95) रनों की साझेदारी की। मेहदी हसन मिराज ने बेन कर्रन (44) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद तैजुल इस्लाम ने निक वेल्च (10) को पगबाधा आउटकर पवेलियन भेज दिया। शॉन विलियम्स (नौ) को मिराज ने आउट किया। इसके बाद मिराज ने ब्रायन बेनेट (54) को आउटकर मैच में अपनी पकड़ बनाने का प्रयास किया। कप्तान क्रेग एर्विन (10) को तैजुल ने विकेटकीपर जाकेर अली के हाथों कैच आउट कराकर बांग्लादेश को पांचवी सफलता दिलाई। न्याशा मयावो (एक) और वेलिंग्टन मसाकाट्जा (12) को मेहदी हसन मिराज ने बोल्ड आउट किया। लेकिन तब तक पहुंच देर हो चुकी थी। जिम्बाब्वे ने 50-1 ओवर मे सात विकेट पर 174 रन बनाकर मुकाबला तीन विकेट से जीत लिया। वेस्ली मधेवेरे (19) और रिचर्ड एन्गारावा (चार) रन बनाकर नाबाद रहे। बांग्लादेश की ओर से मेहदी हसन मिराज ने पांच और तैजुल इस्लाम ने दो विकेट लिए। इससे पहले आज बांग्लादेश ने कल के चार विकेट पर 194रन से आगे खेलना शुरु किया। सुबह के सत्र की शुरुआत में ही ब्लेसिंग मुजारबानी ने कप्तान नजमुल शान्तो (60) को आउट कर जिम्बाब्वे के लिए अच्छी शुरुआत की। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये मेहदी हसन मिराज (11) को भी मुजारबानी ने अपना शिकार बनाया। जिम्बाब्वे की घातक गेंदबाजी के आगे आज बांग्लादेश ने 61 रन जोड़ कर अपने छह विकेट गवां दिये। रिचर्ड एन्गारावा ने तैजुल इस्लाम (एक) को आउट किया।

## सैनी ने फोगाट को चार करोड़ और प्लाट देने को दी मंजूरी

**चंडीगढ़, वार्ता।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने मंगलवार को प्रदेश की महिला पहलवान और कांग्रेस विधायक विनेश फोगाट को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओर से चार करोड़ रुपये और प्लॉट देने का निर्णय लिया है।श्री सैनी ने विनेश की फाइल पर हस्ताक्षर किए हैं। विनेश फोगाट को हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की तरफ से प्लॉट दिया जाएगा। गौरतलब है कि पेरिस ओलंपिक में विनेश रजत पदक जीतने से चूक गई थी। उस दौरान श्री सैनी ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा था कि विनेश की उपलब्धि को ओलंपिक रजत पदक विजेता के बराबर माना जाएगा।

## हैदराबाद ने मुंबई को दिया 144 रनों का लक्ष्य

- **हेनरिक क्लासेन ने 71 और अभिनव मनोहर ने नाबाद 43 रन की जोड़ी ने जुझारू पारी खेलते हुए छठे विकेट के लिए 99 रनों की साझेदारी की**



**हैदराबाद, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के 41वें मुकाबले में हाइनरिक क्लासन (71) और अभिनव मनोहर (नाबाद 43) की जोड़ी ने बुधवार को जूझारू पारी खेलते हुए छठे विकेट के लिये 99 रनों की साझेदारी कर सनराइजर्स हैदराबाद को संकट से निकालकर मुम्बई इंडियंस के सामने 144 रनों का लक्ष्य रखा। यहां मुम्बई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी सनराइजर्स हैदराबाद की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने एक के बाद एक 13 के स्कोर तक अपने शीर्ष चार विकेट गवां दिये। ट्रेंट बोल्ट ने दूसरे ही ओवर में ट्रैविस हेड को नमन धीर के हाथों कैच आउट कराकर मुम्बई इंडियंस को पहली सफलता दिलाई। अगले ही ओवर में दीपक चाहर ने इशान किशन (एक) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। हैदराबाद का तीसरा विकेट अभिषेक शर्मा (आठ) के रूप में गिरा। चौथा विकेट नीतीश कुमार रेढी (दो) को दीपक चाहर ने आउट किया। इसके बाद हाइनरिक क्लासन और अनिकेत वर्मा ने पारी को संभालने का प्रयास किया। नौवें ओवर में हार्दिक पंड्या ने अनिकेत वर्मा (12) को आउटकर हैदराबाद को पांचवां झटका दिया।

19वें ओवर में जसप्रीत बुमराह ने हाइनरिक क्लासन को आउटकर अभिनव मनोहन के साथ उनकी 99 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी का अंत किया। हाइनरिक क्लासन ने 44 गेंदों में नौ चौके और दो छक्के लगाते हुए (71) रनों की पारी खेली। ट्रेंट बोल्ड ने 20 ओवर में अभिनव मनोहन को भी आउट कर मुम्बई के लिए सातवां विकेट लिया। अभिनव मनोहन ने 37 गेंदों में तीन छक्के और दो चौके लगाते हुए (43) रन बनाये। हैदराबाद ने निर्धारित 20 ओवरों में आठ विकेट पर 143 रनों का स्कोर खड़ा किया। मुम्बई इंडियंस की ओर से ट्रेंट बोल्ट ने चार और दीपक चाहर ने दो विकेट लिए।

## आईपीएल ने भारत में क्रिकेट के प्रति जुनून को दी हवा

**लखनऊ, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) ने क्रिकेट के दीवाने देश भारत में क्रिकेट के प्रति जुनून को हवा दी है और दीवानगी का आलम यह है कि 47 फीसदी भारतीय दर्शक स्टेडियम में जाकर लाइव मैच देखना चाहते हैं जिसके लिए शहर ही नहीं बल्कि अन्य प्रदेश अथवा विदेश यात्रा करने वालों की भी कोई कमी नहीं है। एक रिपोर्ट के अनुसार 50 फीसदी भारतीय क्रिकेट मैच के बाद शहर देखने के लिए अपनी यात्रा 3-4 दिन बढ़ाना चाहते हैं। क्रिकेट देखने के लिए यात्रा की सूची में ऑस्ट्रेलिया और भारत में सबसे ऊपर मुंबई है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि 80 फीसदी भारतीय इस सीजन में आईपीएल मैच लाइव देखना चाहते हैं। लीडिंग ग्लोबल ट्रैवल ऐप स्काईस्कैनर ने मंगलवार को अपनी 'पिच परफेक्ट जर्नीज़' रिपोर्ट जारी की। इस रिपोर्ट के मुताबिक भारतीयों की यात्रा में क्रिकेट की अहम भूमिका रहने वाली है। लगभग आधे भारतीय देश और विदेश की यात्रा स्टेडियम में मैच देखने के लिए करने वाले हैं। रिपोर्ट में सामने आया कि क्रिकेट सिर्फ़ एक खेल नहीं है, बल्कि जीवन जीने का एक तरीका है क्योंकि 98 फीसदी क्रिकेट प्रशंसकों ने कहा कि उन्हें इस खेल से बहुत प्यार है। रिपोर्ट के अनुसार क्रिकेट फैन्स स्थानीय व्यंजनों का आनंद लेने से लेकर पर्यटक और लोकप्रिय स्थलों को देखने तक अपनी छुटी का पूरा मजा लेना चाहते हैं। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) ने इस ट्रेंड में मुख्य योगदान दिया है। 80 फीसदी क्रिकेट फैन्स अपनी पसंदीदा टीमों को सपोर्ट करने के लिए यात्रा करने को उत्साहित हैं। 67 प्रतिशत भारतीय स्टेडियम के अंदर का उत्साह महसूस कर चुके हैं, वहीं 94 प्रतिशत निकट भविष्य इस रोमांच का अनुभव लेने के लिए उत्सुक हैं। 55 प्रतिशत फैन्स स्थान और स्टेडियम के वातावरण को सबसे ज़्यादा महत्व देते हैं, जिसके बाद मैच खेलने वाली टीमों (51 प्रतिशत) का स्थान आता है।

## जवाब देना होगा

मंगलवार को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों का हमला कायरतापूर्ण था। साल 2000 के बाद से यह सबसे बड़ा हमला बताया जा रहा है। इस हमले से भारतीयों ने एक सबक सीखा है कि सभी एकजुट होकर ऐसी घटनाओं का मुकाबला करें और इनकी पुनरावृत्ति न होने दें। इस समय देश में वक्फ बिल को लेकर आक्रोश है। राजनेता अपनी-अपनी पार्टी के समर्थन के लिए गोटी बिछा रहे हैं, लेकिन इस समय सभी को एकजुट होकर ऐसी घटनाओं को माकूल जवाब देना होगा। बीजेपी हो, कांग्रेस हो, सपा हो बसपा हो या अन्य कोई भी दल हो, सभी को आपसी मतभेद भुलाकर एक साथ आना होगा और ऐसी घटनाओं को समाप्त करने के लिए सरकार का साथ देना होगा, ताकि भविष्य में किसी निर्दोष की जान न जाए। इससे पहले भी हमले हुए हैं, लेकिन अभी तक आतंकी अफसरों को निशाना बनाते थे, लेकिन इस बार पर्यटकों पर हमला करके उन्होंने कायरता का परिचय दिया है, जिसको किसी भी हालत में सही नहीं कहा जा सकता। सरकार को भी आंखें खोलनी होंगी और जेसी एयर स्ट्राइक 2019 में की थी, ऐसा ही कुछ नया करने की जरूरत है, ताकि आतंकियों को पालने वाला देश भी जान ले कि भारत क्या चीज है। ज्ञात हो कि 26 फरवरी 2019 को भारतीय वायु सेना के 12 मिराज 2000 जेट्स ने नियंत्रण रेखा पार की और बालाकोट में जैश-ए-मोहम्मद संचालित आतंकवादी शिविर पर हमला किया। इस ऑपरेशन के दौरान लगभग 200 - 300 आतंकवादी मारे गए। इसलिए यह सोचना होगा कि यदि हमारा एक मारा जाएगा, तो हम घर में घुसकर 10 को मारेंगे। इस समय देश की तमाम राजनीतिक पार्टियां और देश के लोग सरकार के साथ हैं, लेकिन सरकार को इनकी भावना समझनी होगी और ऐसी कार्रवाई करनी होगी कि आतंकी ऐसी घटना को अंजाम देने से पहले सौ बार सोचें। यह समय कोई राजनीति का नहीं है। इस हमले में जो पर्यटक मारे गए हैं, उनको न्याय दिलाने का यह समय है। पहलगाम में किसी एक राज्य के पर्यटक नहीं थे, बल्कि देश के विभिन्न राज्यों से पर्यटक घूमने आए थे। जिन्हें नाम पूछकर गोली मार दी गई। ऐसा करके आतंकी क्या संदेश देना चाहते थे। क्या वे किसी और प्रयोजन से भारत में घुसे थे। इन सब बातों के सवाल ढूंढने होंगे। लेकिन यह तो तय है कि इस बार सरकार को कड़ा फैसला लेना होगा, जिससे भारतीय के दिलों के अंदर जल रही आग ठंडी पड़ सके। कश्मीर के भारत में अंतिम रूप से विलय के बाद भी पाकिस्तान की उस पर कुदृष्टि है। युद्ध के जरिए इसे हासिल करने की उसकी हर कोशिश नाकाम रही। पहली बार 1947 में कबाइलियों की आड़ में उसने कश्मीर पर हमला किया। पाकिस्तान को मुंह की खानी पड़ी, लेकिन भारत की आगे बढ़ती सेनाओं को प्रधानमंत्री नेहरू के निर्देश के कारण रुकना पड़ा। कश्मीर का एक हिस्सा जिसे पाक अधिकृत गुलाम कश्मीर कहा जाता है, तभी से पाकिस्तान के कब्जे में है। 1965 में एक बार फिर पाकिस्तान ने युद्ध छेड़ा। फिर पराजित हुआ, लेकिन ताशकंद समझौते के चलते भारत को फिर पीछे हटने पड़ा। 1971 और 1999 के युद्धों में पाकिस्तान को फिर घुटने टेकने पड़े। इस बीच अमन-चैन के पैगाम और वार्ताओं-यात्राओं का सिलसिला चलता रहा, लेकिन पाकिस्तान की बदनीयती बदस्तूर रही।

### पर्यटकों का पलायन दिल दहला देने वाला



पहलगाम में घातक आतंकवादी हमले के बाद घाटी से पर्यटकों का पलायन करते देखना दिल दहला देने वाला है, नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) और नागरिक उड्डयन मंत्रालय अतिरिक्त उड़ानों का आयोजन करने के लिए काम कर रहे हैं, जबकि श्रीनगर और जम्मू के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग-44 को एक ही दिशा में यातायात के लिए फिर से शुरू कर दिया गया है, हम पूरी तरह से समझते हैं कि लोग क्यों जाना चाहते हैं, प्रशासन को श्रीनगर और जम्मू के बीच यातायात को सुगम बनाने का निर्देश दिया है, ताकि पर्यटक वाहन निकल सकें, यह नियंत्रित और व्यवस्थित तरीके से किया जाना चाहिए, क्योंकि सड़क अभी भी कई जगहों पर अस्थिर है और हम सभी फंसे हुए वाहनों को निकालने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं।

**उमर अब्दुल्ला**
**मुख्यमंत्री, जम्मू-कश्मीर**

# क्या है देश में अपमान की परिभाषा...

निर्मल रानी



कांग्रेस नेता व सांसद राहुल गांधी देश विदेश में कहीं भी बोलते हैं तो उनके एक एक शब्द पर सत्ताधारी दल के नेताओं के कान लगे होते हैं। शायद भारतीय जनता पार्टी के नेता प्रधानमंत्री के भाषण को भी इतने ग़ौर से न सुनते हों जितने कि राहुल गांधी व सांसद प्रियंका गोंधी व सोनिया गोंधी के भाषण सुने जाते हों। ज़ाहिर है लगभग 11 वर्ष तक केंद्र में सरकार चलाने के बावजूद चूंकि अभी भी नेहरू गांधी परिवार वर्तमान सत्ता को सीधे तौर पर चुनौती दे रहा है और संसद से लेकर सड़कों तक सत्ता से ऐसे सवाल पूछ रहा जिसका जवाब देने से सत्ता कतराती रहती है। इसीलिए इन्हें नेहरू गांधी परिवार की बातों में ही 'बतंगड़' बनाने की सामग्री तलाशनी होती है। ख़ासकर राहुल गांधी जो बातें अपने देश में भी करते हैं यही बात यदि वे विदेश में जाकर करें तो इन्हें यह सब 'विदेशी धरती पर देश का अपमान करना' नज़र आता है।

वैसे भी राहुल गांधी ने अमेरिका में बोस्टन की ब्राउन यूनिवर्सिटी में जाकर कौन सी ऐसी नई बात कह दी या नया आरोप लगा दिया जो वे यहां संसद से लेकर अपनी जनसभाओं या पत्रकारों के समक्ष नहीं उठाते रहे हैं? वे अनेक बार भारतीय चुनाव आयुक्त और चुनावी प्रक्रिया पर सवाल उठा चुके हैं। वहां भी उन्होंने चुनाव आयोग पर समझौता करने का आरोप लगाया और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में मतदान के आंकड़ों में गड़बड़ी का वही दावा किया जो यहाँ भी कई बार कर चुके हैं। फिर आख़िर वही बात विदेश की धरती पर करने से वे देशद्रोही, ग़द्दार,देश के दुश्मन और न जाने क्या क्या कैसे हो गए? आज के सूचना प्रौद्योगिकी इंटरनेट के दौर में क्या ऐसा संभव है कि कोई घटना या कोई वक्तव्य किसी सीमा तक सीमित रखा जा सके? जब युद्ध के मैदान से सीधी ख़बरें पलक झपकते पूरे विश्व में पहुंच जाती हैं तो मीडिया सम्बोधन में तो वैसे भी विश्व के संवाददाता मौजूद रहते हैं। सब कुछ 'लाईव' चल रहा होता है। फिर यह तो बहुत ही बचकानी सी बात है कि राहुल ने यह बात विदेश में क्यों कह दी? और इसी बहाने सत्ता सुख भोगने वालों ने अपने आक़ा को न केवल अपनी 'आक्रामक सक्रियता' जताने के लिए बल्कि अपने पद व राजनैतिक भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए राहुल गांधी के प्रति तरह तरह के अपशब्द कह डाले।

इस तिलमिलाहट के एक मायने तो यह भी हैं कि यही आरोप राहुल गांधी भारत में ही लगाएं तो कोई बात नहीं, आपत्ति केवल यह है कि उन्होंने यह सब अमेरिका में जाकर क्यों कह दिया? दरअसल राहुल गांधी ने पिछले दिनों अमेरिकी ब्राउन यूनिवर्सिटी में अपने संबोधन में कहा था कि यह बिल्कुल स्पष्ट है कि चुनाव आयोग ने समझौता कर लिया है और सिस्टम में कुछ गड़बड़ है। मैंने यह कई बार कहा है। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महाराष्ट्र में वयस्कों की संख्या से ज्यादा लोगों ने मतदान किया। चुनाव आयोग ने हमें शाम 5:30 बजे तक के मतदान के आंकड़े दिए और शाम 5:30 बजे से 7:30 बजे के बीच 65 लाख मतदाताओं ने मतदान कर दिया? ऐसा होना शारीरिक रूप से असंभव है। एक मतदाता को मतदान करने में लगभग 3 मिनट लगते हैं और अगर आप गणित लगाएं तो इसका मतलब है कि सुबह 2 बजे तक मतदाताओं की लाइनें लगी रहीं। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। जब हमने उनसे वीडियोग्राफ़ी देने के लिए कहा तो उन्होंने न केवल मना कर दिया, बल्कि उन्होंने क़ानून भी बदल दिया ताकि हम वीडियोग्राफ़ी के लिए न कह सकें।



**ज़ाहिर है लगभग 11 वर्ष तक केंद्र में सरकार चलाने के बावजूद चूंकि अभी भी नेहरू गांधी परिवार वर्तमान सत्ता को सीधे तौर पर चुनौती दे रहा है और संसद से लेकर सड़कों तक सत्ता से ऐसे सवाल पूछ रहा जिसका जवाब देने से सत्ता कतराती रहती है, इसलिए इन्हें नेहरू गांधी परिवार की बातों में ही 'बतंगड़' बनाने की सामग्री तलाशनी होती है**

यही सवाल कांग्रेस व विपक्ष द्वारा संसद में मीडिया में और चुनाव आयोग के सामने भी उठाए जा चुके हैं। और विदेशी मीडिया अनेक बार इसकी रिपोर्टिंग भी कर चुका है। अमेरिकी अख़बार पूर्व में जहां भारत जैसे विशाल और जटिल देश में बड़े पैमाने पर स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने की क्षमता ,भारतीय चुनाव आयोग की इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) जैसी तकनीकी प्रगति व मतदाता जागरूकता अभियानों की तारीफ़ कर चुके हैं वहीं इन्हीं अमेरिकी अख़बारों द्वारा 2019 और 2024 के लोकसभा चुनावों के दौरान चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाने वाले लेख भी लिखे जा चुके हैं। द वाशिंगटन पोस्ट और न्यूयॉर्क टाइम्स जैसे प्रमुख अख़बारों द्वारा अपने लेखों में भारतीय चुनाव आयोग पर सत्तारूढ़ दल (विशेष रूप से भारतीय जनता पार्टी) के प्रति कथित पक्षपात के आरोपों का ज़िक्र किया जा चुका है। इसीतरह 2024 के चुनावों के दौरान, अमेरिकी अख़बारों के कुछ लेखों में भारतीय चुनाव आयोग की कार्रवाइयों, जैसे आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायतों पर कथित निष्क्रियता या देरी, और विपक्षी नेताओं के ख़िलाफ़ जांच को लेकर भी सवाल उठाए जा चुके हैं। द गार्जियन और टाइम मैगज़ीन जैसे प्रकाशनों ने भी इन मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जिसे अमेरिका सहित पूरे विश्व में पढ़ा व देखा गया। इन्हीं में ईवीएम की विश्वसनीयता और पारदर्शिता पर भी चर्चा हो चुकी है। यह और बात है कि ऐसे लेख अथवा संपादकीय विदेशी मीडिया में प्रकाशित होने के बाद कुछ सत्ता समर्थक भारतीय विश्लेषकों या सरकारी अधिकारियों, अथवा किसी मंत्री द्वारा ऐसी कवरेज को 'पश्चिमी पक्षपात' या 'माइंड गेम' कह कर अपना पक्ष रख दिया जाता है। ख़ास तौर पर उस समय जबकि इससे भारत की छवि का नकारात्मक रूप से चित्रण होता हो।

लिहाज़ा राहुल पर भड़ास निकालकर अपनी 'वफ़ादारी' का सुबूत देने के बजाए देश के नेता विपक्ष द्वारा उठाए गए सवालों का तार्किक जवाब दिया जाना चाहिए। वे वहां क्यों कह रहे हैं के बजाए यह बताना चाहिये कि उन्हें आख़िर ऐसा क्यों कहना पड़ रहा है? उनके सवालों पर उन्हें घटिया शब्दों से संबोधित करने व उनके ख़िलाफ़ गोदी मीडिया की जुगलबंदी कर राजनैतिक माहौल तैयार करने से बेहतर है कि भारतीय चुनाव आयोग देश को तथा विपक्ष को अपनी बेगुनाही का सुबूत दे और जनता में अपना विश्वास पैदा करे। रहा सवाल देश की छवि बिगाड़ने का तो देश और दुनिया देख रही है कि देश के अपमान की परिभाषा क्या है और देश की छवि कौन और कैसे बिगाड़ रहा है। और कौन देश को कमज़ोर कर रहा है।

# भारत में जलवायु परिवर्तन की गति धीमी है?

स्रोत फीसर्च

हाल ही में भारत के पर्यावरण मंत्रालय और हारवर्ड युनिवर्सिटी द्वारा आयोजित जलवायु सम्मेलन में एक नक्शा दिखाया गया जिसमें पूरी दुनिया लाल रंग में तापमान वृद्धि दिखा रही थी, लेकिन भारत तुलनात्मक रूप से हल्के रंग में था। यानी नक्शा दिखा रहा था कि दुनिया के ज्यादातर हिस्सों में तापमान तेज़ी से बढ़ रहा है, लेकिन भारत अपेक्षा से धीरे-धीरे गर्म हो रहा है। किंतु, हाल के वर्षों के अपने अनुभवों और आंकड़ों को देखें तो भारत में रिकॉर्ड तोड़ गर्मी और लू दर्ज की गई है। फिर भी चार्ट बताता है कि 1901 से अब तक भारत का सालाना औसत तापमान 0.7 डिग्री सेल्सियस बढ़ा है, जो कि वैश्विक औसत से लगभग आधा है। सवाल है कि ऐसा कैसे कि एक तरफ देश में भीषण गर्मी पड़ रही है और दूसरी तरफ दीर्घकालिक तापमान वृद्धि धीमी दिख रही है।

इस विरोधाभास की एक बड़ी वजह वायु प्रदूषण माना जा रहा है। खासकर उत्तर भारत में गंगा का मैदानी इलाका दुनिया के सबसे प्रदूषित क्षेत्रों में से एक है। यहां उद्योगों, गाड़ियों, खाना पकाने, पराली जलाने और धूल के कारण हवा में सूक्ष्म कणों से भरपूर एरोसोल छा जाते हैं। ये सूरज की रोशनी को वापस अंतरिक्ष में परावर्तित कर देते हैं और हवा को ठंडा कर देते हैं। यह प्रदूषण कभी-कभी ग्रीनहाउस गैसों के असर को दबा देता है। लेकिन यह तर्क पूरी तरह मज़बूत नहीं है। सभी एरोसोल ठंडक नहीं पहुंचाते-जैसे काला धुआं (कालिख) गर्मी को सोखता है और वातावरण को गर्म करता है। मुंबई के वैज्ञानिक रघु मूर्तुगुड़े कहते हैं कि भारत में सबसे ज्यादा प्रदूषण सर्दियों में होता है, और सबसे तेज़ तापमान वृद्धि भी उन्हीं महीनों में देखी गई है। इसका मतलब है कि सिर्फ एरोसोल इस पैटर्न की व्याख्या नहीं कर सकता। एक और कारण बदलता पवन चक्र हो सकता है। रघु मूर्तुगुड़े और उनके साथियों ने पाया है कि मध्य एशिया में तेज़ गर्मी के कारण मानसूनी हवाओं की दिशा बदल रही है। अब ये हवाएं थोड़ा उत्तर की ओर खिसक रही हैं, जिससे पाकिस्तान और उत्तर-पश्चिम भारत के सूखे इलाकों में ज्यादा बारिश हो रही है। अब वैज्ञानिक यह समझने की कोशिश कर रहे हैं कि क्या बाकी मौसमों में भी पवन चक्र में ऐसे ही बदलाव भारत में तापमान को अपेक्षाकृत ठंडा बनाए हुए हैं।



एक तीसरी वजह भारत में बड़े पैमाने पर सिंचाई हो सकती है, खासकर उत्तर भारत में। जब खेतों और पौधों से पानी भाप बनकर उड़ता है, तो वह हवा से गर्मी खींचता है, जिससे ठंडक महसूस होती है। ऐसा असर अमेरिका के मिडवेस्ट इलाके में भी अत्यधिक खेती की वजह से देखा गया है। कुछ शोध बताते हैं कि 20वीं सदी में पूरे दक्षिण एशिया में बड़े स्तर पर हुई सिंचाई ने तापमान वृद्धि की रफ्तार को धीमा कर दिया। लेकिन इस पर भी सवाल उठाए गए हैं। कुछ भारतीय वैज्ञानिकों का मानना है कि उपग्रहों से मिले आंकड़े गर्मियों में सिंचाई की मात्रा को बढ़ा-चढ़ाकर दिखाते हैं। गर्मियों में ही सिंचाई सबसे कम होती है, और उसी समय तापमान वृद्धि में कमी सबसे ज्यादा दिखाई देती है। वहीं, इंडियन इंस्टिटयूट ऑफ साइंस के गोविंदसामी बाला का मानना है कि भारत नम-उष्णकटिबंधीय क्षेत्र में स्थित है और यहां का प्राकृतिक मौसम चक्र खुद ही इस धीमी तापमान वृद्धि का कारण हो सकता है। उनके अनुसार, प्रदूषण और सिंचाई का असर स्थानीय स्तर पर हो सकता है, लेकिन पूरे देश के तापमान पर इसका खास असर नहीं पड़ता।

बहरहाल, उपरोक्त संभावित कारकों के अलावा एक और बात ध्यान में रखने की है। इस सम्मेलन का आयोजक स्वयं जलवायु मंत्रालय था, जो जलवायु परिवर्तन और बढ़ते तापमान को थामने के लिए ज़िम्मेदार है। फिर, भारत में आंकड़ों की हालत बहुत अच्छी नहीं है। उपरोक्त सारे आंकड़े उपग्रहों से प्राप्त हुए हैं और इनकी पुष्टि मैदानी आंकड़ों से करना ज़रूरी है। और, आंकड़े वही बयान करते हैं जो उनसे बयान करवाया जाता है। कारण चाहे जो भी हो एक बात साफ है कि इस पर गहराई से अध्ययन और जांच-पड़ताल की ज़रूरत है। अधिक काम ही स्थिति को स्पष्ट कर पाएगा। और एक बात, भारत में औसत तापमान धीरे-धीरे बढ़े या तेज़ी से, लेकिन ग्रीष्म लहरें तो बढ़ रही हैं। 2023 भारत के इतिहास का सबसे गर्म साल रहा, जिसमें भीषण ग्रीष्म लहरों ने 700 से ज्यादा लोगों की जान ली। विशेषज्ञों का मत है कि आगामी सालों में गर्मियां और भी घातक हो सकती हैं। इसलिए बढ़ते तापमान को थामने और बदलती जलवायु को रोकने के प्रयास करने में ही भलाई है।

**1901 से अब तक भारत का सालाना औसत तापमान 0.7 डिग्री सेल्सियस बढ़ा है, जो कि वैश्विक औसत से लगभग आधा है, सवाल है कि ऐसा कैसे कि एक तरफ देश में भीषण गर्मी पड़ रही है और दूसरी तरफ दीर्घकालिक तापमान वृद्धि धीमी दिख रही है**

### भारत की यात्रा पर आए अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने भी

# पहलगाम आतंकी हमले पर संवेदना प्रकट की

अशोक भाटिया



जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले को लेकर भारत की यात्रा पर आए अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने दुख जताया है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट में पीड़ितों के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट की और इस हमले को बेहद दुखद बताया। साथ ही कहा कि हमारी भावनाएं और प्रार्थनाएं यहां के लोगों के साथ हैं। जेडी वेंस चार दिन की भारत यात्रा पर सोमवार को ही भारत पहुंचे थे। उन्होंने एक्स पर कहा कि उषा और मैं भारत के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के पीड़ितों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करते हैं। पिछले कुछ दिनों में हम इस देश और इसके लोगों की खूबसूरती से अभिभूत हो गए हैं। इस भयानक हमले में हमारी भावनाएं और प्रार्थनाएं उनके साथ हैं। यही नहीं जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की चौतरफा निंदा हो रही है। साल 2019 में हुए पुलवामा हमले के बाद कश्मीर घाटी में हुआ सबसे बड़ा हमला है, जिसने एक बार फिर से झकझोर कर रख दिया है। दहशतगर्दों की इस कायराना हरकत ने 30 लोगों की जान ले ली। देश ही नहीं बल्कि दुनियाभर के तमाम देशों ने घटना पर दुख जाहिर करते हुए इसकी निंदा की है।

हम बात कर रहे थे अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि प्रधानमंत्री मोदी और उपराष्ट्रपति वेंस ने द्विपक्षीय सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति की समीक्षा की और उसका सकारात्मक मूल्यांकन किया। बताया जाता है कि जेडी वेंस और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच हुई बातचीत से दोनों देशों के बीच आर्थिक संबंधों में उल्लेखनीय प्रगति दिखी। दूसरा प्रधानमंत्री के सामने एक बैठक में वेंस के पहुंचने की तस्वीरें आज जारी की गईं। यह देखते हुए यह मान लेना सुरक्षित है कि चर्चा बहुत ही चंचल माहौल में हुई थी। संयुक्त राज्य अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में डोनाल्ड ट्रम्प के दूसरे कार्यकाल के बाद से अंतर्राष्ट्रीय कूटनीति ने एक नए आयाम पर ले लिया है। व्हाइट हाउस में ट्रम्प के सबसे करीबी सहयोगी एलोन मस्क के बेटे और बेटी, मेहमानों के सामने खेल रहे हैं, उनके एक दर्जन से अधिक बच्चों में से एक उनके वास्तविक सिर पर बैठा है, दूसरे को अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा तैयार किया जा रहा है, और किसी और को शाही अतिथि के रूप में खेला जा रहा है, और ट्रम्प का पारिवारिक स्तर पर अंतर्राष्ट्रीय कूटनीति लाने का प्रयास राजनीति में पारिवारिक संस्थानों के महत्व को रेखांकित करता है। क्षेत्र में ट्रम्प का अनुभव काफी व्यापक है, और मस्क कम से कम चार ज्ञात परिवारों का अनुयायी है। वेंस बचपन से अपने बच्चों के लिए ट्रम्प-मस्क के कूटनीति के उपयोग का अनुकरण करते हैं। वैसे भी। यह मामला हो सकता है, लेकिन प्रधानमंत्री-उपराष्ट्रपति की यात्रा पर कोई आधिकारिक संयुक्त बयान जारी नहीं किया गया है। हालांकि, दोनों पक्षों ने कहा कि वार्ता 'बहुत सार्थक' रही। अब इस 'फला' की व्याख्या करने की जरूरत है। इस बात का खुलासा खुद वेंस ने जयपुर में अपने भाषण में किया। भारत को अमेरिका से ज्यादा से ज्यादा हथियार मिलें, अमेरिकी उत्पादों के लिए ज्यादा से ज्यादा बाजार मिले, भारत अमेरिकी अनाज से ज्यादा से ज्यादा एथेनॉल खरीदे, भारतीय वाहनों में अमेरिकी एथेनॉल का इस्तेमाल शुरू करे, हमारे एफ-35 विमान भारत की रक्षा में निर्णायक भूमिका निभाएंगे। वेंस की यात्रा के पीछे का आर्थिक विचार परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में अमेरिकी कंपनियों को अधिक आसान पहुंच प्रदान करना है, ताकि भारत भारतीय ऊर्जा सुरक्षा के लिए बड़े पैमाने पर अमेरिकी ईंधन उत्पादों का उपयोग कर सके। उन्होंने कहा कि आने वाली सदी भारत और अमेरिका के बीच होगी और दोनों देशों को 'समान सिद्धांत' पर व्यापार बढ़ाना चाहिए। समाज-सम्मत। मकसद है कि दोनों देशों के बीच जल्द से जल्द ट्रेड डील हो जाए। उपराष्ट्रपति वेंस की भारत यात्रा इसी के अनुरूप थी। वांस ने कहा कि बैठक के दौरान व्यापार समझौते पर अच्छी प्रगति हुई, वित्तमंत्री सीतारमण ने कहा कि अक्टूबर दोनों देशों के बीच पहले समझौते को वास्तविकता में बदलने का समय होगा। ऐसा लगता है कि वेंस की भारत यात्रा में इस मुद्दे पर प्रगति करने में कम से कम चार से पांच महीने लग गए हैं, जिसका अर्थ है कि अगर यह संयुक्त यात्रा के लिए नहीं होती और अपेक्षित प्रगति हुई होती, तो समझौते में और देरी होती।

क्योंकि ट्रम्प के अनुसार, भारत अमेरिकी सामान उतना नहीं खरीदता जितना वह संयुक्त राज्य अमेरिका को बेचता है। ट्रम्प का कहना है कि भारत-अमेरिका व्यापार उनके लिए फायदेमंद है और संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए वरदान है। संयुक्त राज्य अमेरिका जोर देकर कहता है कि भारत को संयुक्त राज्य अमेरिका से अधिक उत्पाद खरीदकर इस व्यापार असंतुलन को दूर करना चाहिए। ट्रम्प ने हाल ही में इस उद्देश्य के लिए भारतीय उत्पादों पर 26 प्रतिशत आयात शुल्क लगाया है। उन्होंने अभी के लिए इस पर 90 दिनों की रोक लगा दी है। अधिस्थगन अवधि के दौरान दोनों देशों के बीच व्यापार समझौतों को फिर से लिखे जाने की उम्मीद है। दूसरे शब्दों में इस अवधि के दौरान भारत के अमेरिकी उत्पादों के प्रवाह को बढ़ाने की जरूरत है। इसे कितना बढ़ाना चाहिए? हाल ही में समाप्त हुए वित्तीय वर्ष में, दोनों देशों के बीच व्यापार घाटा 41 अरब डॉलर रहा, जो पिछले साल 3533 अरब डॉलर और उससे पहले 2768 अरब डॉलर था।



**2019 में हुए पुलवामा हमले के बाद कश्मीर घाटी में हुआ सबसे बड़ा हमला है जिसने एक बार फिर से झकझोर कर रख दिया है**

## बढ़ती उम्र में जवां दिखने के लिए महिलाएं रोजाना करें ये एक्सरसाइज

हर महिला के लिए 30-40 साल की उम्र का समय बेहद महत्वपूर्ण होता है। क्योंकि इस दौरान महिलाओं के शरीर में कई तरह के हार्मोनल बदलाव होते हैं। जो महिलाओं के शारीरिक और मानसिक स्थिति को प्रभावित करते हैं। इन हार्मोनल बदलाव की वजह से 30 से 40 साल की उम्र की महिलाओं को मेटाबॉलिज्म भी धीमा हो जाता है। जिसकी वजह से महिलाओं को पाचन संबंधी समस्या और वजन आदि बढ़ने लगता है। वहीं 30 से 40 साल की उम्र में हेल्दी और फिट रहने के लिए महिलाओं को एक्सरसाइज जरूर करना चाहिए। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको बताने जा रहे हैं कि इस उम्र में महिलाओं को कौन सी एक्सरसाइज करना चाहिए।

### कार्डियो एक्सरसाइज

रोजाना 30 से 40 साल की उम्र वाली महिलाओं को कार्डियो एक्सरसाइज करना चाहिए। क्योंकि इससे आपकी दिल की सेहत में सुधार होता है और वेट कंट्रोल होता है। इसलिए रोजाना 30 मिनट जॉगिंग, वॉकिंग, स्विमिंग या साइकिलिंग जैसी एक्सरसाइज करना चाहिए।

### पिलाटेज

रोजाना 20 से 25 मिनट तक पिलाटेज एक्सरसाइज करने से महिलाओं की कोर स्ट्रेंथ मजबूत होती है और बैलेंस को मेंनटेन करने में सहायता मिलती है। वहीं 30 उम्र के बाद कमर, पीठ और शरीर के दर्द से राहत मिलती है।

### स्ट्रेंथ ट्रेनिंग

स्ट्रेंथ ट्रेनिंग करने से महिलाओं की मांसपेशियां मजबूत होती हैं। इसलिए रोजाना पुशअप्स, स्क्वाट्स और वेट लिफ्टिंग जैसी एक्सरसाइज करना महिलाओं के लिए फायदेमंद होता है।

### हाई-इंटेंसिटी इंटरवल ट्रेनिंग

वहीं 30 साल की उम्र के बाद मेटाबॉलिज्म को स्ट्रांग बनाने और वेट लॉस में हाई-इंटेंसिटी इंटरवल ट्रेनिंग लाभकारी होती है। यह एक्सरसाइज करने से शरीर की एक्स्ट्रा कैलोरी कम करने और फिट रहने में सहायता मिलती है।

### ब्रीदिंग और बैलेंसिंग एक्सरसाइज

बता दें कि सांस संबंधित एक्सरसाइज जैसे डीप ब्रीदिंग और प्राणायाम करने से मानसिक तनाव कम होता है। वहीं रोजाना ब्रीदिंग करने से शरीर को पर्याप्त रूप से ऑक्सीजन मिलता है, जिससे शरीर का विषाद्र पदार्थ बाहर निकालने में सहायता मिलती है। वहीं बैलेंस एक्सरसाइज करने से सही तरीके से चलने और उठने-बैठने में आसानी होती है।




# पहलगाम आतंकी हमले की पूरे विश्व ने की निंदा

## सभी वैश्विक नेताओं ने कहा हम भारत के साथ हैं

**नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र, इजरायल, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, यूरा.ेपीय संघ सहित विश्व के अनेक नेताओं ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की निंदा करते हुए साथ ही मारे गए लोगों के परिवारों के प्रति संवेदना भी व्यक्त की ही है।

इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू, ऑस्ट्रेलिया के प्रधनमंत्राी एंथनी अल्बानीज, भूटान के प्रधानमंत्री शेरिग तोबगे और अन्य शामिल हैं। मंगलवार रात अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर ने आतंकवादी हमले की निंदा की थी। हमले में 28 पर्यटक मारे गए थे। ट्रम्प ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से बात करने और समर्थन व्यक्त करने के लिए उन्हें फोन भी किया था। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के प्रवक्ता द्वारा 22 अप्रैल को जारी बयान में गुटेरेस ने जम्मू-कश्मीर में हुए सशस्त्र हमले की कड़ी निंदा की है। संयुक्त राष्ट्र प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने सवाल का जवाब देते हुए इस बात पर जोर दिया कि महासचिव ने हमले की निंदा की है। मीडिया रिपोर्टों से पता चलता है कि एक बंदूकधरी ने क्षेत्र के दक्षिण में पहलगाम के निकट लोगों के एक समूह पर गोलीबारी की जिसमें 24 से अधिक लोग मारे गए। उन्होंने कहा कि गुटेरेस शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं तथा इस बात पर जोर देते हैं, किसी भी परिस्थिति में नागरिकों पर हमले अस्वीकार्य हैं। ब्रिटिश शासन की समाप्ति के बाद से ही जम्मू-कश्मीर पर भारत और पाकिस्तान के बीच विवाद रहा है। आज हमले की निंदा करने वालों में डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन, यूरोपीय संघ की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेएन, जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज़, गुयाना के राष्ट्रपति इरफ़ान अली, नेपाल के प्रधनमंत्री केपी शर्मा ओली, लंका के प्रधानमंत्री अनुरा कुमारा दिसानायके, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर, सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान समेत कई अन्य लोग शामिल थे। स्टारमर ने एक्स पर कहा कि आज कश्मीर में हुआ भयानक आतंकवादी हमला बेहद विनाशकारी है। मेरी संवे.दनाएं प्रभावित लोगों, उनके प्रियजनों और भारत के लोगों के साथ हैं। नेतन्याहू ने पहलगाम में हुए बर्बर आतंकवादी हमले की निंदा की और कहा कि आतंकवाद के खिलाफ़ लड़ाई में इज़्रायल भारत के साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि मेरे प्रिय मित्र नरेन्द्र मोदी मैं जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए बर्बर आतंकवादी हमले से बहुत दुखी हूं जिसमें दर्जनों निर्दोष लोग मारे गए और घायल हुए। हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ हैं। इज़्रायल आतंकवाद के खिलाफ़ लड़ाई में भारत नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने कहा कि नेपाल भारत के साथ मजबूती से खड़ा है और आतंकवाद के किसी भी और सभी कृत्यों की कड़ी निंदा करता है। उन्होंने कहा कि पहलगाम में आतंकवादी हमले के पीड़ितों के प्रति गहरी संवेदना। नेपाल भारत के साथ मजबूती से खड़ा है और आतंकवाद के किसी भी और सभी कृत्यों की कड़ी निंदा करता है। ओली ने मारे गए लोगों में एक नेपाली नागरिक के होने की खबर का जिक्र करते हुए कहा कि पीड़ितों में एक नेपाली नागरिक की रिपोर्ट की पुष्टि करने के लिए करीबी समन्वय स्थापित किया गया है और सभी आवश्यक सहायता प्रदान की जाएगी। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि भारत में एक जघन्य हमला हुआ है जिसमें सभी क्षेत्राों के अनेक पुरुषों और महिलाओं की जान चली गई है। हम पीड़ितों के परिवारों के गहरे दुख को साझा करते हैं, जिनके प्रति मैं अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करता हूं। जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज़ ने अपने संदेश में कहा, हम पहलगाम में पर्यटकों पर हुए कायरतापूर्ण आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा करते हैं। हमारी संवे.दनाएं पीड़ितों के परिवारों के साथ हैं और हम घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। हमारी हार्दिक संवेदनाएं भारत के लोगों के साथ हैं। गुयाना के राष्ट्रपति इरफ़ान अली ने अपने संदेश में कहा कि यह आतंकवादी हमला चरमपंथ के विनाशकारी प्रभाव की एक दुखद याद दिलाता है और उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि अपराध्यियों को न्याय के कटघरे में लाया जाएगा। उन्होंने कहा कि महामहिम, नरेन्द्र मोदी मैं कश्मीर में हाल ही में हुए आतंकवादी हमले के बारे में जानकर बहुत दुखी हूं जिसमें कई लोग मारे गए और कई अन्य घायल हो गए। हिसा का यह जघन्य कृत्य चरमपंथ के विनाशकारी प्रभाव की एक दुखद याद दिलाता है। उन्होंने कहा कि मैं इस क्रूर हमले की स्पष्ट रूप से निंदा करता हूं जिसका उद्देश्य भय और पीड़ा पैदा करना है। हिंसा कभी समाधन नहीं है यह केवल दर्द और नुकसान के चक्र को बनाए रखती है। हमें शांति और समझ के लिए प्रयास करना चाहिए, ऐसे अत्याचारों से मुक्त भविष्य बनाने के लिए मिलकर काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कृपया इस त्रासदी में अपनी जान गंवाने वालों के परिवारों और प्रियजनों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना व्यक्त करें। इस अविश्वसनीय रूप से कठिन समय में वे मेरे विचारों में हैं। आइए हम सभी हिंसा के ऐसे कृत्यों के खिलाफ एक साथ खड़े हों और शांति और करुणा की संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए खुद को प्रतिबद्ध करें। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि इस भयानक हमले के लिए जिम्मेदार लोगों को न्याय के कटघरे में लाया जाएगा। यूरा.ेपीय संघ की प्रमुख उर्सुला वॉन डेर लेएन ने अपने संदेश में कहा कि यूरोप इस कठिन समय में भारत के साथ खड़ा है।उन्होंने कहा कि पहलगाम में हुए जघन्य आतंकी हमले ने कई मासूम लोगों की जान ले ली। मेरी गहरी संवेदनाएं नरेन्द्र मोदी और आज शोक में डूबे हर भारतीय के साथ हैं। फिर भी मैं जानती हूं कि भारत की भावना अटूट है। आप इस मुश्किल घड़ी में मजबूती से खड़े रहेंगे और यूरोप आपके साथ खड़ा रहेगा। ऑस्ट्रेलिया के प्रधनमंत्राी एंथनी अल्बानीज ने कहा कि आतंकी हमले का कोई औचित्य नहीं है और ऑस्ट्रेलिया इसकी निंदा करता है। उन्होंने कहा कि मैं जम्मू-कश्मीर में रात भर निर्दोष नागरिकों पर हुए भयानक आतंकी हमले से स्तब्ध हूं। इस हिंसा का कोई औचित्य नहीं है और ऑस्ट्रेलिया इसकी निंदा करता है। उन्होंने कहा कि हम घायलों, शोक में डूबे प्रियजनों और इस भयानक खबर से ऑस्ट्रेलिया में प्रभावित हुए हर व्यक्ति के प्रति संवेदना व्यक्त करते हैं। भूटान के प्रधनमंत्री शेरिंग तोबगे ने आतंकवादी हमले की कड़ी निंदा की। तोबगे ने कहा कि कल पहलगाम में हुए भयानक आतंकवादी हमले के पीड़ितों और प्रभावित लोगों के प्रति संवेदना और प्रार्थनाएं। भूटान इस तरह के क्रूर आतंकवादी कृत्यों की कड़ी निंदा करता है और एकजुटता और मित्राता के साथ भारत सरकार और लोगों के साथ मजबूती से खड़ा है। लंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके ने अपने संदेश में कहा कि लंका इस कायरतापूर्ण आतंकवादी हमले की कड़े शब्दों में निंदा करता है और भारत के लोगों के साथ एकजुटता में खड़ा है। उन्होंने कहा कि मैं भारत में हुए कायरतापूर्ण आतंकवादी हमले की कड़े शब्दों में निंदा करता हूं। हमारी संवेदनाएं पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ हैं। लंका हमेशा भारत के लोगों के साथ एकजुटता में खड़ा है। भारत में चीनी राजदूत जू फेइहोंग ने अपने संद.ेश में हमले की निंदा की और कहा कि चीन सभी तरह के आतंकवाद का विरोध करता है। उन्होंने कहा कि पहलगाम में हुए हमले से स्तब्ध हूं और इसकी निंदा करता हूं। पीड़ितों के प्रति गहरी संवेदनाएं और घायलों और शोक संतप्त परिवारों के प्रति गहरी सहानुभूति। सभी तरह के आतंकवाद का विरोध करें। यूक्रेनी दूतावास ने अपने संदेश में कहा कि यूक्रेन जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए हमले से बहुत चिंतित है। हम आतंकवाद के कारण प्रतिदिन जान गंवाते हैं और आतंकवाद के सभी रूपों की कड़ी निंदा करते हैं। जब निर्दोष लोगों की हत्या होती है तो यह असहनीय दर्द होता है। अपराध्यियों को जवाबदेह ठहराया जाना चाहिए।

डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन ने कहा कि उनका देश भारत के साथ खड़ा है और आतंकवाद के सभी कृत्यों की कड़ी निंदा करता है। उन्होंने कहा कि पहलगाम से भयानक खबर। डेनमार्क भारत के साथ खड़ा है और आतंकवाद के सभी कृत्यों की कड़ी निंदा करता है। हमले के पीड़ितों और उनके परिवारों और प्रियजनों के प्रति हमारी संवेदनाएं। नेपाल के विदेश मंत्रालय ने कहा कि नेपाल जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में निर्दोष पर्यटकों पर हुए बर्बर आतंकवादी हमले की स्पष्ट रूप से निंदा करता है। उन्होंने कहा कि हम शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करते हैं और घायलों के शीघ्र और पूर्ण स्वस्थ होने की हार्दिक कामना करते हैं।नेपाल इस दुख की घड़ी में भारत सरकार और लोगों के साथ एकजुटता में खड़ा है। उन्होंने कहा कि हमारे दृढ़ और सैद्धांतिक रुख के अनुरूप, नेपाल आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों की निंदा करता है और मानता है कि आतंकवाद के ऐसे जघन्य कृत्यों को किसी भी आधर पर उचित नही ठहराया जा सकता और न ही ठहराया जाना चाहिए। भारत में मेक्सिको के दूतावास ने भी पहलगाम में जघन्य आतंकवादी हमले की निंदा की। ईरान के विदेश मंत्रालय ने भी आतंकवादी हमले की निंदा की। मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाकई ने इस जघन्य कृत्य को एक गंभीर अपराध बताया जो सभी अंतर्राष्ट्रीय कानूनी और मानवीय मानदंडों का घोर उल्लंघन है। उन्होंने पीड़ितों के परिवारों के प्रति हार्दिक



> डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन, यूरोपीय संघ की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेएन, जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज़, गुयाना के राष्ट्रपति इरफ़ान अली, नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली, लंका के प्रधानमंत्री अनुरा कुमारा दिसानायके, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर, सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान सभी ने आतंकवाद के खात्मे का संकल्प दोहराया।

सहानुभूति व्यक्त की, साथ ही भारत सरकार और लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त की और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। बाकई ने आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों की स्पष्ट रूप से निंदा करने में इस्लामी गणराज्य ईरान की सैद्धांतिक स्थिति को दोहराया। उन्होंने आतंकवाद को रोकने और उसका मुकाबला करने तथा इसके अपराध्यियों और प्रायोजकों के खिलाफ मुकदमा चलाने और उन्हें दंडित करने के लिए क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तरों पर सहयोग और समन्वय को और मजबूत करने की तत्काल आवश्यकता पर भी जोर दिया। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने इसे आतंकवादी हमला बताए बिना कहा: हम अनंतनाग जिले में हुए हमले में पर्यटकों की जान जाने से चितित हैं। हम मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हैं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं। प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने भी आतंकी हमले की निंदा की। सलमान के संदेश को कल जेद्दा में मोदी की द्विपक्षीय वार्ता के बाद संयुक्त बयान में शामिल किया गया।

# ट्रम्प प्रशासन को कोर्ट से तीसरा झटका

## संघीय न्यायाधीश ने वॉइस ऑफ अमेरिका को बंद करने से रोका

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प प्रशासन को कोर्ट से झटका लगा है। एक संघीय न्यायाधीश ने मंगलवार को वायस ऑफ अमेरिका को बंद करने के ट्रम्प प्रशासन के फैसले पर रोक लगा दी। वायस ऑफ अमेरिका 83 साल पुरानी अंतर्राष्ट्रीय समाचार सेवा है, जिसे कांग्रेस ने शुरू किया था। अमे.रिकी जिला न्यायाधीश रायस लैम्बर्थ ने अपने फैसले में कहा कि ट्रम्प प्रशासन ने वायस ऑफ अमेरिका को अवैध रूप से संचालन बंद करने के लिए मजबूर किया।

द्वितीय विश्व युद्ध के समय से वीओए की स्थापना के बाद यह पहली बार हुआ है। वीओए के कर्मचारियों और ठेकेदारों के वकीलों ने न्यायाधीश से अनुरोध किया कि राष्ट्रपति ट्रम्प द्वारा फंड में कटौती करने से पहले जैसी स्थिति थी, उसे फिर से बहाल किया जाए ताकि वो फिर से प्रसारण कर सके। न्यायाधीश लैम्बर्थ ने वकीलों की इस मांग पर सहमति जताई। उन्होंने ट्रम्प प्रशासन को आदेश दिया कि वीओए और अमेरिकी एजेंसी फार ग्लोबल मीडिया द्वारा संचालित दो स्वतंत्र प्रसारण नेटवर्क- रेडियो फ्री एशिया और मिडिल ईस्ट ब्राडकास्टिंग नेटवर्क को फिर बहाल किया जाए, जब तक कि इस मुकदमे का निपटारा नहीं हो जाता। हालांकि, न्यायाधीश ने दो अन्य स्वतंत्र नेटवर्क- रेडियो फ्री यूरोप/रेडियो लिबर्टी और ओपन टेक्नोलाजी फंड की ऐसी ही अपील को खारिज कर दिया। वायस ऑफ अमेरिका को बंद करने के मामले को लेकर 26 मार्च को अदालत में याचिका दायर की गई थी। वादी के वकीलों ने कहा था कि वीओए के लगभग 1,300 कर्मचारियों को प्रशासनिक अवकाश पर भेज दिया गया है, जबकि 500 ठेकेदारों को



बताया गया कि मार्च के अंत में उनके अनुबंध खत्म कर दिए जाएंगे। राष्ट्रपति ट्रम्प ने 14 मार्च को एक कार्यकारी आदेश जारी किया। इसके तुरंत बाद वायस ऑफ अमेरिका बंद हो गया। इसके अलावा, एजेंसी फार ग्लोबल मीडिया और छह अन्य सरकारी संस्थाओं को दिए जाने वाले फंड में कटौती की गई। ट्रम्प के कार्यकारी आदेश ने एसोसिएटेड प्रेस सहित समाचार एजेंसियों के साथ वीओए के अनुबंधों को भी खत्म कर दिया। बता दें कि वायस ऑफ अमे.रिका द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से ही सत्तावादी देशों में समाचार प्रसारित करता रहा है, जहां स्वतंत्र प्रेस नहीं है। इसकी शुरुआत नाजी प्रचार का जवाब देने के लिए हुई थी। वीओए ने साम्यवाद के प्रसार को रोकने के लिए अमेरिकी सरकार के शीत युद्ध के प्रयासों में एक प्रमुख भूमिका निभाई थी। ट्रम्प और उनके रिपब्लिकन सहयोगियों ने आरोप लगाया है कि वीओए वामपंथी पूर्वाग्रह रखता है। यह अपने दर्शकों को अमेरिकी समर्थक मूल्यों को नहीं दिखाता। वहीं, वादी के वकीलों का कहना है कि वीओए समाचारों को सत्यतापूर्वक, निष्पक्ष और वस्तुनिष्ठता से प्रसारित करता है। यह दुनिया भर में उन लोगों के लिए जरूरी हैं, जिनके पास स्वतंत्र खबरों का कोई दूसरा स्रोत नहीं है।

## पाकिस्तान में पोलियो रोधी टीम पर हमला, दो सुरक्षाकर्मियों की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत में पोलियो टीकाकरण दल पर हुए हमले में दो सुरक्षाकर्मियों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बुध्वार को यह जानकारी दी। पुलिस अध्किारियों के अनुसार, प्रांत के मस्तुंग जिले में पोलियो टीकाकरण दल पर कुछ अज्ञात हथियारबंद लोगों ने हमला किया। पुलिस ने बताया कि जब हमला हुआ, उस समय दल बच्चों को पोलियो की दवा देने के लिए घर-घर जाकर टीकाकरण अभियान चला रहा था।

हमले के बाद सुरक्षा बलों ने इलाके की घेराबंदी कर दी और संदिग्धों को पकड़ने के लिए तलाशी अभियान शुरू कर दिया। शिन्हुआ से बातचीत के दौरान बलूचिस्तान सरकार के प्रवक्ता शाहिद रिंद ने हमले की पुष्टि की। प्रवक्ता ने कहा, यह एक दुखद घटना है। हमें दो सुरक्षाकर्मियों की हत्या की रिपोर्ट मिली है। हमले के सभी पहलुओं की गहन जांच की जा रही है।

प्रांतीय सरकार पोलियो उन्मूलन अभियान को विफल करने के किसी भी प्रयास की अनुमति नहीं देगी। उन्होंने कहा, पूरे प्रांत में पोलियो टीमों की सुरक्षा को और मजबूत किया जा रहा है। पाकिस्तान में वर्तमान में सात दिवसीय राष्ट्रव्यापी पोलियो टीकाकरण अभियान चल रहा है, जिसका लक्ष्य पांच वर्ष से कम आयु के लाखों बच्चों को टीका लगाना है।

# हूती विद्रोहियों ने इज़रायल के कई शहरों पर दागी मिसाइलें

**तेल अवीव।** यमन के हूती विद्रोहियों ने बुधवार को इजरायल पर मिसाइल हमला किया। यह हमला ऐसे समय हुआ है, जब अमेरिका द्वारा लगातार हूती विद्रोहियों को निशाना बनाया जा रहा है। हूतियों के हमलों के चलते इजरायल के हाइफा, क्रयोट और अन्य इलाकों में सायरन बज उठे, जिससे लोगों में दहशत फैल गई और लोग सुरक्षित स्थानों पर पहुंच गए। इजरायली सेना का कहना है कि हमले में किसी नुकसान की खबर नहीं है और संभवत: मिसाइलों को हवा में ही तबाह कर दिया गया। हूतियों ने अभी तक हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। अमेरिका द्वारा हूतियों पर बीती 15 मार्च से ही हमले किए जा रहे हैं। इसके बावजूद हूती अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे। अमेरिकी सेना की सेंट्रल कमांड ने भी अभी तक इजरायल पर हूतियों के हमले को लेकर कोई जानकारी साझा नहीं की है। हूतियों द्वारा इजरायल के गाजा पर हमले के विरोध में लाल सागर इलाके में अतंर्राष्ट्रीय व्यापारिक जहाजों को निशाना बनाया रहा है। इसी के चलते अमेरिका ने हूतियों के खिलाफ आपरेशन चलाया हुआ है, जिसमें कई बार यमन में हूतियों के ठिकानों पर अमेरिका ने हवाई हमले किए। हूतियों को ईरान का समर्थन प्राप्त है।




## अमेरिका टैरिफ पर चीन के साथ समझौता करेगा: ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि उन्हें उम्मीद है कि वाशिंगटन और बीजिंग टैरिफ समझौते पर पहुंचेंगे। ट्रम्प ने मंगलवार को संवाददाताओं से कहा, चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ मेरे संबंध बहुत अच्छे हैं यह लंबे समय से बहुत अच्छे रहे हैं। हमारे बीच बहुत अच्छे संबंध रहे हैं और मुझे लगता है कि हम चीन के साथ समझौता करेंगे। अगर हम समझौता नहीं करते हैं, तो हम इसे तय करेंगे। हम बस संख्या तय करेंगे। ट्रम्प ने 2 अप्रैल को चीन सहित अन्य देशों से आयात पर पारस्परिक टैरिफ शुरू करने वाले एक कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए। अमेरिका में चीनी निर्यातकों के लिए शुल्क अब 145 प्रतिशत तक पहुंच गया है।







